e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 72
बुधवार
13.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप किसी कार्य को करने का दृढ़ निश्चय कर लें, तो फिर आपको कोई रोक नहीं सकता।

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**

अफ्तार (13.03.2024) 05 : 59 बजे

सेहरी (14.03.2024) 04 : 37 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### अरब सागर में 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली** : गुजरात पुलिस का ड्रग्स तस्करों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन सफल हुआ है. अरब सागर में पोरबंदर से आगे ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एटीएस, गुजरात पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और तटरक्षक बल ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए तकरीबन 480 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए हैं.जानकारी के मुताबिक 11 मार्च की रात एक गुप्त सूचना पर संयुक्त अभियान में समुद्र में पाकिस्तानी नाव पकड़ी गई, जिसमें करीब 480 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद हुए. ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छा समन्वय देखने को मिला. एजेंसी ने 6 चालक दल को भी हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच चल रही है.

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देवघर से बासुकीनाथ रोड को दी मंजूरी

**रांची** : केंद्रीय पथ परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय ने झारखंड के 292.65 करोड़ की सड़क परियोजना की मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत नेशनल हाईवे 114 ए में टावर चौक से बासुकीनाथ सेक्शन सड़क को एचएएस मोड़ पर फोरलेन किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि यह सड़क परियोजना देवघर और बासुकीनाथ पर्यटन क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा और इसके बनने से आवागमन काफी आसान होगा। अभी यह रोड दो लेन है। श्रावणी मेला में इस रोड में काफी भीड़ हो जाता है। ऐसे में इसके चौड़ीकरण की आवश्यकता थी, जिसे बदलकर फोरलेन किया जाएगा। इसके बनने से पूरे क्षेत्र का आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की दूसरी सूची

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी कर दी गई। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इस सूची में 10 सामान्य, 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी और एक मुस्लिम उम्मीदवार हैं। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे।

### भारतीय स्टेट बैंक ने इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी डिटेल चुनाव आयोग को सौंपा

**नई दिल्ली** : भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी डिटेल चुनाव आयोग को सौंपी है। सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को सोमवार को फटकार लगाते हुए चुनावी बॉन्ड संबंधी जानकारी देने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसके साथ ही शीर्ष कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्बह्व 12 मार्च को कामकाजी घंटे खत्म होने तक इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को सौंपे। कोर्ट के इस आदेश के मुताबिक, एसबीआई ने मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे तक इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा चुनाव आयोग को सौंपा है।

### केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने देश भर में लॉन्च की कीर्ति स्कीम

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में भारत शीर्ष स्थान पर रहे इसके लिए प्रतिभा खोज बहुत जरूरी थी। इसी मकसद से खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट इंडेंटिफिकेशन (कीर्ति) स्कीम को शुरू किया गया है। इसे लेकर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस स्कीम को शुरू करने का मकसद यही है कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर तलाश कर उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# कर्मचारियों का 4 प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को प्रतिमाह मिलेगा भत्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान करते हुए राज्य सरकार के कर्मियों का महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2024 से बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की गई. चार प्रतिशत की वृद्धि होने के बाद अब राज्य सरकार के कर्मियों को 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा. महंगाई भत्ता की बढ़ी हुई दर से सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को भी मिलेगी. इसके अलावा सरकार ने लंबे समय से आंदोलन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को संतुष्ट करने की कोशिश की है. इसके तहत ग्राम स्तर पर खोले जा रहे हेल्प डेस्क में इन्हें संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए रखा जाएगा. इसके लिए 2500 रुपया प्रतिमाह प्रति स्वयंसेवक को भुगतान किया जाएगा. कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट में लि गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के प्राइमरी स्कूलों में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति का फैसला लिया गया है जिसके तहत प्रति घंटे 200 रुपया और अधिकतम प्रतिदिन 600 रुपया का भुगतान किया जाएगा. इन शिक्षकों का कार्य अवधि प्रतिमाह 25 दिनों का होगा.



**चार प्रतिशत की वृद्धि होने के बाद अब राज्य सरकार के कर्मियों को 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा.**

**कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले**

* राज्य के बीपीएल श्रेणी के तीर्थयात्रा कराने संबंधी योजना में झारखंड के 11 तीर्थ स्थल और देशभर में 30 स्थलों को जोड़ा गया.
* झारखंड भवन नई दिल्ली के निर्माण के लिए पुर्नरीक्षित राशि की स्वीकृति.
* मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गिरीडीह, चतरा में पथ निर्माण की स्वीकृति.
* सरकारी गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के वर्ग 1 से 8 में पढने वाले विद्यार्थियों के मूल्यांकन की स्वीकृति दी गई.
* परिवहन भत्ता में संशोधन लेवल वन और टू श्रेणी के कर्मियों को मिलेगा लाभ.
* खूंटी सहित 8 नये पॉलिटेक्निक संस्थान का संचालन प्रेझा फॉउडेशन के द्वारा की जाने की स्वीकृति.
* पथ प्रमंडल रांची के डीएवी पुदांग से हेहल तक 4 लेन सड़क के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति.
* सरकारी सेवकों के आवास किराया भत्ता के अनुमान्य की स्वीकृति.
* पंचम विधानसभा के बजट सत्र के सत्रावसान की स्वीकृति.
* वन क्षेत्र पदाधिकारियों की सेवा अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति. * एक-एक वर्ष विस्तार के साथ अधिकतम तीन साल तक विस्तार होगा.
* सहायक वन संरक्षकों की सेवा अवधि विस्तार की स्वीकृति. एक-एक वर्ष विस्तार के साथ अधिकतम तीन साल तक विस्तार होगा.
* राज्य के प्राइमरी स्कूल में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा की पढाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों से पढाई होगी.
* प्रत्येक घंटी 200 रुपये और अधिकतम 600 रुपये तक प्रतिदिन शिक्षकों को मिलेंगे. अधिकतम कार्यदिवस 25 दिन प्रति माह होगा.
* बंदगांव में डिग्री महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 25 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति.
* राज्य सरकार के कर्मियों को महंगाई भत्ता बढा. 1 जनवरी 2024 से होगा प्रभावी. पेंशनभोगियों को भी मिलेगा लाभ. अब 50 फीसदी मिलेगा महंगाई भत्ता.
* पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक से हेल्पडेस्क में काम लिया जायेगा. ग्राम सभा के अनुशंसा के आधार पर एक साल से कार्य अवधि बढ़ाई जा सकेगी. 2500 रुपया प्रतिमाह मिलेगा भत्ता.

### एसबीआई ने चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड का ब्योरा सौंपा

**नई दिल्ली:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपा। सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुपालन में बैंक ने यह जानकारी मुहैया कराई है। अब आयोग को 15 मार्च तक यह जानकारी सार्वजनिक करनी है। चुनाव आयोग का कहना है कि 15 फरवरी और 11 मार्च (2017 के डब्ल्यूपीसी नंबर 880 के मामले में) के आदेश में शामिल सुप्रीम कोर्ट के एसबीआई के निर्देशों के अनुपालन में चुनावी बांड पर डेटा चुनाव आयोग को आज (12 मार्च) स्टेट बैंक द्वारा प्रदान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी मंगलवार शाम तक चुनाव आयोग को देने के निर्देश दिए थे। पहले एसबीआई ने बांड और राजनीतिक दलों को लिंक करने वाली जानकारी देने के लिए समय मांगा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड किसने खरीदा और किन पार्टियों ने इलेक्टोरल बांड प्राप्त किया इसकी जानकारी वे चुनाव आयोग को सौंप दें। अब आयोग को 15 मार्च तक यह जानकारी सार्वजनिक करनी है कि किस पार्टी को किससे कितना चंदा मिला है। सूत्रों का कहना है कि जानकारी अपरिपक्व स्थिति में है और स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने में समय लग सकता है।

### कैबिनेट की बैठक 16 मार्च को

**रांची** : झारखंड कैबिनेट की बैठक 16 मार्च को बुलाई गई है। प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक के संबंध में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### पीएम ने रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. ट्रेन को रवाना करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित किया और नई ट्रेन के लिए बधाई दी. रांची से खुलने वाली यह तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है.।बता दें कि पूरे देश में मंगलवार को 10 नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गई. जिसमें रांची से बनारस के लिए भी एक ट्रेन की शुरुआत हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद रांची स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों और नेताओं ने ट्रेन को बनारस के लिए रवाना किया. मौके पर मौजूद रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि रांची से आज तीसरी नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हुई है. पूरे देश में 10 नए ट्रेन की शुरुआत हुई. मौके पर मौजूद सांसद संजय सेठ ने कहा कि कुछ दिन पहले जो वादा किया था वो आज पूरा हुआ. आज सिर्फ 10 वंदे भारत की शुरुआत हुई है, उसमें से एक रांची का भी नाम शामिल है. उन्होंने कहा कि देश में बहुत कम राजधानी हैं, जहां से तीन-तीन वंदे भारत ट्रेन चल रही है.उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद वो कोशिश करेंगे कि रांची से पूरी के बीच चौथे वंदे भारत की शुरुआत हो सके. वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद रहे. उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भारतीय रेलवे की सुविधा सर्वोत्तम होगी. वहीं उन्होंने कहा कि आज से कुछ वर्ष पहले तक स्टेशन गंदे हुआ करते थे लेकिन आज वही स्टेशन सुंदर और खूबसूरत दिख रहे हैं.राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड के ट्रेन रूट को जल्द ही कंप्लीट इलेक्ट्रिफिकेशन कर और बेहतर किया जा रहा है. आज जिस तरह से भारत सरकार झारखंड को ट्रेन की सौगात दे रही है, वो निश्चित रूप से राजधानी के लोगों को राहत पहुंचाएगी.

**पूरे देश में 10 नए ट्रेन की शुरुआत हुई. मौके पर मौजूद सांसद संजय सेठ ने कहा कि कुछ दिन पहले जो वादा किया था वो आज पूरा हुआ. आज सिर्फ 10 वंदे भारत की शुरुआत हुई है, उसमें से एक रांची का भी नाम शामिल है. उन्होंने कहा कि देश में बहुत कम राजधानी हैं, जहां से तीन-तीन वंदे भारत ट्रेन चल रही है.उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद वो कोशिश करेंगे कि रांची से पूरी के बीच चौथे वंदे भारत की शुरुआत हो सके.**

## के. श्रीनिवासन बने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कई आईएएस अफसरों का तबादला हुआ है. 2005 बैच के के. श्रीनिवासन को ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया है. उनके पास ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव और श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा. वहीं 2008 बैच के चंद्रशेखर को ग्रामीण विकास विभाग से तबादला करते हुए नगर विकास विभाग का सचिव बना दिया गया है. इनके पास जेयूआईडीसीओ और जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार रहेगा. 2011 बैच के अंजनी कुमार मिश्रा को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी आयुक्त बनाया गया है. इससे पहले वह राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव थे. वहीं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार को उत्पाद आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. 2010 बैच के आईएएस बाल किशुन मुंडा को दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त पद से हटाकर पलामू प्रमंडल का प्रभारी आयुक्त बनाया गया है. पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत 2014 बैच के फैज अक अहमद मुमताज को निदेशक, बागवानी के पद पर पदस्थापित किया गया है. इनके पास राज्य कृषि विपणन पर्षद के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार रहेगा. झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन को खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. पिछले दिनों जितेंद्र कुमार सिंह को खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था. वेटिंग फॉर पोस्टिंग में चल रहे हिमांशु मोहन को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है. इसके अलावा इनके पास खान एवं भूतत्व विभाग के संयुक्त सचिव, तेजस्विनी परियोजना के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी का भी अतिरिक्त पदभार रहेगा.

## नायब सैनी बने हरियाणा के नए सीएम

**कैबिनेट में खट्टर और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के तीन मंत्रियों समेत 14 मंत्री शामिल थे। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।**



**एजेंसी**

**चंडीगढ़** : हरियाणा में नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के नए मुख्यमंत्री की शपथ ले ली है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नायब सैनी के साथ किसी डिप्टी सीएम ने शपथ नहीं ली है। नायब कैबिनेट में कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जय प्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले मनोहर लाल खट्टर और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों ने मंगलवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बाद में सर्वसम्मति से बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया। सैनी ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। सैनी को खट्टर का करीबी माना जाता है। लोकसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के गठबंधन में दरारें उभरने की अटकलों के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। कैबिनेट में खट्टर और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के तीन मंत्रियों समेत 14 मंत्री शामिल थे। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि इस समुदाय का वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है। सैनी ने प्रदेश संगठन में कई पदों पर जिम्मेदारी संभाली है। वह भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

## विधायक अंबा प्रसाद के सरकारी आवास समेत 17 जगहों पर ईडी ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार के अहले सुबह ईडी की टीम ने झारखंड में 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है. कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के रांची, हजारीबाग और रामगढ़ स्थित ठिकानों पर छापेमारी की सूचना है. ईडी की टीम कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के रांची के धुर्वा स्थित आवास पर मंगलवार सुबह ही पहुंची, विधायक के सरकारी आवास में कागजात खंगाले गए. जानकारी के अनुसार अंबा प्रसाद भी आवास में ही मौजूद थी. दूसरी तरफ सीओ शशिभूषण के रांची, धनबाद और हजारीबाग स्थित ठिकानों पर एक साथ रेड की सूचना है. रांची के हवाई नगर रोड स्थित आवास पर भी रेड की गई. झारखंड में एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की है. बताया जा रहा है कि जमीन में घपला, अवैध कब्जा और ट्रांसफर पोस्टिंग जैसे मामलों को लेकर ईडी यह रेड कर रही है.कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के धुर्वा स्थित आवास और कई अन्य ठिकानों पर एक साथ रेड की गई. बता दें कि अंबा प्रसाद कांग्रेस से विधायक हैं, उनके पिता भी बड़कागांव से विधायक रहे और हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री भी रहे. वहीं उनकी मां निर्मला देवी भी 2014 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव से चुनाव जीतीं थीं. माता-पिता की सीट से 2019 में अंबा प्रसाद ने विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाया था. जनता का उन्हें समर्थन मिला और वो विधानसभा पहुंच गई.

### सीएए के ख़िलाफ़ असम में कई संगठनों का विरोध-प्रदर्शन शुरू

**एजेंसी**

**गुवाहाटी** : अधिसूचना जारी होने के बाद असम में सीएए कानून के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं. इस क़ानून के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान से आए प्रताड़ित शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी. लेकिन इस कानून में मुसलमान शरणार्थियों को नागरिकता नहीं देने का प्रावधान है. समाजिक कार्यकर्ता, नेता और समाज के एक तबके का कहना है कि ये क़ानून खुले तौर पर मुसलमानों के साथ भेदभाव करता है जो संविधान की आत्मा के विपरीत है.

साल 1979 में अवैध अप्रवासियों की पहचान करने और उन्हें डिपोर्ट किए जाने की मांग लेकर छह साल तक आंदोलन चलाने वाले ऑल असम स्टूडेंट यूनियन यानी एएएसयू ने कहा कि वह अदालत के अंदर और बाहर इस कानून के ख़िलाफ़ लड़ेगा.एएएसयू और 30 ग़ैर-राजनीतिक दल ने इस क़ानून की कॉपियां जलायी और राज्य में कई जगह इसे लेकर प्रदर्शन किए गए.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

**संक्षिप्त खबरें**

### नौरंग चौक में प्रांजल बर्तन व ज्वेलरी प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के नवरंग चौक रेलवे स्टेशन स्थित प्रांजल बर्तन एवं ज्वेलरी प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह लोकसभा के उम्मीदवार पंकज तिवारी ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। मौके पर प्रतिष्ठान के मालिक अरुण सोनी, युवा व्यवसाय नरेश कुमार अग्रवाल, विवेक सोनी, जितेंद्र कुमार, बीजू पासवान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सांसद वीडी राम ने किया पंजरी कला एवं लालगढ़ में एलएचएस का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू जिला अंतर्गत पंजरी कला एवं लालगढ़ में एलएचएस निर्माण कार्य का आज सांसद पलामू विष्णु दयाल राम एवं विधायक विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी में संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। दोनों स्थानों पर निर्माण हेतु 12 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में सांसद के द्वारा वर्ष 2014 से ही लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत मामले को उठाया गया। मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर निर्माण की मांग किया गया था। मौके पर सांसद ने कहा कि उक्त दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण का जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण होने से वहां की जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। विधायक विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगातार देश को विकसित बनाया जा रहा है। सांसद ने इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अनुज कुमार पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समिति सदस्यों ने प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य तेंदूई स्वाति सिंह सरैया दिनेश पासवान मधुबाना जनेश्वर रजवार दलपतपुर ममता देवी बभंडी संतोषी देवी पिपरा फूलकली देवी ने पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव के खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पिपरा को आवेदन देकर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव जल्द से जल्द पारित करने का मांग किया है. समिति सदस्यों ने आरोप लगाया है कि प्रमुख के द्वारा पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कभी भी कार्यकरनी समिति की बैठक समय से नहीं बुलाई गई तथा उनके द्वारा कार्य मनमाने ढंग से किया जाता है जिससे हम सभी सदस्य संतुष्ट नहीं हैं. योजनाओं का चयन चुनिंदा पंचायत में ही किया जाता है. बताते चले की पिपरा प्रखंड क्षेत्र में सात पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुए हैं. जिसमें से 6 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित करने का मांग किया है।

## जिला पार्षद राजू मेहता ने वंदे भारत ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वंदे भारत ट्रेन का रूट बदले जाने पर नाराज़गी पलामू के जनप्रतिनिधियों में भी देखी जा रही है, पलामू वासी ये बात सुन काफी खुश थे कि वंदे भारत रांची से पलामू जिला के केडालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला रेलवे स्टेशन होकर वाराणसी जाएगी, लेकिन पानी फिर गया वंदे भारत का रूट बदल कर कोडरमा, गया के रास्ते कर दिया गया, हुसैनाबाद उत्तरी जिप सदस्य राजू कुमार मेहता ने एक्स पर ट्वीट कर पलामू सांसद बीडी राम, पीएम नरेंद्र मोदी, अश्वनी वैष्णव को ट्वीट कर पलामू के रास्ते चलाने का मांग किया है, उन्होंने कहा है कि सबसे अधिक कोयला ढुलाई करने वाले रेल लाइन को नहीं मिला वंदे भारत ट्रेन नहीं मिला जो पलामू वासियों के काफी नाराजगी हैं पलामू और गढ़वा के लोगो को वंदे भारत एक्सप्रेस पर सफर करना एक सपना ही रह गया, पहले वंदे भारत एक्सप्रेस को डालटनगंज, गढ़वा, जपला होकर चलाने की सूचना थी लेकिन दोबारा वंदे भारत का रूट बदल दिया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान कांस्टेबल की पिटाई, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के दंगवार ओपी में पदस्थापित कांस्टेबल कयामुद्दीन अंसारी ने हुसैनाबाद थाना को लिखित आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना अंतर्गत सिद्धनाथ नगर निवासी छोटू सिंह समेत अज्ञात 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन में कहा है की आरक्षी अधीक्षक के निर्देश के आलोक में ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव ने अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच का निर्देश दिया था। पालन करते हुए वाहनों की जांच के दौरान टाटा की नेकसान कार को हाथ दिया गया। कार रुकी तो देखा कि गाड़ी को छोटू सिंह चला रहा था और बगल की सीट पर एक व्यक्ति बैठा था। जब चेक करने की बात कही गई तो बोला की गाड़ी का डिक्की नहीं खुलेगा बात करते ही वह कार लेकर भागने लगा। बाइक से नवाडीह के रास्ते जपला तक पीछा करने पर नहीं मिला। आरक्षी 1661 पप्पू कुमार और मो कयामुद्दीन अंसारी दंगवार ओपी लौट रहे थे। इसी दौरान आरक्षी पप्पू कुमार को छोटू सिंह व अन्य दस लोगों ने घेर लिया। उन्होंने पप्पू कुमार के वर्दी का कलर पकड़ कर मार पीट व गाली गलौज करने लगे। जब दोनो आरक्षी हुसैनाबाद थाना को बुलाने की बात कही तो सभी भाग निकले। हुसैनाबाद पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने आरक्षी मो कयामुद्दीन अंसारी के आवेदन पर छोटू सिंह समेत दस अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं।

## विधायक ने दस ग्रामीण सड़कों का किया ऑनलाइन शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार कर दिया गया है। बची हुई सड़कों को भी जल्द दुरुस्त करा दिया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ के हैदरनगर प्रखंड मोड़ से प्रखंड कार्यालय मुख्यनहर खरगडा परता होते कबरा कला तक पथ के निर्माण कार्य के शिलान्यास के मौके पर ऑनलाइन संबोधन में कही। हैदरनगर के अलावा हुसैनाबाद में मालवारिया मुख्य नहर पीच रोड से काजी बिगहा शेखपुरा खडीहा होते हुए कुडुआ रोड तक पथ का भी शिलान्यास किया गया। इस मौके पर ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के लोगों को रमजान के साथ साथ होली की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके 2005 के कार्यकाल में सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। दस वर्षों तक उन सड़को के रख रखाव भी किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं कराया। पुनः सभी सड़को का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अधिकांश ग्रामीण सड़कें ठीक हो गई हैं। बची हुई सड़कों पर भी काम किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सड़कें विकास का पैमाना होती हैं। हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में 2019 के बाद सभी सड़को पुल पुलिया के साथ अन्य कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात की नहीं विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि दो दिनों के दौरान दस ग्रामीण सड़कों पर कार्य शुरू कराया गया है। मौके पर जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हंसराज सिंह आदि उपस्थित थे।

# गरीबों के जीवन में खुशियां बिखेरना ही मेरा इबादत है समाजसेवी शौकत खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** इबादत और सभी गुनाहों से तौबा करने का महीना माहे रमज़ान का शुभारंभ मंगलवार से हो चुका है। इस ख़ास महिने में अल्लाह ने हर एक नेकी के बदले सत्तर नेकी अदा करता हैं। तो हम सब भला पिछे क्यों रहे। इसी सोच को लेकर अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने प्रत्येक वर्ष कि तरह गरीबों के लिए भी ख़ास इंतजाम किया है। वे लोगों से अपील कर रहे हैं कि गढ़वा जिले में आपके आस पड़ोस में अगर कोई ऐसा परिवार दिखें जो रोज़ा रखता हों और उसके घरों खाने पीने कि चिजों के साथ अन्य किसी भी जरूरत की जरूरत हो। तो ऐसे परिवार कि सुचना कोई भी व्यक्ति मुझे देने की कृपा करें। वैसे सभी लोगो के लिए सारे समान की व्यवस्था शौकत ख़ान करेंगे। ऐसे जरुरतमंद लोगों को गढ़वा कचहरी रोड़ स्थित हमारे अनेक निःशुल्क बैंक में भी भेज सकते हैं। बताते चलें कि शौकत ख़ान गरीबों के लिए पिछले दस सालों से प्रतिदिन सेवा दे रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मो के त्योहारों में गरीब,असहाय, जरुरतमंद लोगों को के बीच दिल खोलकर खर्च करते हैं, और उनकी ज़रुरत कि चिजें उपलब्ध कराकर मानवता की रक्षा करने में लगे रहते है। उन्होंने गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक खोलकर अब तक दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर चुके हैं।उनका सेवा कार्य के लिए झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष कुमार तिवारी जी के नाम समर्पित हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईज़र के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की.इस दौरान उन्होंने 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का निबंधन, एएसडी वोटर वेरिफिकेशन,सीनियर सिटीजन वेरिफिकेशन, ईपी जेंडर रेश्यो वेरिफिकेशन आदि की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एएसडी( अब्सेंट, शिफ्टेड या डेड) वोटरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये साथ ही आवश्यकतानुसार फॉर्म 7 भरकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये.उन्होंने तीनों श्रेणी के वोटरों का अलग-अलग सूची बनाने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं की सूची अलग होगी वहीं शिफ्टेड वोटर अर्थात जो मूल रुप से कहीं के वोटर हैं,लेकिन शादी के बाद ससुराल में रह रहें हैं, या नौकरी व अन्य कारणों से बाहर रह रहे हैं और वो अपना नाम वर्तमान पते पर मतदाता सूची में निबंधन कर चुके हैं उनका नाम इस सूची में रहेगा.इसी तरह अब्सेंट वोटर वे हैं जो पढ़ाई या अन्य कारणों से लगातार बाहर रह रहें हैं.शादी ब्याह या अन्य खास अवसरों पर आते हैं.उस वोटर की आने की संभावना बनी रहती है। इन तीनों श्रेणियों को बेहतर ढंग से समीक्षा करते हुए सब सूची को आचार संहिता लगने से पूर्व अद्यतन रखने के निर्देश दिये.उन्होंने बैठक में मौजूद सभी को वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया साथ ही सभी को अन्य दूसरों लोगों को भी एप इंस्टॉल करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। **ब्लॉकवार एएसडी वोटरों की समीक्षा की :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने सभी ब्लॉक की समीक्षा करते हुए एएसडी वोटरों की सूची को दुरुस्त करने के निर्देश दिये.उन्होंने एसएसआर के दौरान भी इन श्रेणियों के वोटर की समीक्षा की.इसके अलावे उन्होंने सभी को चुनाव के पूर्व होने वाले सभी प्रशिक्षणों में भाग लेने व प्रशिक्षणों में बताये जाने वाले बातों को अपने अंदर आत्मसात करने पर बल दिया.मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी,जिला आपुर्ति पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में दादी गुलजार की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में दादी गुलजार की तृतीय पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। स्मृति दिवस पर राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने बताया कि पहले दादी पूरे विश्व के ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका थी। उनका जन्म एक जुलाई 1929 में सिंध के हैदराबाद में शोभा के रूप में हुआ था। 1936 ई. में वह ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी और देखते ही देखते भगवान की रथ बन गई। उन्होंने बताया कि गुलजार दादी का जीवन कितना पाक साफ था कि महज 8 वर्ष की उम्र में ही उन्हें दिव्यलोक का साक्षात्कार होने लगा। 96 वर्ष की उम्र में वह शिव की पार्वती बनकर तैयार हो गई। उन्हें परमात्मा का विशेष वरदान प्राप्त था। दादी जी का जीवन अंकों के लिए प्रेरणा श्रोत बनी। स्मृति दिवस के मौके पर मुख्य रूप से बीके कृष्णा, बीके मनोज भगत, बीके धीरज, आनंद किशोर, कुसुम माता, राजेंद्र दास, आनंद किशोर, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र के नागरिकों की समस्या से अवगत हुए उपायुक्त

➲जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

➲लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** 12 मार्च 2024 को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। मंगलवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन के लिए अब छात्र खुद कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निशुल्क एडमिशन के लिये जिला शिक्षा विभाग की ओर से rtepalamu.in नामक पोर्टल का उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को शुभारंभ किया.इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक समाहर्ता रवि कुमार मौजूद रहे.इसके बाद समाहरणालय के सभागार में पोर्टल को कैसे संचालित करना है विषयक पर कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें निजी स्कूलों से आए प्रतिनिधियों, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों,बीआरपी,सीआरपी,समेत अन्य ने भाग लिया.कार्यशाला में पोर्टल के माध्यम से बच्चों का एडमिशन कैसे लेना है, पोर्टल पर स्कूल की ओर से क्या-क्या किया जाना है,टेक्निकली पोर्टल को कैसे हैंडल करना है संबंधित पूरी जानकारी दी गयी.ज्ञातब्य है कि आरटीई के तहत कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की प्रवेश कक्षाओं में एडमिशन हेतु 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान है.इसी को पारदर्शी तरीके से लागू करने को लेकर उपायुक्त ने पिछली बैठकों में संबंधितों को निर्देशित किया था। **आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों का पारदर्शी तरीके से निजी स्कूलों में एडमिशन लेना होगा आसान : उपायुक्त :** कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस पोर्टल के जरिये आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों का पारदर्शी तरीके से निजी स्कूलों में एडमिशन लेना होगा आसान हो जायेगा साथ ही बच्चे खुद भी अपने स्तर से पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं.उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के अस्तित्व में आजाने से स्कूलों से संपर्क करने के बजाय, अब अभिभावक ऑनलाइन सीटों की उपलब्धता की जांच कर आवेदन कर सकते हैं।

**बालुमाथ प्रखंड के चेताग पंचायत में हुआ शिव चर्चा का आयोजन**

# शिव के जैसा दूसरा कोई गुरु हो नहीं सकता : भाई धनंजय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बालुमाथ प्रखंड अंतर्गत चेताग पंचायत में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे शिव शिष्य परिवार के पीठाधीश्वर भाई धनंजय ने शिव भक्ति की अविरल धारा को प्रवाहित किया। उन्होंने कहा कि शिव की शिष्यता समाज के अंतिम व्यक्ति को अध्यात्म के मार्ग पर ले चलने का साहस रखती है। जो थक गए थे, जो धर्म के दुनिया से छुट गए थे, जो मान बैठे थे कि धर्म हम गरीबों का नहीं है। उनमें भी शिव की शिष्य ता महासफर का आगाज कर दिया। एक अभियान से भर दिया। आईए शिव को अपना गुरु बना कर समाज के अंतिम दबे कुचले व्यक्ति में जागरण पैदा करें। शिव आपके भी गुरु हो सकतें हैं। जिसने जाना, उसने चाहा। वे अपने आप से एक आग्रह करें। महेश्वर शिव मेरे गुरु हो जायें। जिसने महेश्वर शिव को अपना गुरु बनाया। वही भवसागर को पार कर पाएगा। शिव के जैसा कोई गुरु नहीं हो सकता है, शिव के जैसा कोई मित्र नहीं हो सकता है। भाई धनंजय ने कहा कि जिसने भी शिव को अपना गुरु बनाया उसका जीवन धन्य हो गया। जीवन को अगर खुशहाल बनाना है, जीवन को अगर सुखी बनाना है तो शिव को हर हाल में अपना गुरु बनाना होगा। उन्होंने कहा कि शिव को मात्र अपना गुरु बना लेने से ही व्यक्ति भवसागर को पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस ब्रह्मांड में शिव के समान कोई नहीं है। शिव है तो संसार है। शिव है तो जगत है। सारे संसार के पालनहार शिव है। इसलिए शिव से अलग होकर कोई नहीं रह सकता है। भाई धनंजय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से शिव को अपना गुरु मानने की मार्मिक अपील की। इस मौके पर शिव शिष्य परिवार के सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने चार कालीकरण पथ निर्माण का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड में चार कालीकरण पथ निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर तथा नारियल तोड़कर किया। जिसमें कुपा मुख्य पथ से चंद्रे टोला तक पथ निर्माण का शिलान्यास, अरंगी मुख्य पथ से बैत्रा गांव तक पथ निर्माण का शिलान्यास, सिसरी बनखेता गांव से अंधरी टोला तक पथ निर्माण का शिलान्यास तथा अमरोरा मुख्य पद से चिनियाही गांव तक कालीकरण पथ निर्माण का शिलान्यास किया । शिलान्यास कार्य का 2.23 करोड़ की लागत से कुपा मुख्य पद से चंद्रे टोला तक कालीकरण पथ का शिलान्यास किया। इसके बाद एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां में सभा रखा गया। जहा छात्राओं के स्वागत गीत से विधायक का स्वागत किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा विधायक को बुके एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा 51 किलो माला से भव्य स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम सदैव जनता के हित में कार्य करते हैं जनता के लिए जीते हैं और जनता के लिए मरते हैं। इसलिए मेरा लक्ष्य केवल विकास है। आज जो हम सड़क का शिलान्यास किया इसमें आज से ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उनके कार्यो से प्रभावित होकर दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के दामन थामने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर शामिल हुए। मौके पर प्रभारी दयानंद भगत, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र दास, भाजपा नेता आनंद चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन राम, विनोद सिंह, पप्पू विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, मनोज कुमार चौधरी, विद्यालय प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी एवं सभी छात्र-छात्राएं एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्य का कुशल संचालन खरौंधी प्रखंड मंडल महामंत्री इग्नाशुशबाडा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शॉर्ट सर्किट से तीन दुकानों में लगी आग, जलकर राख

**रांची** : नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बाजार चौक स्थित हुनमान मंदिर के समीप दुकान में मंगलवार अहले सुबह करीब तीन बजे आग लग गयी। बताया जाता है कि तीन गुमटी नुमा दुकानों में आग लगी। दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। अगलगी में पूनम देवी की पूजा के सामान और कपड़ा धुलाई की दुकान, शंकर रजक की फल और पूजा के सामान की दुकान और सतेंद्र यादव की पान और जनरल स्टोर की दुकान शामिल हैं। शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। बताया जा रहा कि एक दुकान में आग लगने के बाद आग ने दो अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड के वाहन वहां पहुंचा और आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि तीन गुमटियों में आग लगी थी। शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पति-पत्नी हत्या मामले में दो संदिग्ध हिरासत में

**रांची** : पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में हुई पति-पत्नी की गोली मारकर हुई हत्या मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि 21 फ़रवरी को देर शाम अज्ञात अपराधियों ने बिरसा उरांव और उसकी पत्नी सोनी मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।



# यूट्यूब देखकर सीखा गाड़ी चुराने का तरीका, तीन चोर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने वाहन चोरी एवं अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को एंटी क्राइम चेकिंग चलने का निर्देश दिया था। अपराध कर्मियों का पता लगाने का भी निर्देश जारी किया था । इसी क्रम में 11 मार्च को डेली मार्केट थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी उत्तम उपाध्याय के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया । वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन ने बताया कि इसी दौरान तीन संदिग्ध मोटरसाइकिल चालकों को पूछताछ के लिए पुलिस ने उसे रोका और उसे कागजात मांगे लेकिन किसी ने कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया , सभी से पूछताछ करने में पता चला कि यह लोग मोटरसाइकिल चोरी कर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने का काम भी करते हैं । पूछताछ के कर्म में 6 मोटरसाइकिल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । उनके पास से 6 मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है । गिरफ्तार युवक में सूरज कुमार जो गया बिहार के रहने वाला है और रांची मारवाड़ी कॉलेज का छात्र है। सूरज ने हीं यूट्यूब पर देख कर कैसे बिना चाबी लगाए मोटरसाइकिल स्टार्ट किया जा सकता है इसी तकनीक से उन्होंने मोटरसाइकिल चोरी की और इसके साथ में कौशलेंद्र जो नालंदा बिहार का रहने वाला है और रामगढ़ का रहने वाला तौफिक आलम इसमें शामिल है। इस अभियान में डेली मार्केट थाना प्रभारी उत्तम कुमार उपाध्याय , छोटू कुमार, नवीन शर्मा, प्रवीन कुमार आदि शामिल थे । वहीं इन लोगों के पास से बुलेट ,होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल, डोमिनार मोटरसाइकिल ,पल्सर मोटरसाइकिल और लॉक तोड़ने का सामान फर्जी नंबर प्लेट बरामद किया गया है। इस अभियान में डेली मार्केट थाना प्रभारी उत्तम कुमार उपाध्याय पुलिस अवर निरीक्षक कैलाश कुमार मंडल, छोटू कुमार , नवीन शर्मा,प्रवीण कुमार ,राम पति दास आदि शामिल थे।

### चुटिया पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दो मोटरसाइकिल चोरों को किया गिरफ्तार

रांची। 24 घंटे के अंदर चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर ने न सिर्फ मोटरसाइकिल बरामद किया, बल्कि मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि चुटिया थाना प्रभारी की सूचना मिली थी की मोटरसाइकिल की चोरी हुई है। मामला दर्ज करते हुए अभियान चलाया और 24 घंटे के अंदर मोटरसाइकिल चोर बिट्टू कुमार जो चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिका पुरी का रहने वाला , वहीं आदित्य शर्मा वह भी द्ववारिकापुरी रोड नंबर 3 का रहने वाला है को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है, इसके पास से मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है।




### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 67वां सम्मेलन सिडनी में होगा : रविंद्र नाथ महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित हुई है। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष झारखंड विधानसभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखण्ड शाखा रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। सी पी ए के सदस्य डॉक्टर सबा अहमद के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया । अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की आगामी सम्मेलन के संबंध में बैठक में जानकारी दी कि 04 नवंबर से 08 नवंबर 2024 तक सीपीएफ का 67वाँ सम्मेलन सम्मेलन सिडनी, न्यू साउथवेल्स ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगी । प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा जावेद हैदर बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 126 है।

## साक्षात्कार के लिए विषय का ज्ञान होना जरूरी : डॉ. खाटुवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची आईक्यूएसी और संत जेवियर्स यूनिवर्सिटी कोलकाता के द्वारा 'साक्षात्कार तकनीक' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एस.जे. ने स्वागत भाषण से किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर उपस्थित संत जेवियर्स यूनिवर्सिटी कोलकाता के मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. डॉ. सितान्शु खाटुवा ने साक्षात्कार तकनीक की गुर को समझाया और विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी साक्षात्कार से पहले विषय की पूर्णता ज्ञान होना चाहिए। अपनी शतियों और कमजोरियों को जानते हुए अपनी बातों को तर्कसंगत तरीके से साक्षात्कार में रखना चाहिए। कार्यशाला में उपस्थित दुसरे वक्ता प्रो. प्रियन्कुर बोस ने भी छात्रों को साक्षात्कार सम्बंधित अहम् जानकारियाँ प्रदान की। कार्यक्रम का सञ्चालन प्रो. एकता आर्या ने किया। कार्यक्रम में डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स वोकेशनल और मैनेजमेंट स्टडीज के विभागाध्यक्ष प्रो. गौतम रुद्रा, बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजित डे, प्रो. निधि आर्या, प्रो. डॉ. कौशिक दत्ता, प्रो. डॉ. शकील अनवर, प्रो. दीपेन्द्र कुमार, प्रो. राकेश दीक्षित, प्रो. हुसैन अहमद, प्रो. फेबियन टेटे और प्रो. मनीषा तिर्की ने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रान्तीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की, उन्हें बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिसकर्मियों के लंबित वर्दी भत्ता, राशन भत्ता, वाहन भत्ता एवं अन्य भत्तों के संबंध में मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा किया गया। उपरोक्त सभी भत्ते विगत पाँच-छः वर्षो से लंबित चले आ रहे हैं। एसोसिएशन स्तर से प्राधिकार / सरकार के समक्ष हमेशा माँग रखी जा रही है। चर्चा उपरान्त मुख्यमंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया कि पुलिसकर्मियों के लंबित उक्त भत्तों को जल्द पूरा किया जायेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रान्तीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के साथ उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय, महामंत्री मो महताब आलम एवं संयुक्त सचिव रंजन कुमार, प्रक्षेत्रीय मंत्री धर्मेन्द्र कु सिंह एवं विशेष आमंत्रित सदस्य भीम सिंह शामिल हुए।

### परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर छात्र आजसू ने किया रांची विश्वविद्यालय का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला एवम मारवाड़ी कॉलेज अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा का घेराव कर उन्हें छात्र-छात्राओं से संबंधित परेशानियों से अवगत कराया।अभिषेक शुक्ला ने कहा की हीमारवाड़ी महाविद्यालय सेमेस्टर 4 का परीक्षाफल प्रकाशित हुआ है जिसमें महाविद्यालय के एक भी छात्र-छात्राएं पास नहीं है सभी को प्रमोट किया गया है यह कहीं ना कहीं महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के कार्यशाली पर सवाल खड़ा करता है।अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय में अमानत की परीक्षा हुए 7 माह से ऊपर का समय बीत गया के परंतु अमानत का रिजल्ट अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया।वहीं मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने कहा की मारवाड़ी कॉलेज की ऑटोनॉमी कंटिन्यू हुई है ना कि समाप्त होने के बाद दोबारा मिला है इसलिए महाविद्यालय प्रशासन परीक्षा परीक्षा संचालन एवं परीक्षा फल का प्रकाशन का काम स्वयं देखें। आगे छात्र आजसू के सदस्यों ने कहा की 7 दिनों के अंदर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र-छात्राओं के रिजल्ट को सुधार कर पुन प्रकाशित नहीं किया गया एवं मारवाड़ी महाविद्यालय को परीक्षा एवं परीक्षा फल प्रकाशित करने की अनुमति नहीं दी गई तो अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू मारवाड़ी महाविद्यालय में तालाबंदी करने के लिए बाध्य होगी।

## राष्ट्रपति ने झारखंड की सत्ताधारी पार्टी को नहीं दिया समय : विनोद पांडे

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए समय की मांग की गई थी, इस मुलाकात में गठबंधन के सांसद, मंत्री और विधायक शामिल होते। 4 मार्च को पत्र भेजा गया था, लेकिन पत्र पर जो जवाब आया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है, जवाब में समय का अभाव मुख्य कारण बताया गया है। पांडेय ने बताया कि देश के साथ राज्य के सबसे ज्वलंतशील मुद्दे सरना धर्म कोड की मांग को लेकर मुलाकात के लिए आग्रह किया गया था, एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण के मुद्दे को लेकर बात करनी थी।विधानसभा से पारित सभी विधयकों पर राज्यपाल की टिप्पणी काफी दुर्भाग्य पूर्ण रही है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा गया। लेकिन उसकी भी स्थिति वैसी ही है। गठबंधन से जानेवाले विधेयक के साथ ऐसा ही किया जा रहा है, जिससे सभी विधेयक लंबित है। राष्ट्रपति से एक बार फिर आग्रह करेंगे जिससे राज्य के सबसे सके। पांडेय ने कहा कि हमें लगा था कि हमारे झारखंड राज्य की राज्यपाल रह चुकी हैं और वह इस राज्य की भावना को समझती भी हैं। पूर्व में सरना धर्म कोड विषय से अवगत भी रही हैं, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरना धर्म कोड के मुद्दे को लेकर पत्र के माध्यम से राष्ट्रपति को अवगत कराया था।




## गेल व निगम के बीच कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के निर्माण को लेकर हुआ एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से गेल इंडिया लिमिटेड और रांची नगर निगम के बीच कचड़ा से बायो गैस उत्पादन के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के निर्माण को लेकर एम ओयू साइन किया गया है, जिसके प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। 12.03.2024 को उप प्रशासक रविंद्र कुमार द्वारा झिरी स्थित गेल इंडिया द्वारा निर्मित बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया गया। मौके पर गेल इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि उक्त प्लांट मार्च महीने से शुरु हो जायेगी तथा इसके बेहतर आउटपुट के लिए रांची शहर में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे की आवश्यकता हैं। उप प्रशासक द्वारा कहा कि निगम क्षेत्र में आम लोग घरों/प्रतिष्ठानों से प्रतिदिन गीला सूखा कूड़ा अलग-अलग दिया जा रहा है तथा रांची नगर निगम झिरी में प्रतिदिन 150 मेट्रिक टन गीला कचरा देने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने गेल इंडिया के प्रतिनिधियों को ससमय प्लांट शुरू करने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक, गेल इंडिया के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे। सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा दे और अपने घरों/प्रतिष्ठानों में गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखे।



## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने पदभार संभाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की नव मनोनीत सदस्य डा. आशा लकड़ा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग की सचिव अलका तिवारी ने उन्हें वारंट सौंपा और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद डा. आशा लकड़ा ने सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर आयोग में लंबित मामलों की सूची ए, बी व सी केटेगरी के तहत सूचीबद्ध करें, ताकि प्राथमिकता के तहत सभी मामलों को निष्पादित किया जा सके। इस क्रम में उन्होंने सचिव से यह भी कहा कि झारखंड से संबंधित लंबित मामलों को भी ए, बी व सी केटेगरी में सूचीबद्ध करें, ताकि आवश्यक मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित किया जा सके। कहा, 14 मार्च को पुनः लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर बैठक की जाएगी। इस दौरान डा. आशा लकड़ा ने सचिव से आयोग के क्रियाकलापों व पूर्व में निष्पादित कीर गए मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पद की प्रमुख जिम्मेदारी के साथ देश के संविधान में वर्णित शक्तियों का पालन कर असहाय व शोषितों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी और संबंधित लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहूंगी। इस दौरान डा. आशा लकड़ा ने कार्यालय के कर्मियों से भी मुलाकात की।

# रांची शहर के महत्वपूर्ण इलाकों में धारा 144 लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, राँची, उत्कर्ष कुमार द्वारा दंप्रसं की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा-144 लागू करने का निर्देश दिया गया। यह 12.03.2024 के मध्याह्न 12.00 बजे से 10.05.2024 (60) दिन) या अगले आदेश तक जो पूर्व लागू हो तक रहेगा। प्राप्त सूचनानुसार कतिपय संगठनों / दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली इत्यादि किए जाने की सूचना है। हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह यह कार्यक्रम राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, काँके रोड पर भी हो रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।दं0प्र0सं0 की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत निम्नलिखित जगहों पर निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा जारी है।

**इन क्षेत्रों में लगी 144 :**

मुख्यमंत्री आवास मोराबादी के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में। पुराना मुख्यमंत्री आवास काँके रोड के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।

राजभवन के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में (जाकिर हुसैन पार्क को छोड़ कर)।झारखण्ड उच्च न्यायालय के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।नये विधान सभा के चाहरदीवारी से 500 मीटर की परिधि में।प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में।प्रोजेक्ट भवन, एच.ई.सी. धुर्वा के चाहरदीवारी से 200 मीटर की परिधि में।बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना। सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोडकर)।

किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक मंत्र का व्यवहार करना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।यह आदेश जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी अथवा बल पर लागू नही होगा।




# रांची-लोहरदगा लाइन का शीघ्र होगा दोहरीकरण

### यात्री ट्रेनों की बढ़ेगी संख्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा:** रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन का शीघ्र ही दोहरीकरण किया जाएगा और इस मार्ग से अन्य नई ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा। यह बात दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने लोहरदगा में कही। महाप्रबंधक ने बताया कि रांची-लोहरदगा के बीच पिस्का और लोहरदगा दो अमृत स्टेशन हैं। इनमें यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन दोनों स्टेशनों को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो कि 2024 में पूरी तरह तैयार हो जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि रांची टोरी रेलवे लाइन के दोहरीकरण का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड में भेजा गया है। दोहरीकरण का काम हो जाने से यहां ट्रेनों की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी। महाप्रबंधक ने बताया कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर जो भी कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा और यात्री सुविधाओं में और कैसे बढ़ोतरी हो सकती है इस पर भी विचार किया जाएगा। रांची लोहरदगा मेमू ट्रेन में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल डब्बे बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका आकलन करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। यदि जरूरत महसूस हुई तो निश्चित रूप से मेमू ट्रेन में बोगियां की संख्या बढ़ाई जाएगी। वे यहां कुछ प्रबुद्ध लोगों और व्यापारिक संगठनों के लोगों से मिले और उनकी राय ली। साथ ही जो भी समस्याएं बताई गई उन समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सुना। इस मौके पर रेलवे के डीआरएम सहित कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।



## रांची ने गिरिडीह को 9 विकेट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जमशेदपुर में चल रहे जेएससीए सीनियर विमेंस इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में रांची ने गिरीडीह को 9 विकेट से हरा दिया । गिरीडीह ने पहले बालेबाजी करते हुए 32 ओवरों मे सभी विकेट खोकर 63 रन बनाए। श्रेयांशी ने 14 रन बनाए, प्रीति ने 3 पल्लवी आरती और ईशा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब मे रांची ने 13.3 ओवरों मे 1 विकेट खोकर 64 रन बना लिए। कुमारी मेघा ने 42 रन ,मानसी ने 11 नाबाद रन बनाए ,साक्षी को 1 विकेट मिला। कुमारी मेघा को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। आज रांची का मुकाबला बोकारो से होगा।



## रमजान माह के शुरूआत के साथ ही ईबादत मे कोयलांचल के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको मे माहे रमजान का पवित्र महीने की शुरूआत हो चुकी है। रमजान महीने के शुरुआत के साथ ही कोयलांचल के लोग ईबादत में लगे हुए हैं।मंगलवार को



रमजान महीने का पहला रोजा रखा गया, जिसमे महिला व पुरुष के अलावे बच्चो मे भी रोजा का उत्साह देखा गया।वही सोमवार की शाम रमजान का चांद नजर आने के साथ ही क्षेत्र के सभी मस्जिदों और आवासीय कॉलोनी में नमाजे तरावीह की शुरुआत की गई।जानकारी के अनुसार बचरा जामा मस्जिद,राय जामा मस्जिद,कल्याणपुर,बहेरा और न्यूमंगरदाहा मस्जिद के अलावा बसंत विहार कॉलोनी बाजारटांड़ और बिशुझापा सहित अन्य जगहों पर तरावीह की नमाज शुरू हो गई है।बसंत विहार कॉलोनी में हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा नमाजे तरावीह पढ़ाई जा रही है।जिसमें नमाजियों की काफी भीड़ देखी जा रही है।बंसत विहार मे चल रहे नमाजे तरावीह मे पुर्णाडीह पीओ सकील अख्तर,मगध परियोजना खान प्रबधंक मोहम्मद अकरम,श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी, कांग्रेस चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस, असलम आजाद,आबिद हुसैन,जसमुदीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी,मन्जुर आलम,शाहीद आलम,कलाम अंसारी,नेजाम अंसारी,सफीद अंसारी,साकीरउदीन अंसारी, कूदूस खान,फारूक अंसारी, खुर्शीद अंसारी,जसीक अंसारी,अमजद अली,जमाल खान सहित कई लोग नमाजे तरावीह मे शामिल हुए।वही रमजान के पहले दिन क्षेत्र के बाजारो मे भी काफी भीड़ देखी गई।लोग बाजारों में फल सब्जी आदि सामानों की खरीदारी करते देखे गए। रमजान को लेकर बच्चों में भी काफी गुस्सा देखा जा रहा है और छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी रोजा रखा जा रहा है।

## पिपरवार के बिलारी गांव में हुई ग्रामीणों की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी शिव मंदिर के प्रांगण में बिलारी ग्राम के महिला पुरुष ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता श्रीमती विजयलक्ष्मी और संचालन अमर कुमार एवं पंकज कुमार



दास ने किया।इस बैठक मे गांव के विकास से संबंधित बातो पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही गांव में होने वाले विभिन्न पंचायत स्तर के बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्णय लिया गया।इसके अलावे सरकार दूारा चलाये जा रहे योजनाओ का लाभ गांव के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने और योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने कहा की जानकारी के अभाव में गांव के ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है जिसका लाभ बिचौलिए उठा रहे हैं।गांव में पंचायत स्तर के होने वाले बैठकों में सभी लोगों से शामिल होने और योजनाओं की जानकारी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान गांव में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया,साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान सभी ग्रामीणों को एकजुट रहने का आह्वान किया गया है।इस बैठक में काफी संख्या में गांव की महिला पुरुष मौजूद थे।

## सरना समिति ने मनाया 21 वां पहान सम्मान सह प्रार्थना सभा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना समिति बेड़ो के तत्वाधान में मंगलवार को सरना स्थल मैदान में 21 वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में सामाजिक, पारंपरिक सांस्कृतिक रीति रिवाज



को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की गई। वहीं वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी के समय में धर्म व सांस्कृति बचाने की जरूरत है। वहीं अपनी भाषा को बढ़ावा देते हुए शिक्षा प्राप्त करनी होगी तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। इस दौरान उपस्थित पहनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में 22 गांवों से सरना समाज के लोग गीत गोविंद प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता आशा एक्का व संचालन अनिल उरांव द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, सुकरा उरांव, मदन उरांव, बिरसा उरांव, अजित उरांव, बिरसमनी उरांव मौजूद थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रिंग रोड फोरलेन सहित दो अन्य योजना की आधारशिला रखा

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रामपुर रिंग रोड के पास पथ प्रमंडल, राँची अन्तर्गत दुर्गा सोरेन चौक से रामपुर रिंग रोड फोरलेन डिवाईडर कैरिजवे चौड़ीकरण कार्य (पुलों के निर्माण सहित), जय



प्रभा कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय टाटीसिलवे के पास विधायक मद से शौचालय निर्माण कार्य एवं जिला योजना अनाबद्ध निधि मद अंतर्गत आरा सिधाटोली में विभिन्न गलियों में 2470 फीट पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर रामपुर में प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रखा गया। आगामी लोकसभा चुनाव में कैसे मजबूती से अपने अपने बुतों पर लीड करना है इसकी विस्तृत से चर्चा की गई। बुथ स्तर बीएलओ बनाने की चर्चा की गई। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज तीन महत्वपूर्ण योजनों की शिलान्यास किया गया। रामपुर रिंग रोड से दुर्गा सोरेन चौक जो टाउन को जोड़ती है उसकी फोरलेन होना अति आवश्यकता थी। आये दिन दुर्घटना होते रहता है। फोरलेन बन जाने से कम दुर्घटना होगा। विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य को करने का सख्त हिदायत दी। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, अशोक कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रमेश पाण्डेय, माधो कच्छप, मेरी तिर्की, विजय टोप्पो, अर्चना मिश्रा, सुनील उरांव, मुखिया सरस्वती देवी, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंसस कल्याण लिण्डा, पंसस करण मुण्डा, पंसस गुरुसहाय मुण्डा, मंगरा कच्छप, मदन टोप्पो, राजेश सिंह मुण्डा, लक्ष्मण लकड़ा, कृष्णा गोप, मीनू सिंह, तेलोस्फोर मिंज, किष्टो कुजूर, मंगल मुंडा, खुदिया कच्छप, अरविंद लोहरा, महेश्वर महतो, अंजू लकड़ा, अनु बेक, पंचु तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया।इस छापामारी के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव चातमबाड़ी,केसरडीह,हलमाद, लोटा,डोमनडीह गांव में चल रहे अवैध तरीके से दारु भट्ठी को ध्वस्त किया साथ ही 400 किलो महुआ जावा को नष्ट किया गया। सिल्ली थाना प्रभारी से पुछने पर बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विकास योजनाएं ही प्रखंड की तस्वीर बयां करते हैं : राहुल उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** विकास योजनाएं हैं प्रखंड की तस्वीर बयां करते हैं। इन्हीं योजनाओं के सहारे जहां एक ओर ग्रामीण विकास की गाथाएं लिखी जाती हैं तो दूसरी ओर समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशियों के आसार नजर आते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि विकास योजनाओं की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक जरूर पहुंचे यही हमारा लक्ष्य एवं उद्देश्य है। उक्त बातें प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने मंगलवार को पहले समीक्षात्मक बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने मनरेगा, 15वीं वित, अबुवा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना , कृषि, पशुपालन, सहित अन्य विकास की योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि पंचायत में सभी विभाग



से संबंधित फाइल और पंजी अपडेट रहना अनिवार्य है। अभिलेख और पंजी ही योजनाओं के आधार होते हैं। उन्होंने मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा से संबंधित सभी पणजी एवं अभिलेख के संधारण की जिम्मेदारी पंचायत सचिव का होता है इसलिए यह जरूरी है की सभी पंचायत सचिव इस पर विशेष ध्यान दें। 15 में विश्व से संबंधित उन्होंने कहा कि इस फंड से सार्वजनिक स्थानों में विकास से संबंधित जरूरी और उपयोगी योजनाएं ही ली जाए। साथ ही यह जरूरी है की योजनाएं आम ग्रामीणों की सुविधाओं से जुड़ी हुई हो। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत भवनों में निश्चित रूप से प्रज्ञा केंद्र का संचालन किया जाए। अगर किसी पंचायत का भवन जर्जर स्थिति में हो तो पंचायत में ही प्रज्ञा केंद्र का संचालन होना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को साहूलेते दी जा सके। उन्होंने सभी विभागों के पुरानी एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने और बंद करने की हिदायत दी है। अबवा आवास और प्रधानमंत्री आवास के समीक्षा के कर्म में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कार्य में प्रगति लाया जाए। इसके अलावा उन्होंने समीक्षात्मक बैठक के दौरान विभिन्न विभागों में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी लिए एवं एक सप्ताह के अंदर कार्य में प्रगति लाने की हिदायत दी। इस मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा, कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन, वासुदेव बड़ाइक, भरत सवासी, प्रखंड नाजिर रितेश कुमार, पंचायत सचिव, जनसेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## रांची बनारस वंदे भारत ट्रेन को सांसद संजय सेठ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** रांची बनारस बंदे भारत ट्रेन को मुरी स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर एक से सांसद संजय सेठ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले मुरी स्टेशन पर बंदे भारत ट्रेन के आते ही भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, संजय सेठ जिन्दाबाद के नारे लगाए गए साथ ही सांसद संजय सेठ के मुरी आगमन पर रेलवे अधिकारी एवं भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात बंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद स्टेशन



पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि मोदी मतलब दौड़ता हुआ भारत है ,न डारता है,न रूकता है। मोदी के दिल में झारखंड बसता है। रांची खुशनसीब राजधानी है कि भारत के अन्य राजधानी से एक ज्यादा बंदे भारत रेलगाड़ी मिला है।रांची से पुरी बंदे भारत की एक और मांग है। मोदी का मूल मंत्र नर सेवा नारायण सेवा है। मोदी जैसा शासक और चौकीदार सेवक चाहिए। मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष विनोद साहु ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मौके पर स्टेशन पर रेलवे के अधिकारी अधिकारी,अरुण जोशी, आरपीएफ ओसी रुपेश कुमार,जीआरपी प्रभारी जमादार मुंडा,डॉ रमनेश प्रसाद , प्रमोद कुशवाहा,अमित महतो,रेखा देवी, मधुबाला समेत बीजेपी के कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## झारखंड प्रीमियर लीग का हुआ समापन, बोकारो सुपर किंग्स बना चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के एस्ट्रोटर्फ फुटबॉल स्टेडियम में सोमवार देर शाम झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बोकारो सुपर किंग्स और तेलंगाना टाइटंस के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों की ओर से कई बेहतर मुव बनाए गए लेकिन गोल में परिवर्तित नहीं कर पाए। पेनाल्टी शूट आउट में तेलंगाना टाइटंस को 4-2 से हराकर बोकारो सुपर किंग्स टूर्नामेंट का चैंपियन बना। आयोजन समिति के संरक्षक सह विधायक सुरेश कुमार महतो, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के ईस्टर्न रीजनल हेड सत्यजीत संकृत, देवशरण भगत आदि ने विजेता टीम को ट्राफी एवं 4 लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। गोमिया विधायक



लम्बोदर महतो ने उप विजेता टीम को ट्राफी एवं 3 लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। वहीं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं उप प्रमुख आरती देवी ने सेमीफाइनल के उप विजेता टीम बाबा स्पोटिंग एवं स्टोनेक्स सेवेन को ट्राफी एवं एक एक लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। तेलंगाना टाइटंस के सोमनाथ हांसदा को मेन आफ द मैच, बोकारो सुपर किंग्स के तरुण महतो को बेस्ट गोल कीपर व इसी टीम के विदेशी खिलाड़ी लुईस को मेन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ईचागढ़ के समाजसेवी हरेलाल महतो, जेके इंटरनेशनल स्कूल रांची के निदेशक जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार का वितरण किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड प्रेमियर लीग का उद्देश्य स्थानीय युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक सशक्त मंच देना है। इस लीग में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ियों के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को मैदान में साझा करने और उनसे खेल की बारीकियों से रूबरू होने का सुनहरा अवसर मिला। सिल्ली ही नहीं पूरे राज्य में इस तरह के टूर्नामेंट की आवश्यकता है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्थानीय युवाओं को खेलने का मौका मिले। फुटबॉल के क्षेत्र में यह टूर्नामेंट पूरे राज्य में उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने खेल भावना के तहत बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया है इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उपस्थित तिथियों, सभी रेफरी, ऑफिशल आयोजन समिति के सदस्य एवं दर्शकों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने मैच रेफरी एवं सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## समय अनुकूल जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र निर्गत नही होने से छात्र सरकारी लाभ लेने से वंचित रह जा रहे : एनएसयूआई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा जी ने नाम ज्ञापन दिया । रांची कार्याध्यक्ष अमन अहमद ने बताया की रांची जिला अंतर्गत कुल 18 अंचल/प्रखंड कार्यालय है । लगभग सभी अंचल कार्यालय में रांची जिला के छात्र छात्राओं को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । फॉर्म भरे 15-20 दिन हो जाने के बावजूद भी छात्र छात्राओं का प्रमाण पत्र नही बन पा रहा है ।



छात्र-छात्राएं काफ़ी परेशान हैं । महीनों प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है । बहोत सारे सरकारी एवम गैर सरकारी परीक्षा फार्म एवम नियुक्तियां हो रही है जिसमे प्रमाण पत्र जमा करना अतिआवश्यक है । रांची विश्विद्यालय छात्र संघ पूर्व उपाध्यक्ष मो.हुसैन अंसारी ने कहा की समय अनुकूल प्रमाण पत्र निर्गत नही होने से छात्र सरकारी लाभ लेने से वंचित रह जाते है । जैसे = स्कॉलर शिप फॉर्म, ई-कल्याण चांसलर पोर्टल फॉर्म, झारखंड कंबाइंड परीक्षा फार्म । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रहित में मांग की रांची जिला अंतर्गत सभी अंचल/प्रखंड विकास पदाधिकारी को छात्र - छात्राओं के भविष्य को मध्यनज़र उचित दिशा निर्देश दे ताकि वें अपने प्रखंड कार्यालय के कर्मचारीयों को उचित आदेश दे और अंचल कार्यालय में आए हुए सभी आवेदन का जल्द से जल्द निपटारा हो सके । मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, जिला सचिव सरफराज अहमद, पी.जी विभाग अध्यक्ष कुमुद महतो, अनुज शर्मा, चंदन कुमार आदि छात्रनेता उपस्थित थे ।

## झामुमो द्वारा पंचायत कमेटी को किया गया मजबूत

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डेहकेला पंचायत के कोटला ग्राम में मुखिया ग्लोरिया लुगुन की अध्यक्षता में पंचायत कमिटी पुनर्गठन बुथ कमिटी को मजबूती करने के लिए डेहकेला पंचायत के झामुमो अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा और तोरपा विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी को बुथ स्तर पर मजबूती करने पर चर्चा और विचार किया गया। केंद्रीय सदस्य सह तोरपा विधानसभा पूर्व प्रत्यसी सुदीप गुड़िया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी मूलवासियों दलितों पिछड़ों की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की।हेमन्त सोरेन झारखंड के विकास के लिए केन्द्र सरकार से खनिज संपदा की बकाया राशि जो केन्द्र सरकार के पास है, की मांग की केन्द्र सरकार को ये बर्दास्त नहीं हुआ कि कैसे कोई आदिवासी अपने हक अधिकार की मांग मुखरता से कर सकता है। हेमन्त सोरेन आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में 5 वर्ष पूरा करे ये बर्दाश्त नहीं हुआ यदि पूरा करते तो रिकॉर्ड हो जाता।

विभिन्न प्रकार के षड्यंत्र रच कर हेमन्त सोरेन को ईडी के माध्यम से गिरसार करवाया। यहाँ की जनता बीजेपी के सब हथकंडे को जान गई है अब इन्हें लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में पूंजीपतियों की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो गई है।झारखंड सरकार की उपलब्धि को ग्रामीणों को बताया साथ में सभी आदिवासी, मूलवासियों, दलितों को मदिरा सेवन नहीं करने को कहा। शिक्षा में ध्यान देने को कहा और गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सरकार दे रही है जिसका लाभ आप लोग उठाइये और बच्चों को उच्च शिक्षा दिजीए।

सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं सामाजिक सुरक्षा, रोटी,कपड़ा, खुशाल खेत खलिहान, सबाल किसान, नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार आदि योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। खूंटी जिला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी पार्टी झारखंड के आदिवासी, दलितों, पिछड़ों की हितैसी नहीं है। ये पार्टी फुट डालो और राज करो कि सिद्धान्तों पर चलने वाली पार्टी है।आपलोग सतर्क रहें धर्म की राजनीति में नहीं पड़ना है भाई चारे को बनाये रखने की आवश्यकता है एकता-अखंडता को बरकरार रखना है। प्रखण्ड सहसचिव नमजन होरो ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए हमे हर बुथ पर कर्मठ कार्यकर्ता को जोड़ने की आवश्यकता है। हमे इस बार झामुमो का विधायक जीता कर सदन में भेजना है आप लोग इसकी तैयारी में लग जाइये। ग्लोरिया लुगून ने पंचायत में चल रहे सरकार की सभी योजनाओं को ग्रामीणों को बताते हुए योजनाओं के लाभ लेने को कहा। सभा को सम्बोधित करते हुए लक्षवा लोहरा जयदीप तोपनो, मार्शल होरो,नमजन होरो ने इस बार झामुमो को विजयी होने के लिये एकजुटता का परिचय देने को कहा। सभा का संचालन प्रखंड सहसचिव नमजन होरो ने किया।

## दिउड़ी में अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद ने महिला दिवस मनाया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ के ग्राम दिउड़ी में मंगलवार को सुशीला मुण्डा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद महिला संघ तमाड़ के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



गया,जिसका संचालन यमुना मुण्डा जी ने की ,इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में सांसद प्रतिनिधी लछमण सिंह मुण्डा ,गुजंल ईकीर मुण्डा ने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, संविधानिक अधिकार एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में प्रमुख रूप से अपनी बातो को रखा।इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में निम्नलिखित प्रस्ताव लिया गया।(1)वर्तमान के राज्य सभा चुनाव में भी महिलाओं के सीट को आरक्षित किया जाए (2)महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पैकेज की व्यवस्था किया जाए।(3)पुरे पाचंपरगना क्षेत्र में गांव- गांव में महिला सशक्तिकरण हेतु महिला जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में समाज सेवी सहदेव सिंह मुण्डा, रायमनी मुण्डा, सिमा मुण्डा, कृपा कमल मुण्डा, सिदाम सिंह मुण्डा, कौशल्या मुण्डा, सुदन टूटी, मेघलाल मुण्डा, सुकमनी मुण्डा, पदमा मुण्डा, हिरामनी मुण्डा, शांति मुण्डा, पार्वती मुण्डा, संजना मुण्डा, रामजी मुण्डा, गुरूवारी मुण्डा, एतवारी मुण्डा, राधामनी मुण्डा, सोमवारी मुण्डा, गंगा मुण्डा, मलिका मुण्डा, मगोमती मुण्डा, प्यारी मुण्डा, सुखरूमनी मुण्डा, लक्ष्मण पाहान, रामनाथ पाहान,पूर्ण चंद्र सिंह मुण्डा, महेश मुण्डा, दीपक मुण्डा, शिशुपाल पातर, कृष्ण सिंह मुण्डा, गुरूवा मुण्डा, एतवा मुण्डा, सुरेश मुण्डा, अनिल मुण्डा, परमेश्वर सिंह मुण्डा, आदि बुद्धिजीवियों ने इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित हुए।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सलगाड़ीह में एन एम पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सलगाड़ीह में स्व.नागेश्वर महतो की स्मृति में उनकी पुत्रवधू कुमकुम महतो के निर्देशन में एन एम पब्लिक स्कूल का शुभारंभ हुआ।उद्घाटन समारोह में झारखंड



प्रदेश की पुर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने स्व. नागेश्वर महतो के स्मृति चित्र का माल्यार्पण किया और उन्हें नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात एन एम पब्लिक स्कूल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए हुए मधु कोड़ा ने कहा की समाजसेवी शिक्षक संजय महतो ने कोल्हान क्षेत्र में विधालय में शिक्षक के रूप में अपना योगदान देते हुए काफी लोकप्रिय हुए इनमें ऐसी समाजसेवा की भावना है की खुद के पैसे से लोगों के जरुरतों पर हमेशा खड़ा रहे उनकी सेवा की मदद किया कई गरीब बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने से खर्च किया ऐसे में सलगाड़ीह जैसे गांव में उनकी पत्नी कुमकुम महतो के द्वारा विधालय खोलकर शिक्षा का अलख जगाने का निर्णय अभूतपूर्व है।मौके पर समाजसेवी शिक्षक संजय महतो ने कहा कि उनके पिताजी ने छह बेटे बेटियों को शिक्षा प्रदान कर इस काबिल बनाया की आज सभी विभिन्न विभागों में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं ऐसे में मेरी पत्नी के द्वारा मेरे पिताजी के नाम पर विधालय खोलकर आस-पास के सैकड़ों गांवों के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्णय की मैं सराहना करता हूं।मौके पर जैक सदस्य डॉ राधा रमण साहू,जेएलकेएम के महिला केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा, कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि अजय साहू,क्रांतिकारी नेता दुबराज महतो,समाजसेवी अनुप महतो,आजसू नेता हीरालाल दास,भाजपा नेता चौधरी महतो,सुखलाल मुंडा आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ के चिपीबांधड़ीह में बिरहोर परिवारों के बीच धोती साड़ी का वितरण

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के चिपीबांधडीह में मां शारदा गुरुकुल में पढ़ने वाले साठ विधार्थियों के माता-पिता को धोती साड़ी देकर सम्मानित किया गया । श्रद्धेय रामकृष्ण परमहंस के



जयंती दिवस पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा के कर कमलों द्वारा बिरहोर दम्पति के बीच साड़ी धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में लक्ष्मण सिंह मुंडा एवं सेवानिवृत्त शिक्षक दीनानाथ मुंडा,हरि सिंह मुंडा, गुरुकुल के प्रभारी नन्द किशोर साहु, कृष्ण महतो, राजेंद्र महतो के कर कमलों द्वारा परम श्रद्धेय रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा अगरबत्ती जलाकर किया कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। बिरहोर परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जयन्ती दिवस पर बिरहोर परिवार और उनके गांव के सर्वांगीण विकास के लिए फ्रप्रधानमंत्री जनमन योजना फ्रसहित कई योजनाएं केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं।इन योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचे इसके लिए केन्द्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहल कर रहे हैं, जल्द इसका लाभ आप बिरहोर परिवारों को भी मिलेगा। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई करने के लिए स्कूल जरूर भेजें। विकसित भारत संकल्प अभियान में अपनी भी भूमिका निभाएं। रामकृष्ण मिशन संस्थान द्वारा मां शारदा गुरुकुल स्कूल के माध्यम से बिरहोर बच्चों के शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अच्छा पहल किया है जो सराहनीय है। कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी,पुस्की देवी,एतवा बिरहोर,शुक्रमनी देवी,मनजुड़ा देवी,रवि बिरहोर,गुरुवारी देवी, कपिल बिरहोर, कुन्ती देवी, शंकर बिरहोर, पार्वती देवी,गोमा बिरहोर,मोहन बिरहोर,मंगल बिरहोर, तुकाय बिरहोर, सहित दर्जनों बिरहोर दम्पति परिवार के लोग मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल के प्रभारी नन्द किशोर साहु ने किया।

## विधायक ने किया गार्डवाल का शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ग्राम सपारोम में तालाब के दोनों तरफ 350 फीट गार्डवाल का निर्माण लागत 23,92,600/- रुपये एवं नामकुम प्रखण्ड सह अंचल परिसर में प्रखण्ड



विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विविध निर्माण लागत 4,93,31,301/- रुपये कार्य की आधारशिला विधि विधान से किया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, विजय टोप्पो, मंगरा कच्छप, अरविंद लोहार, सरस्वती देवी, नन्हे कच्छप, रोज लकड़ा, जीता कच्छप, पतरस तिर्की, संदीप तिर्की, माधो कच्छप, रमेश पाण्डेय, मेरी तिर्की, सुनील उरांव,अंजू लकड़ा, रेनू कुमारी, निर्मला गाड़ी, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीएए के समर्थन में सनातन उत्सव समिति ने साकची बाज़ार में किया लड्डू वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची हनुमान मन्दिर के निकट सनातन उत्सव समिति द्वारा मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम के समर्थन में खुशियाँ मनाकर आमजनों के बीच लड्डू वितरण किया गया. मौके पर 21 किलो लड्डू वितरण हुआ. इस दौरान पीएम मोदी के समर्थन में ज़ोरदार नारेबाजी के बीच ढोल नगाड़े संग राहगीरों के मध्य लड्डू वितरण कर सीएए कानून का स्वागत हुआ. मौके पर सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला से राजनीतिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद ने कहा कि केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी कर अपनी गारंटी पूरी कर दी है. लड्डू वितरण कार्यक्रम में सनातन उत्सव समिति के चिंटू सिंह, ललित राव, अंकित आनंद, राहुल दुर्गे, कुलदीप सिंह, सूरज, संजय, सूजल, सन्नी, विक्रम, हर्ष, आशीष, विक्की, अभिकान्त, रॉकी, अमन, शुभम, संदीप आदि मौजूद थे।

## साकची रामलीला मैदान में चौथे दिन नंदोत्सव का प्रसंग सुन भक्तिरस में झूमने लगे श्रोता



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्रीकृष्ण लीला, श्री गोवर्धन पूजा, झूला उत्सव, छप्पन भोग, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की कथा का विस्तार से सुंदर प्रसंग कहा। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा का वाचन करते हुए स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मंगलवार को कथा में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नंद बाबा के घर पर उत्सव का सुंदर वर्णन करने से आयोजन स्थल का माहौल नंदोत्सव के रंग में रंग गया। वही श्रद्धालु नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की का उद्घोष कर रहे थे। इस अवसर पर कथावाचक ने नंदोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए भजनों की भाव विभोर करने वाली प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रोतागण भक्तिरस में झूमने लगे। इसके साथ ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप की लीलाओं का सुंदर ढंग से वर्णन किया। मंगलवार को यजमान क्रमशः ममता-अनिल कुमार चौबे, रीना-दिलीप तिवारी, अखिलेश पांडेय, श्याम खंडेलवाल, संतुलाल खंडेलवाल थे।

## युवा ने पोटका में मनाया महिला दिवस



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका फुटबॉल मैदान में सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वोलंटरी एक्शन( युवा )के तत्वावधान में कॉमिक रिलीफ, क्रिया दिल्ली के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के तहत अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पोटका प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद् सदस्य सोना मुनी सरदार ,मुखिया संघ अध्यक्ष पानो सरदार ,खड़ियासाई की ग्राम प्रधान इन्दावती सरदार ,बड़ा सिगदी की ग्राम प्रधान बिमला सरदार , हेसलबिल पंचायत के उपमुखिया सुरजीत सरदार , पोटका थाना के सब इंस्पेक्टर कदम वर्मा शामिल हुए । बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी ने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हों, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक रूप से आवाज़ उठाएं। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के इतिहास एवं उद्देश्य को साझा किया।

## प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई माचा में मंगलवार को 15 वां वित्त आयोग से स्वीकृत स्कूल के मुख्य द्वार से ऑफिस तक तीन सौ फीट पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास बिडरा पंचायत के मुखिया काजल सिंह ने नारियल फोड़कर किया। मुखिया काजल सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रधान अध्यापिका डॉ प्रियंका झा की मांग पर निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान तिलक सिंह, प्रधान अध्यापिका डॉ प्रियंका झा, सौरभ दत्त, वीरेंद्र कुमार दत्त, रजत दत्त, धनंजय कुमार, अलका कुमारी आदि मौजूद थे।

## खेडुआ मंडल पाड़ा में सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की खेडुआ मंडल पाड़ा में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो के सांसद निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो ने नारियल फोड़कर किया। इस संबंध में भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त ने बताया कि ग्रामीणों ने गांव में होने वाले मीटिंग व अन्य जरूरी कार्यो के लिए सांसद से एक सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी थी। सांसद ने मामलें को संज्ञान में लेकर अपने निधि से निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाई है। मौके पर मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, बिमल मंडल, श्यामल मंडल, दीपक महतो, समीर मंडल, पतितपावन दत्त, शिवप्रसाद मंडल, कार्तिक मंडल, आशिष मंडल, कृष्णप्रसाद मंडल, मधुसुधन मंडल, धीरेन मंडल, राधेश्याम मंडल, जगबंधु मंडल, अद्येत मंडल, जितेन मंडल, कांचन मंडल, लक्ष्मीपरायन मंडल, सुजीत मंडल, मृत्युंजय दास, गोपी दास, रेवतीरमन महतो राजेन मंडल, श्रीराम मंडल आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### जेएचआरए और टाटा स्टील यूआईएसएल ने मिलाया हाथ

# होटल से निकले कचरे से बनेगा बायोगैस

### - होटल पॉड बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने वाला झारखंड का पहला होटल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होटलों से निकलने वाले खाद्य अपशिष्ट ( फूड वेस्ट) को निपटान का एक उपयोगी तरीका मिल गया है। टाटा स्टील यूआईएसएल और जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) ने बिस्टुपुर स्थित होटल पॉड में झारखंड का पहला बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया है। बायो गैस बायो गैस मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन 13 मार्च 2024 को टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा द्वारा किया जाएगा।इसके साथ ही होटल पॉड एन बियॉन्ड स्मार्ट होटल और होटल मद्रासी बिस्टुपुर बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली प्राप्त करने वाले झारखंड के पहले होटल बन जायेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य जैव-निम्नीकरणीय कचरे को उत्पादन के समय ही संसाधित करना है. यह 150 अरब लोगों के देश में परिवहन, उत्सर्जन, गैस उत्पादकता पर बचत करके अरबों डॉलर की बचत के मामले में वास्तविक गेम चेंजर होगा। जेएचआरए के अध्यक्ष रवीश रंजन ने इस क्षेत्र पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देते हुए सहयोग के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि होटल पॉड में इस बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत होटल क्षेत्र में वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रणाली से शुरुआत में होटल को प्रति माह कम से कम तीन एलपीजी सिलेंडर बचाने की उम्मीद है, जिससे लागत बचत और पर्यावरण संरक्षण दोनों में योगदान मिलेगा। रंजन के अनुसार, जमशेदपुर के होटल प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में शहरी कचरा उत्पन्न करते हैं, जिसमें जैविक कचरा कुल का 40 प्रतिशत है। दुर्भाग्य से, इस कचरे का अधिकांश भाग लैंडफिल में चला जाता है, और इसका अनुमानित मूल्य अक्सर शून्य या नकारात्मक भी माना जाता है। बायो गैस वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम जैविक कचरे की ऊर्जा क्षमता का दोहन करने के लिए एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है।

## लोकसभा चुनाव में मोदी को हराने के लिए सघन अभियान चलाने पर जोर : नागरिक प्रतिवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** अनुमंडल कार्यालय चांडिल के समक्ष मंगलवार को नागरिकों का एक प्रतिवाद धरना प्रदर्शन आयोजित हुआ। इसका आयोजन अनुमंडल स्तरीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से किया गया था। सभा को नरेन गोप, गुरूआ पहाड़िया, अमर बिरहोर, अनन्त महतो, भद्रू सिंह मुंडा, सुचांद उराँव, अम्बिका यादव, मंथन आदि ने सम्बोधित किया। संचालन डोमन बास्के ने किया। सभा के अन्त में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ को ज्ञापन भी दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में श्यामल मार्डी, अम्बिका यादव, डोमन बास्के, बासुदेव आदित्यदेव, भद्रु सिंह मुंडा, सुकलाल मुर्मु शामिल थे। ज्ञापन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भूअर्जन कानून 2013 को कमजोर और खत्म करने की कोशिश, वादे के बाद भी एमएसपी कानून न बनाना, ताजे किसान आंदोलन पर मोदी सरकार के द्वारा दमन, वन संरक्षण कानून में संशोधन कर पूरे वन को पूंजीपतियों के लिए खोलने और वनाधिकार कानून तथा वन पर ग्राम सभा के अधिकार को छीनने जैसे प्रयासों का विरोध किया गया था। रवि हांसदा, गोपाल मांझी, लखी मुर्मु, जगन्नाथ मार्डी , राधेश्याम मांझी, गुरूचरण सिंह मुंडा, अशोक आजाद, बहादुर लोहरा, मधुसूदन गोप, भीम बिरहोर, बीरबल बिरहोर, राजेश बिरहोर, पप्पू बिरहोर, कृष्णा माझी, महेन्द्र नाथ टुडु , उपेन्द्र गिरि, राजु चौधरी, मिथुन मुर्मु, मनमन सिंह और अन्य लोग भी इस अनुमंडलस्तरीय नागरिक प्रतिवाद में शामिल रहे।सभा में वक्ताओं ने 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने, मोदी को हटाने के लिए एकजुट और तीव्र सघन अभियान की जरूरत भी बतायी।

## ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में दो योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु बड़ा तालाब एवं जारगोडीह में पीसीसी पथ का जिला परिषद सदस्य सुभाषिनी देवी ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। सितु बड़ा तालाब का जीर्णोद्धार 15 वें वित्त आयोग के जिला परिषद अनुशंसित मद से 13 लाख 72 हजार रुपए के प्राक्कलित राशि से किया जाएगा। वहीं जारगोडीह में पीससी पथ का निर्माण 15 वीं वित्त आयोग के जिला परिषद अनुशंसित मद से करीब 4 लाख 24 हजार की प्राक्कलित राशि किया जाएगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी,उप प्रमुख दीपक कुमार साव, मुखिया लक्ष्मी देवी, नयन सिंह मुण्डा, समाजसेवी भूषण चन्द्र मुर्मू, गुरूपद सोरेन,खगेन महतो, सुभाष दत्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भटली परिवार टाटानगर के सदस्य बाबा श्याम के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्री श्याम भटली परिवार टाटानगर के सदस्य मंगलवार को मूंडरू श्याम मन्दिर पहुँचकर पूजा अर्चना की। मूंडरू श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी एवम मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सोहन ने भटली परिवार टाटानगर के सदस्यों को बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के दौरान ललीत डाँगा, ,प्रवीण भालोटिया ,मनीष सिंघानियां समेत सभी 41 सदस्य उपस्थित थे।

## जमशेदपुर सुवर्ण वनिक समाज ने सांसद संजय सेठ का भव्य स्वागत कर दी जीत की अग्रिम बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रांची के सांसद संजय सेठ को लोकसभा सीट के बीजेपी के द्वारा दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने पर सुवर्ण वणिक समाज झारखंड में खुशी की लहर है। केंद्रीय सह जिला कमेटी के सौजन्य से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल- ईचागड़ चांडिल जाकर सांसद का गाजा बाजा से स्वागत किया एवं पगड़ी पहनाकर अंगवस्त्र से सांसद को सम्मान एवं भव्य रुप से स्वागत किया एवं जीत की अग्रिम बधाई, शुभकामनाएं दी गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रवि माझी, संजय दत्त, सनोज चंद्र, प्रशांत कुमार पोद्दार, कांचन दत्ता, निर्मल चंद्र, संजय पोद्दार, गोरांगो दत्ता, सतीश पोद्दार, विजय चंद्र, रूही दास, निताई दत्ता, दिपक दत्ता, गणेश, एवं अन्य समाज के लोग शामिल थे।

## 6वां नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप मोहन आहूजा स्टेडियम में 19 मार्च से




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 6वां नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-2024 का आयोजन 19-23 मार्च, 2024 तक मोहन आहूजा स्टेडियम जमशेदपुर में किया जायेगा। इस आयोजन में पैरालिंपियन, विश्व चैंपियन और एशियन पैरा गेम्स के पदक विजेता शामिल हैं। चैंपियनशिप में 20 से अधिक राज्यों के 370 से अधिक विशिष्ट पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी भाग लेंगे।इस आयोजन के लिए एक विशेष शुभंकर आरोहण डिजाइन किया गया है। चैंपियनशिप में एकल, युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में रोमांचक प्रतियोगिताएं होंगी।चैंपियनशिप हाल ही में पुनर्निर्मित मोहन आहूजा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसका उद्घाटन आज टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी ने किया।बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए मोहन आहूजा बैडमिंटन स्टेडियम में महत्वपूर्ण उन्नयन कार्य किया गया है। नवीनीकरण के मुख्य आकर्षण में नए लकड़ी के फर्श और अत्याधुनिक 700 लक्स स्पोर्ट्स एरेना लाइटिंग के साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट का नवीनीकरण शामिल है। इन संवर्द्धनों का उद्देश्य खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। कोर्ट के उन्नयन के अलावा, दर्शकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए एक अतिरिक्त व्यूइंग गैलरी का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, मोहन आहूजा स्टेडियम को अब जेआरडी टाटा बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के साथ एकीकृत कर दिया गया है।

# टाटा स्टील ने टुमॉरोलैब प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की

### स्टूडेंट ट्रैक में इन्विक्टस टीम व एम्प्लॉयी ट्रैक में जूली केबिन्स टीम बनी विजेता



टीम इनविक्टस - आईआईटी खड़गपुर



टीम जूली केबिन्स - टाटा स्टील नेस्ट-इन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने भारत के भविष्य के लिए टाटा स्टील के कर्मचारियों और छात्र बिरादरी के बीच उद्यमशीलता डीएनए को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई एक अनूठी व्यावसायिक प्रतियोगिता टुमॉरोलैब के तीसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की है।तीन महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता, जिसमें बिजनेस और टेक्नोलॉजी स्कूल के छात्रों और टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए दो अलग-अलग ट्रैक शामिल थे, 8 मार्च, 2024 को वर्चुअल रूप से आयोजित एक रोमांचक ग्रैंड फिनाले के साथ संपन्न हुई।विजेताओं की घोषणा 4 सदस्यीय जूरी द्वारा की गई जिसमें आशीष अनुपम, वाईस प्रेसिडेंट, लॉन्ग प्रोडक्ट्स; डॉ देबाशीष भट्टाचार्जी, वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट; चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज और पीयूष गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम, ग्रुप स्ट्रेटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन शामिल थे।आईआईटी खड़गपुर की टीम इन्विक्टस स्टूडेंट ट्रैक की विजेता बनकर उभरी, जबकि नेस्ट-इन की टीम जूली केबिन्स ने एम्प्लॉयी ट्रैक में शीर्ष स्थान हासिल किया।स्टूडेंट ट्रैक की विजेता टीम को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एम्प्लॉयी ट्रैक की विजेता टीम को 60,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रीय फाइनलिस्टस को स्मृति चिन्ह और उपलब्धि प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।आशीष अनुपम, वाईस प्रेसिडेंट, लॉन्ग प्रोडक्ट्स, टाटा स्टील ने कहा टुमॉरोलैब के तीसरे संस्करण में छात्रों और टाटा स्टील के कर्मचारियों की कई आकर्षक प्रविष्टियों के साथ रिकॉर्ड संख्या में उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। टुमॉरोलैब टाटा स्टील की सच्ची भावना और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए नवाचार की हमारी निरंतर खोज का प्रतिनिधित्व करता है। टुमॉरोलैब के तीसरे संस्करण में टाटा स्टील के 155 कर्मचारियों सहित कुल 25,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं का चयन प्रत्येक दो ट्रैक - द स्टूडेंट ट्रैक और द एम्प्लॉई ट्रैक से तीन फाइनलिस्ट टीमों में से किया गया था। दोनों ट्रैक के प्रतिभागियों ने तीन विषयों - इंफ्रास्ट्रकर और निर्माण, ऊर्जा और पर्यावरण, और ग्रामीण भारत के लिए नवाचार के इर्द गिर्द अपनी व्यावसायिक योजनाएं प्रस्तुत की थीं।

### जमशेदपुर बार एसोसिएशन चुनाव 2024

# सुधीर पप्पू ने फोटो युक्त प्रत्याशी सूची व मतपत्र की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता एवं उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुधीर कुमार पप्पू ने प्रत्याशी के फोटो युक्त उम्मीदवार की अंतिम सूची एवं मतपत्र का प्रावधान चुनाव में करने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का एक मांग पत्र जमशेदपुर बार एसोसिएशन चुनाव समिति 2024 के वरीय सदस्य अधिवक्ता अर्जुन सिंह एवं अधिवक्ता एनवी सिंहदेव को सौंपा है और इसकी प्रतिलिपि झारखंड बार कार्उसिल कार्यकारिणी सदस्य एवं जमशेदपुर बार एसोसिएशन प्रभारी व वरीय अधिवक्ता राम सुभग सिंह को प्रेषित की है। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार 1500 से ज्यादा आजीवन सदस्य मताधिकार का उपयोग करेंगे और इनमें से कईयों के नाम में समानता है। प्रत्याशी की अंतिम सूची का प्रकाशन प्रत्याशी के फोटो युक्त होना चाहिए। जिससे मतदाता में भ्रम की स्थिति नहीं रहे और इसी तरह बैलट पेपर में भी प्रत्याशी का तस्वीर होना चाहिए।मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पूर्ण होनी चाहिए और यह उसकी मौलिक एवं वैधानिक शर्त है।इधर सुधीर कुमार पप्पू की इस मांग से आजीवन सदस्यों का बड़ा तबका सहमत है और उन्होंने भी इस प्रावधान को शुमार करने की जरूरत पर बल दिया है।वरीय सदस्य एवं पूर्व लोक अभियोजक अधिवक्ता पीएन गोप के अनुसार यह सराहनीय कदम है और इसका पालन अवश्य होना चाहिए।

## डीपीओ यूआईडी, ऐसप्रेसनल ब्लॉक फेलो के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला में योजना विभाग अंतर्गत डीपीओ यूआईडी तथा इस एसप्रेसनल ब्लॉक फेलो (आकांक्षी प्रखंड समन्वयक) पर नियुक्ति हेतू लिखित परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दौरान केंद्र का निरीक्षण उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा किया गया। कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ज्ञात हो की डीपीओ यूआईडी के लिए चयनित 19 आवेदन मे आज 15 अभ्यर्थियों नें भाग लिया तथा एसप्रेसनल ब्लॉक फेलो (आकांक्षी प्रखंड समन्वयक) के लिए चयनित 68 आवेदन मे 40 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार, डीआरडीए निदेशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गम्हरिया, कार्यपालक दंडाधिकारी सरायकेला एवं अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मीगण परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहे।

## झारखंड में टाटा स्टील फाउंडेशन ने किया 100 मोतियाबिंद सर्जिकल शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन और शंकर नेत्रालय ने झारखंड के प्रमुख जिलों को कवर करते हुए नोआमुंडी में 100वां मोतियाबिंद सर्जरी शिविर आयोजित किया। यह पहल सितंबर 2016 में सिल्डौरी, नोआमुंडी में अपने पहले शिविर के साथ शुरू हुई, और एमईएसयू (मोबाइल आई सर्जरी यूनिट) झारखंड के विभिन्न जिलों से होकर मांडू ब्लॉक, रामगढ़ जिले और धनबाद जिले के बाघमारा ब्लॉक में संपूर्णता स्तर तक पहुंच गई है।इस पहल ने, वर्तमान में अपने आठवें वर्ष में, झारखंड के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों सहित कई जिलों में लगभग 44,656 लोगों की जांच के बाद, 11,197 से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी दर्ज की हैं। टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ, सौरव रॉय ने कहा कि, हमें इस उपलब्धि को हासिल करने पर खुशी है, लेकिन यहां तक आने के लिए हमें महत्वपूर्ण प्रयास करने पड़े हैं। पिछले वर्षों में, हमारी टीमों ने सक्रिय रूप से मोबाइल नेत्र शल्य चिकित्सा इकाइयों के दायरे और पहुंच में वृद्धि की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर अंतिम व्यक्ति को आवश्यक उपचार मिले। सहियाओं और अन्य अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के हमारे नेटवर्क ने हमें बहुत दुर्गम क्षेत्रों में हर घर तक पहुंचने में मदद की है।

संपादकीय

## नकली दवाओं का बाजार

भारत में नकली दवाओं के उत्पादन और प्रसार का बाजार करीब 35,000 करोड़ रुपए का है। यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कितने व्यापक स्तर पर नकली दवाएं बनाई जा रही हैं और औसत बीमार आदमी को बेची जा रही हैं ! कितनी बीमारियां घनीभूत हो रही हैं और कितनों पर मौत का साया मंडरा रहा है ? यह बाजार इतना व्यापक कैसे बना, यह हमारी प्रशासनिक और जांच संस्थाओं पर बड़ा सवाल है। ये नकली दवाएं, जिन्हें औषधि कहना ही गलत और पाप है, किसी गांव में या उपेक्षित कस्बे के किसी कोने में चुपचाप नहीं बनाई जा रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद में धड़ल्ले से बनाई जाती रही हैं। गाजियाबाद में औषधि विभाग, अपराध शाखा और पुलिस के हालिया छापे में 1.10 करोड़ रुपए की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इनके अलावा, कंपनी कितनी दवाइयों का उत्पादन और वितरण कर चुकी होगी, इसका कोई निश्चित आंकड़ा छापा एजेंसियों ने नहीं दिया है। गाजियाबाद से लेकर यह नापाक और जानलेवा धंधा तेलंगाना, महाराष्ट्र तक फैला है। कोई गंभीर सजा नहीं। कोई गंभीर वार नहीं। कोई प्रशासनिक हस्तक्षेप और खौफ नहीं। आश्चर्य है कि जहां से नकली दवाएं पकड़ी गई हैं, वे मधुमेह, रक्तचाप और गैस सरीखी गंभीर बीमारियों की ब्रांडेड औषधियों की नकली दवाएं थीं। दवा बनाने वाली कंपनी ने ब्रांडेड औषधियों के असली पत्तों, पैकेजिंग और प्रिंटिंग मशीनों का जुगाड़ कहां से किया ? अथवा नकली 'बार कोड' कैसे छाप दिए ? या फर्जी बैच नंबर कैसे लिख दिए गए ? ये बेहद महत्वपूर्ण और नाजुक सवाल हैं। आश्चर्य तब ज्यादा होता है, जब इन फर्जी कंपनियों के प्रतिनिधि डॉक्टरों के पास जाते हैं, उन्हें लुभावनी पेशकश के पैकेज दिए जाते हैं, जाहिर है कि ऐसे डॉक्टर भी नकली दवाएं लिखते होंगे ! वे भी अपने पेशे, नैतिक संकल्प और मानवीय जिंदगियों से खिलवाड़ करते हैं। अमरीका और यूरोपीय देशों ने भी शिकायतें की हैं कि भारत में 20-25 फीसदी दवाएं नकली बेची जाती हैं। बेशक भारत की आबादी 142 करोड़ से अधिक है। उतने ही अनुपात में लोग बीमार होते हैं, लिहाजा उतनी ही दवाओं की मांग बनी रहती है। चिंतित पहलू यह भी है कि ऐसे नकलीबाज दवा कारोबारियों को जो कानूनी सजा मिलती रही है, वह अपेक्षाकृत बहुत कम है। अधिकतर मामलों में वे जमानत पर छूट जाते हैं या रसूखदारों की सिफारिशों पर उन्हें रिहा कर दिया जाता है। दरअसल यह परोक्ष रूप से हत्या के मामले हैं। चूंकि यह धंधा ही देश के साथ शत्रुता के समान है, लिहाजा यह देशद्रोह भी है। नई 'न्याय संहिता' में इसका दंड तय किया गया होगा, लिहाजा अब उन धाराओं में इन कारोबारियों को दंडित किया जाना चाहिए। हमने तेलंगाना का जिक्र किया था। तेलंगाना सरकार ने 'मेग लाइफ साइंसेज' द्वारा निर्मित 33 लाख रुपए से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की थी। उनमें औषधि का कोई भी तत्त्व नहीं पाया गया। औषधि नियंत्रण प्रशासन ने खुलासा किया था कि उन नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिलाया गया था। तेलंगाना में पकड़ी गई कंपनी ने कागज पर हिमाचल में मुख्यालय होने का दावा किया था, लेकिन वहां भी ऐसी कोई कंपनी नहीं पाई गई। न जाने ऐसी कितनी कंपनियां देश में 'जहर' बेच रही हैं ? बीते सप्ताह उत्तराखंड में भी ऐसे ही नकली दवाओं के रैकेट का पर्दाफाश किया गया था। चूंकि ये सभी दवा निर्माता इनसान की जिंदगी से खेलते रहे हैं, लिहाजा इन्हें भी 'मृत्यु-दंड' दिया जाना चाहिए। हमारा सुझाव अतिशयोक्ति वाला हो सकता है, लेकिन जो लोग मौत के विक्रेता हों, तो उन्हें कैसा दंड दिया जाए और कैसे प्रावधान हैं, चलो, उन्हें अदालत के विशेषाधिकार के अधीन सौंपते हैं। यह हजारों करोड़ का कारोबार देश की प्रख्यात दवा कंपनियों के लिए भी खतरा हैं, क्योंकि उन्हीं के ब्रांड पर नकली दवाएं बेची जा रही हैं। खबरें तो ऐसी भी हैं कि ये नकली दवाइयां रसूखदार एजेंटों के जरिए सरकारी अस्पतालों में भी सप्लाई की जाती रही हैं। यानी सामूहिक नरसंहार का खेल खेला जा रहा है। क्या सरकार को यह साजिश, कुकर्म और तिजौरियां भरने के लालच का दुष्चक्र नहीं पता ? हम यह मानने को तैयार नहीं हैं। इसी के साथ जो डाक्टर नकली दवाएं मरीजों के लिए लिखते हैं, उन पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। डाक्टरों को जब नॉन प्रेक्टिसिंग एलाउंस दिया जा रहा है, तो उन्हें कम से कम यह फर्ज तो निभाना ही चाहिए कि वे मरीजों के हकों के लिए लड़ें।

> गाजियाबाद में औषधि विभाग, अपराध शाखा और पुलिस के हालिया छापे में 1.10 करोड़ रुपए की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इनके अलावा, कंपनी कितनी दवाइयों का उत्पादन और वितरण कर चुकी होगी, इसका कोई निश्चित आंकड़ा छापा एजेंसियों ने नहीं दिया है। गाजियाबाद से लेकर यह नापाक और जानलेवा धंधा तेलंगाना, महाराष्ट्र तक फैला है। कोई गंभीर सजा नहीं। कोई गंभीर वार नहीं। कोई प्रशासनिक हस्तक्षेप और खौफ नहीं। आश्चर्य है कि जहां से नकली दवाएं पकड़ी गई हैं, वे मधुमेह, रक्तचाप और गैस सरीखी गंभीर बीमारियों की ब्रांडेड औषधियों की नकली दवाएं थीं।

### आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही

## लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी बड़ी होती हैं मगर हकीकत कुछ और ही है

डॉ. नीलम महेंद्र

> सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है।

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद



वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिक भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिक समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान, हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों।

दृष्टि कोण

## समानता का मूल्य सबके लिए, फिर लिंग-तटस्थ फैसलों की इतनी कमी क्यों

बीते दिनों इंदौर के परिवार न्यायालय ने एक पत्नी को भरण-पोषण के लिए हर महीने अपने पति को पांच हजार रुपये देने का आदेश दिया। अमूमन देश भर की अदालतों में पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश दृष्टिगोचर होते हैं। बेशक यह देश का ऐसा पहला मामला नहीं है, जहां वैवाहिक विवाद की स्थिति में एक पत्नी द्वारा पति को गुजारा भत्ता देने के आदेश दिए गए हों। लेकिन पिछले सात दशकों में ऐसे 'लिंग-तटस्थ' निर्णयों को उंगलियों पर गिना जा सकता है। सितंबर, 1988 में 'ललित मोहन बनाम तृप्ता देवी' के मामले में निर्णय देते हुए जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय ने कहा था कि 'चूंकि पति की कोई स्वतंत्र आय नहीं है और प्रतिवादी पत्नी हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 30 और 31 (मौजूदा हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 और 25) के अनुसार, पति को गुजारा भत्ता देने की स्थिति में है, अतः याचिकाकर्ता पति को सौ रुपये प्रति माह भरण-पोषण दिया जाए।' उल्लेखनीय है कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 'लिंग तटस्थ' है। लिंग तटस्थ वह विचार है, जहां जैविक अंतर के कारण सामाजिक, सांस्कृतिक तथा वैधानिक स्तर पर विभेद परिलक्षित न हो। लिंग-तटस्थ व्यवस्था, बिना किसी व्यवधान के सामाजिक गतिशीलता को बनाए रखने का आश्वासन भी है। अगर हम भारतीय वैधानिक व्यवस्था को इस संदर्भ में देखें, तो हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 तथा 25 के प्रावधान लिंग तटस्थ हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 31 मार्च, 2011 को 'रानी सेठी बनाम सुनील सेठी' मामले में कहा था कि 'हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 का उद्देश्य ऐसे जीवनसाथी को सहायता प्रदान करना है, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है और वह अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है।' दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसी आधार पर पत्नी को, पति को बीस हजार रुपये देने का आदेश दिया था। लिंग तटस्थ कानून की मांग विगत कुछ दशकों से उठ रही है और इसके पीछे स्पष्ट तर्क यह है कि जब संविधान का मूल भाव बिना किसी लिंग भेद के समानता की प्रस्थापना करना है, तो क्यों वैधानिक स्तर पर स्त्री विशेषाधिकार कानून हैं? इस तर्क को



अयोग्य मानते हुए यह दलील दी जाती है कि चूंकि महिलाएं पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था में प्रताड़ित और पीड़ित रही हैं, इसलिए उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए कानून का एकपक्षीय होना न्यायसंगत है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दुनिया भर में सहस्राब्दियों से महिलाएं हाशिये पर धकेल दी गई थीं और इसके विरोध में लैंगिक समानता का संघर्ष जन्मा। वैचारिक, सामाजिक तथा वैधानिक स्तर पर महिलाओं को सामान्य स्तर पर लाने की जद्दोजहद जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे लैंगिक समानता का वास्तविक अर्थ अपना अस्तित्व खोता चला गया। 'लैंगिक समानता' को मात्र महिलाओं की समानता समझना उसके अर्थ को खंडित करता है। लैंगिक समानता का वास्तविक और संपूर्ण अर्थ बिना किसी लिंग भेद के समानता स्थापित करना है। महिलाओं का समानता का संघर्ष एक संवेदनशील सामाजिक व्यवस्था में अपेक्षित और अपरिहार्य भी है, परंतु यह कहना कि 'विश्व के सभी पुरुष क्रूर, असंवेदनशील तथा रूढ़िवादी हैं', दुर्भाग्यपूर्ण है। बीते दशकों में शिक्षा, रोजगार तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता ने महिलाओं को सशक्त बनाया है और वह आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। हालांकि वह अब भी स्वावलंबन का अपेक्षित स्तर अर्जित नहीं कर पाई हैं। परंतु यह मानना कि उनकी स्थिति दशकों पूर्व जैसी ही है, महिला सशक्तीकरण से संबंधित आंकड़ों से मेल नहीं खाता। दूसरी तरफ, 2017 में 'द मेलबॉक्स : ए स्टडी ऑन बीइंग ए यंग मैन इन द यूएस, यूके ऐंड मेक्सिको' अध्ययन पुरुष होने की पीड़ा को बखूबी बयान करता है। यह बताता है कि पुरुषों पर यह दबाव निरंतर बना रहता है कि वे अधिकाधिक धन अर्जित करें, जिससे उनका परिवार भौतिक संसाधनों को सहजता से प्राप्त कर सके। अगर किसी कारणवश वह अपेक्षानुरूप ऐसा नहीं कर पाते, तो उन्हें कमतर और नकारा माना जाता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आयुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, वीएलडब्लू, एटीएम, बीटीएम, किसान मित्रों आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनकी समस्याओं के निष्पादन को लेकर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे हैं कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री टोप्पो ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे कृषि संबंधित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य विभाग के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया वहीं उप विकास आयुक्त ने जिले में एग्री क्लीनिक एवं एग्री स्मार्ट ग्राम की योजना शुरू करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों एवं लाभुकों को मिल रहे लाभ का जायजा लेने आदि का निर्देश दिया। कृषि पशुपालन एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में गाय पालन, मत्स्य पालन आदि के लाभुकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिले में चल रहे कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने हेतु लाभुकों का एस्क्रौ खाता खोलने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान मत्स्य, उद्यान, सहकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला उद्यान पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहीत अन्य उपस्थित थे।

## मजदूरों के मशीहा स्वर्गीय निर्मल यादव की 18वी पुण्यतिथि आज, तैयारी पूरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में मंगलवार को क्षेत्रीय सचिव राजू यादव व युनियन संगठन के सभी सहयोगियों के द्वारा 13 मार्च को मजदुरो के मशीहा स्वर्गीय निर्मल यादव (मुखिया जी)का 18 वा पुण्यतिथि युनियन कार्यालय में मनाया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों सहित सीसीएल के अधिकारी व विधायक, सांसद सभी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी जोरों शोरों से की जा रही है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली, डा जीआर भगत, सतीश कुमार,अजय कुमार मिश्रा,मो अली हसन, गोपाल टुडू, राजकुमार सिंह, दीपक विश्वकर्मा,टहल गोप, संजय यादव, कंचन मांझी,चन्दू जायसवाल,दीपक कुमार,जतरू बेसरा, लालदेव सोरेन, राधेश्याम बैठा,प्रभू महतो, बिनोद प्रजापति, श्याम बेदिया, विश्राम सोरेन, सतेन्द्र इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बरलंगा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की छापामारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** बरलंगा थाना पुलिस ने उत्पाद विभाग के साथ मंगलवार को अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बिहारडीह डिमरा में अवैध महुआ की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने के उपकरणों को तोड़ दिया है।साथ ही लगभग 500 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए 20 लीटर शराब को जब्त किया गया।बताया जाता है कि यह भट्ठी बरडीहा के तीजू साव के द्वारा संचालित किया जा रहा था। बताया जाता है कि बरलंगा के स्वर्णरेखा नदी के किनारे भी भारी मात्रा में शराब बनाकर मुरी, सिल्ली,झालदा आदि जगहों पर भेजा जाता है। छापेमारी के दरमियान मौके पर थाना के एएसआई परिक्षित महतो, मंगल उरांव के अलावा सैप के जवान के अलावे उत्पाद विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## संयुक्त मोर्चा ने अरगड्डा- सिरका मजदूर कॉलोनी में गुणवत्ता पूर्ण पानी की सप्लाई की मांग की

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त मोर्चा के द्वारा अरगड्डा- सिरका कोलयरी के मजदूर कॉलोनीयों में गुणवत्तापूर्ण पानी सप्लाई करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता श्रमिक नेता सुशील कुमार सिन्हा व संचालन मुस्तफा खान ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहां कि अरगड्डा डब्ल्यूटीपी से सीसीएल मजदूर क्वार्टर में बिना फिल्टर किया पानी सप्लाई किया जा रहा हैं। जिससे पानी में दुर्गंध और खराब दिखाई पड़ रहा हैं, इससे नहाना हाथ धोना भी दूभर हो गया हैं, इससे मजदूरों और उनके परिवारों में भी काफी विरोध और रोष व्याप्त हैं। यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन को बताया कि इस पर आगे कार्रवाई नहीं हो पाई हैं। कहां गया कि अरगड्डा- सिरका पोखरिया से पानी जिस टैंक में डब्लूटीपी में भरा जाता हैं, उसकी सफाई सालों से नहीं की गई हैं, जिसके कारण यहां जमें गंदे पदार्थ के संपर्क में आने के बाद पानी में दुर्गंध और साफ पानी मजदूर कॉलोनी में नहीं मिल पा रही हैं, तो कामगारों के परिजन को क्षति होने की संभावना हैं। मांग किया कि यदि प्रबंधन पानी की सप्लाई जल्द नहीं सुधारते हैं, तो आगे संयुक्त मोर्चा के द्वारा आंदोलन करने पर मजबूर होना होगा। मौके पर संयुक्त मोर्चा के नागेश्वर महतो, संतोष सिंह, गोपाल बेदिया, अशोक बेदिया राजेश कुमार, शत्रुधन बेदिया, सुखराज करमाली, सेराज मियां, मंगल आदि उपस्थित थे।



## 55 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला मंदिर से श्मशान घाट तक 55 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का मंगलवार को शिलान्याय किया गया। पीसीसी पथ का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा का समुचित विकास ही उनका लक्ष्य है। कहा कि वह इसी को ध्यान में रखकर कार्य कर रही हैं। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गली और मुहल्ले में पीसीसी पथ का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो। वहीं, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ मिले और लोग खुशहाल हों इसी योजना के साथ कार्य किया जा रहा है। कहा कि हमारा लक्ष्य लोगों की खुशहाली जरूरतमंदों को योजना का लाभ प्रदान करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप बेदिया ने कियाम् मौके पर जगनारायण बेदिया, प्रदीप प्रजापति, महादेव राम, विशेश्वर ठाकुर, मनोज कुमार बेदिया, लालधारी प्रजापति, गौतम राम, जगदीश प्रजापति, कैलाश बेदिया, संजय बेदिया, हरि करमाली, बिजय प्रजापति, राजेंद्र महतो, नीरज मंडल, संजय बनारसी, नंदू महतो आदि उपस्थित थे।



## भाजपा रामगढ़ नगर परिषद के दोबारा अध्यक्ष बनाए गए मनोज गिरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद के दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झारखंड प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को बहुत-बहुत बधाई भारतीय जनता पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो की नीचे अस्तर कार्यकर्ता को संगठन से लेकर आगे तत्काल करने का मौका देती मुझ जैसे कार्यकर्ता को दोबारा बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ नगर परिषद के कार्यकर्ताओं में हर्ष है मैं भारतीय जनता पार्टी में 20 वर्ष से हूं मैं पहले बुथ अध्यक्ष से लेकर पार्टी के मंडल के कार्य समिति से लेकर विभिन्न दायित्व पर कार्य करने का मौका मिला।



# कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा ने एक दिवसीय प्रशिक्षण का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा चतरा जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय द्वारा करवाया गया। तथा देखरेख गिद्धौर सिंगल विंडो से एटीएम दीनदयाल कुमार एवं बिटीएम अरमेन्द्र पांडेय ने किया। प्रशिक्षण में दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।जहां वैज्ञानिक के द्वारा बतलाया गया कि किसान अपने खेतों में सामूहिक रूप से डीप बोरिंग करवा सकते हैं।एवं पानी की खपत कम हो और बेहतरीन खेती हो इसके लिए अपने-अपने खेतों में ड्रिप लगवाएं (टपक सिंचाई) साथ ही साथ खेती ऑर्गेनिक तरीके से करें ताकि कम पानी में बेहतरीन खेती हो आगे वैज्ञानिक ने बतलाया कि हमारे पूरे झारखंड प्रदेश में पानी की स्तर बहुत कम है। और पानी बचाना अति आवश्यक है।हम लोग खेती करते हैं लेकिन फसल को जरूरत से ज्यादा पानी देकर फसल के साथ पानी का भी नुकसान करते हैं। व अन्य कइ जानकारियां बताई गई। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती पंससं परमेश्वर रविदास किसान प्रसादी पासवान प्रदीप यादव संजय यादव सुनील पांडेय आशा देवी रजनी देवी बीना देवी नाजिया देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## सहिया साथी को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जांच करने पहुंचे 20 सूत्री अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में सहिया साथी का जिला स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आवासीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करने गिद्धौर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान पहुंचे। जहां प्रशिक्षण में उपस्थित सहीया साथी ने घटिया खाना देने की शिकायत 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान से किया। शिकायत के आलोक में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष ने प्रशिक्षण में खाना मुहैया कराने वाले को जमकर फटकार लगाया। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सहिया साथी को गुणवता पूर्ण खान देने का निर्देश दिया है। खाना में अगर सुधर नहीं हुआ तो इसकी लिखित शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी ने चतरा लोकसभा चुनाव कमेटी का किया गठन




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी ने चतरा लोकसभा चुनाव के लिए कमेटी का गठन किया है। जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक की आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने की। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के कमेटी बनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह चतरा जिला प्रभारी विनोद कुशवाहा, सिमरिया विधान सभा प्रभारी धर्मराज सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में ओम प्रकाश पाठक, संजय जयसवाल पंचायती राज के जिला अध्यक्ष, प्रेम रंजन पासवान, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष धीरज, अंबेडकर महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशा देवी, आभा ओझा, आशुतोष सिंह, के कौसर, महावीर डांगी, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, कार्यालय प्रभारी अमरुद्दीन, ख्वाजा नसरुद्दीन अंसारी, इकबाल अंसारी,रिकाबुल इमाम, पप्पू राजा, एनएसयूआई के नेता प्रियदर्शी कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।

## बनवारा में लाखों रुपये की लागत से बनाई जा रही पीसीसी में बरती जा रही है भारी अनियमितता



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत बनवारा में लाखो रुपये की लागत से बनाई जा रही पीसीसी में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। जिसे देख ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुवे कहा है कि विशेष प्रमंडल के डीएमएफटी फंड से लगभग 35 से 40 लाख रुपये की लागत से बनवारा मुख्य पथ से धरनवा तक करीब 12 सौ मीटर तक पीसीसी का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसमें संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री तथा एस्टीमेट के अनुसार नहीं चलते हुए अपने मनमर्जी से बिल्कुल कम लगभग बीच में 4 से 5 इंच का ढलाई जैसे तैसे व किनारो में दिखाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सभी ने आगे कहा, ना ही अभी तक किसी प्रकार की निर्माण से संबंधित कोई बोर्ड लगाई गई है, जबकि निर्माण कार्य से पहले ही बोर्ड लगा देनी चाहिए ताकि लोग देख सके। परंतु संवेदक के द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया गया। बस किसी तरह जैसे तैसे पीसीसी का निर्माण कार्य कर निकलते बने यही सोच संवेदक की लगी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों में मो. तौहीक, मो. साबिर, रियाज मियां, नगीना खातून, मुस्लिम मियां समेत आसपास के कई लोगों ने पीसीसी निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर उसका विरोध करते हुवे जिला उपयुक्त व अन्य अधिकारियों से पीसीसी निर्माण कार्य का निरीक्षण व जांच कर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करते हुवे एस्टीमेट के अनुसार पीसीसी निर्माण कराने की मांग की है।

## 20 सूत्री प्रखंड़ अध्यक्ष ने किया पीडीएस दुकान की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत सलगा गांव में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह पीडीएस दुकान का 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान ने मंगलवार को जांच किया।इस दौरान पीडीएस दुकान में उपस्थित राशन कार्ड धारीयों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई।राशन कार्ड धारीयों ने बताया कि पीडीएस दुकान संचालक के द्वारा सही मात्रा में अनाज दिया जा रहा है।वहीं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान ने समय से अनाज उठाव कर समय से अनाज का वितरण करने का निर्देश पीडीएस दुकान संचालक को दिया है।मौके पर 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष रामदेव यादव, पीडीएस दुकान संचालक सहित राशन कार्ड धारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री अनुजा निगम ऋण योजनाओं के लाभार्थियों से किया ऑनलाइन जनसंवाद

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुजा निगम ऋष्ठा योजनाओं के लाभार्थियों से ऑनलाइन माध्यम से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी विजय दास ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के द्वारा दिनांक 13 मार्च 2024 को राष्ट्रीय निगमों (अनुसूचित जाति वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लाभार्थियों से प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से कलक्टरेट सभागार (कॉन्फ्रेंस हॉल), चतरा में जनसंवाद किया गया तथा एक लाख लोगों की इस मेगा ऋष्ठा मेले में प्रधानमंत्री द्वारा ऋष्ठा स्वीकृत राशि उनके खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। इस आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में लाभार्थी शामिल हुए।

## मनरेगा से पशु सेड नहीं मिलने पर युवक गाय लेकर पहुंचा प्रखंड कार्यालय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** मनरेगा से पशु शेड नहीं मिलने से क्षुब्ध युवक मंगलवार को अपनी गाय के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंच गया।यहां उसने प्रखंड कार्यालय में ही अपनी गाय बांधकर अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया। वह घन्टो प्रखंड कार्यालय में जमा रहा। इस दौरान गिद्धौर गांव के युवक प्रदीप दांगी ने बताया कि, वर्ष 2021-22में गव्य विकाश से मेरी पत्नी के नाम से दो गाय खरीदने की सरकारी राशि मिली थी।गाय के रख रखाव के लिये तब इस योजना के तहत मनरेगा से गाय शेड देने की बात कही गई।गव्य विकाश पदाधिकारी ने बीडीओ को पत्र लिखकर इसकी अनुशंसा कीया। पत्र तात्कालीन बीडीओ व वर्तमान बीपीओ को दिया। लेकिन वे आज तक टाल मटोल करते रहे। घर की किल्लत होने से पशुओं को रखने में परेशानी हो रही है। बाध्य होकर यह कदम उठाना पड़ा।इस सम्बंध में बीपीओ रामकुमार सिंह ने कहा कि, मामला पंचायत का है। पंचायत कार्यकारिणी ही शेड की प्रसाशनिक स्वीकृति देगी।

## रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने किया बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 12 मार्च 2024 को भाजपा कार्यालय लातेहार में मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अध्यक्षता में 15 मार्च 2024 को चतरा इटखोरी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन की विशेष तैयारी को लेकर बैठक की गई। एवं मंडल के सभी बूथों से कार्यकर्ता को कार्यक्रम में ले जाने के लिए सभी पंचायत में प्रभारियों का नियुक्ति की गई तत्पश्चात् गाँव चलो अभियान एवं लाभार्थी संपर्क अभियान का फिडबैक फॉर्म एवं चल रहे अभियान का समीक्षा की गई। मौके पर एसी मोर्चा जिला महामंत्री पिंटू कुमार रजक जिला कार्यसमिति सदस्य हरिओम प्रसाद मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद श्यामकिशोर वैध मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंसी महामंत्री शिवनाथ मेहता मंडल मंत्री संजय सिंह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मदन प्रसाद दीपक प्रसाद अमित कुमार दीपक सिंह बाबन पासवान संजय कुमार सहित पंचायत प्रभारी एवं पंचायत संयोजक सह संयोजक उपस्थित थें।

# भयमुक्त मतदान के लिए छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में पोषण अभियान योजना के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने कहा कि स्वच्छ एवं संतुलित आहार से मनुष्य का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वारा पोषण एवं पढ़ाई भी योजना के तहत बाल विकास को सुदृढ़ करना, स्थानीय खाद्य व्यवहार का उन्मुखीकरण कर उन्हें दिनचर्या में शामिल करना, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्तनपान व शिशु आहार को बढ़ावा देना पोषण पखवाड़ा का मुख्य लक्ष्य है। उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अलग-अलग दिनों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित कर पोषण से संबंधित जानकारी दी जाएगी।छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग की काउंसलर संजू कुमारी ने कहा की माहवारी के दिनों में संतुलित आहार लेना चाहिए। हरी सब्जी, दूध एवं अन्य पौष्टिक आहार से शारीरिक क्षमता विकसित होती है। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यूनिसेफ के प्रतिनिधि संजीत कुमार ने कहा कि जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा महिला सशक्तिकरण यूनिट की स्थापना एक अच्छी पहल है। इसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को समझ सकेंगे। साथ ही काउंसलर के माध्यम से माहवारी के दिनों में समुचित प्रबंधन से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के पश्चात जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में भय मुक्त मतदान करने के लिए छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी ज्योति ज्योत्सना पांडे, शिक्षिका अन्नपूर्णा पांडे, अभिनव कुमार समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## बारियातू बीडीओ के तुगलकी फरमान को निरस्त किया जाए : रवि डे




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पंचायत राज निदेशक निशा उरांव ने राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों को ही प्रभार सौंपने का आदेश दिया है।एक पंचायत सेवक अधिकतम दो ग्राम पंचायत का प्रभार में रह सकते हैं।इस पत्र के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी लातेहार ने जिले के सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि जनसेवक (V.L.W)को पंचायत के प्रभार से मुक्त करते हुए पंचायत सेवकों को पंचायत का प्रभार दिया जाए वहीं दूसरी ओर बारियातू बीडीओ ने ज्ञापांक 411 दिनांक 9/3/2024 के माध्यम से जनसेवकों को भी पंचायत का प्रभार देने तथा दो पंचायतों का प्रभार में रहने वाले पंचायत सेवक का प्रभार को एक करने का निर्देश दिया है, को निरस्त कर कानून को ताख में रखने जैसा है। रवि डे ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लातेहार उपायुक्त से आग्रह किया है कि इस तुगलकी फरमान को अविलंब निरस्त किया जाए तथा निदेशक पंचायत राज झारखंड के आदेश का पालन बारियातू बीडीओ से कराने का आग्रह किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाली गई रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** जिला परिषद् परिसर में नारी जागृति संघ की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अंतराष्ट्रिय महिला दिवस को लेकर स्थानीय जिला परिषद् से महिलाओं के द्वारा शास्त्री चौंक विरसा चौक रामपुर नारें से गंजमायन करते हुए जिला परिषद् परिसर पर सभा में तबदील हुई जहां नारी जागृति संघ की अध्यक्ष अजीता तिग्गा के नेतृत्व में किया गया। अंतराष्ट्रिय महिला दिवस के मुख्य अतिथि मनोरमा टोप्पो, विषिट्ठ अतिथि राधिका देवी जन जाति जागृति केंद्र अध्यक्ष इगनेसिया केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया महिलाओं के द्वारा अतिथियों के आगमन पर स्वागत गान व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा महिलाओं को शश्कत व अपने अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया कि आज कि दुनिया में नारी किसी से कम नहीं है इस समारोह में विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। जहां विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख कंचन कुजूर, पं स स सुशीला कुजूर, निर्मला टोप्पो, मुखिया उषा खलखो, रेणुका टोप्पो, प्रमिला, रौशनी, रीता , पूर्व मुखिया राजेश कुजूर स्वयं सेवी संस्था लीड्स के राजेंद्र, अतुल, सतीश, अल्बिना, संध्या, स्वयं सेवी संस्था जन जाति जागृति केंद्र की अध्यक्ष इग्नेशिया केरकेट्टा, एवम दिव्य प्रकाश मौजूद थे।

## आजसू ने किया चूल्हा प्रमुख का गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 12 मार्च 2024 दिन मंगलवार को आजसू पार्टी लातेहार के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित पांडे कि अध्यक्षता में प्रखंड प्रभारी एवं सह प्रभारी के साथ बैठक की गई। जिसमें चूल्हा प्रमुख का गठन करते हुए पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अमित पांडे अमित कुमार रजत कुमार बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी ओबीसी जिला अध्यक्ष नितेश जयसवाल नगर अध्यक्ष प्रिंस कुमार छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव विकास कुमार कौशल जयसवाल राहुल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर रतन कुमार सिंह ने दिया योगदान



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर दिन मंगलवार को रतन कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने कहा कि भूमि से संबंधित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी अंचलाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह शिविर लगाने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आम जनों के लिए हमेशा तत्पर हूं किसी भी तरह की समस्या होने पर लोग मुझसे मिलकर बता सकते हैं मैं हर संभव लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगा।

## बरहीडीह के पांडे आहारा में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, लोगों में मचा कौतूहल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहीडीह के पांडे आहार में एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया। इसकी सूचना करीब 4.30 लोगों को मिली। घटना की सूचना हवा की तरह फैल गई है। शव को देखने के लिए तालाब क्षेत्र से सटे बरहीडीह व न्यू रेलवे कोलनी, अफीम कोठी के अलाव आसपास के सैकड़ों लोग तालाब पर पहुंचे। घटना स्थल पर मृतक को लेकर कौतूहल मचा हुआ था। मृतक तालाब के किनारे हल्के पानी में है। शव की पहचान नहीं हो पा रही है। मृतक हरे रंग का टी शर्ट पहने हुए हैं। मौके पर मौजूद लोग के द्वारा कयास लगाया जा रहा कि है कि मृत व्यक्ति का शव का पहचान नहीं हो पा रहा हैं, कई दिनों से पानी में रहने के का कारण शव की स्थिति बेतरकीब हो गई है। इस घटना की सूचना बरही थाना को दिया गया। सूचना पर बरही पुलिस एएसआई श्रवण कुमार सहित पुलिस बल पहुंचे और मामले का जायजा लिया। हलांकि समाचार लिखे जाने तक करीब शाम 6 बजे तक शव निकाले जाने की तैयारी नही की जा सकी है।

## आवारा कुत्तों से दहशत में विष्णुगढ़ के ग्रामीण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरों से आवारा कुत्तों को पकड़कर रात के अंधेरे में ट्रक से आवारा कुत्तों को विष्णुगढ़ के आस-पास के इलाकों में छोड़ दिया जाता है।जिसकी वजह से इन दिनों विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में आवारा कुत्तो का आतंक बढ़ गया है।आवारा कुत्तों के एक झुंड में करीब 5-7 कुत्ते रहते है,जो राह चलते राह राहगीरों को कभी-भी शिकार बना लेते है। बताते चले कि विष्णुगढ़ में दो घटनाओं में राखी कुमारी,पिता जानकी महतो आठ वर्षीय को कुत्तो ने हमलाकर बुरी तरह से घायल कर दिया,वहीं दूसरी घटना में शंकर प्रसाद 45 वर्षीय को कुत्तो ने काट लिया। आवारा कुत्तो के झुंड का आतंक सिर्फ इतना ही नही है,बल्कि गरीबो के पशुधन जिसमे बकरा- बकरी,मुर्गा-मुर्गी,गाय तथा गाय के बछड़े शामिल है,जिससे किसानों को बड़ी मात्रा में हानि हो रही है। सुबह के समय इन आवारा कुत्तो की सक्रियता अधिक बनी रहती है,जिससे वृद्ध महिला-पुरुषों को सुबह के समय टहलने में भय का माहौल बना हुआ है।

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा समीक्षा-सह-कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड शिक्षा परियोजना की जिला इकाई ने ऑनलाइन माध्यम से सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड साधनसेवी, संकुल साधनसेवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों की ऑनलाइन कार्यशाला मंगलवार को आयोजित की गयी कार्यक्रम का शुभारंभ संजय कुमार तिवारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया. उन्होंने राज्य स्तरीय लांच के दौरान बताये गए 'जिज्ञासा', शिक्षक सहायक' और 'डीजी साथ वीकली प्रेक्टिस' चैट बोट के महत्वपूर्ण बातों को बताया। इस कार्यशाला कोन कॉन्वीजिनयस के राज्य प्रबंधक रवि प्रकाश गुप्ता ने मुख्य रूप से संबोधित किया,जिसमे उपस्थित प्रतिभागियों को स्विफ्टचैट ऐप आधारित साप्ताहिक अभ्यास, शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैट बोट को सभी विद्यालय में लागू करने पर चर्चा की गई। श्री गुप्ता ने बताया कि शिक्षक और बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया आसान करने के लिए ÷शिक्षक सहायक चेटबॉट÷ शिक्षकों के लिए और ÷डीजी साथ वीकली प्रेक्टिस चेटबॉट ÷ बच्चों के लिए लॉंच किया गया है । उनके द्वारा बताया गया कि डिजिटल युग में इस चैटबोट के माध्यम से शिक्षक अपने क्लास रूम जाने से पूर्व ÷शिक्षक सहायक÷ चैट बोट के उपयोग से लेशन प्लान, वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपने क्लास रूम में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आसान कर पायेंगे। साथ ही बच्चे प्रत्येक सप्ताह शनिवार से अगले शुक्रवार तक साप्ताहिक अभ्यास के माध्यम से अपने सीखने का स्तर समझ पायेंगे। कार्यशाला के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को स्विफ्ट चैट ऐप आधारित डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस, शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैट बोट के बारे में बताते हुए कहा कि चैट और चैटबोट का उपयोग करने के लिए अपने एंड्राइड मोबाइल के प्लेस्टोर से एक बार स्विफ्टचैट ऐप को डाउनलोड करना है, मोबाइल नंबर से वेरिफिकेशन के बाद दिए गये चैट बोट क्यूआर कोड या फिर लिंक के माध्यम से डीजी साथ वीकली प्रैक्टिस, शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैट बोट का उपयोग कर सकते है।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के कंचनपुर पंचायत में पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ है इस बीच शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारी के द्वारा हर्ष अजमेरा का स्वागत किया गया। इसके बाद श्री अजमेरा ने मंदिर में पूजा अर्चना कर सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया। इसके बाद मंदिर समिति को हर्ष अजमेरा ने साउंड सिस्टम भेंट किया। ताकि प्रातः काल और संध्या काल की आरती जन जन के घरों तक पहुंच कर शुद्ध वातावरण मनमोहित करें। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को नागर भ्रमण का कार्यक्रम किया गया वहीं शनिवार को कलश यात्रा निकला गया था। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने से हमारे मन को काफी प्रसन्नता मिलती है, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति को साउंड सिस्टम भेंट किया ताकि मंदिर की प्रातः काल और संध्या काल की आरती आसपास के घरों तक पहुंच कर शुद्ध वातावरण से मनमोहित करें। मंदिर समिति के सदस्यों के साथ में सदैव खड़ा हूं। मौके पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से पंचमुखी मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ था। सभी के सहयोग से मंदिर बन कर तैयार है। मंदिर समिति विशेष रूप से युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा का आभार प्रकट करती है इन्होंने मंदिर समिति को मंगलवार को साउंड सिस्टम प्रदान किया है।

## मटवारी चौक से ऐ.के. इंटरनेशनल तक अवैध होर्डिंग, होल्डिंग टैक्स एवम ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम की टीम द्वारा मटवारी चौक से ऐ.के. इंटरनेशनल तक विभिन्न स्थानों पर लगाये गए अवैध होर्डिंग हटाया गया। जिसमें एल आई सी गेट, शिव शक्ति मेडिकल , सनराइज , टाइड ,एस एन फ़ास्ट फ़ूड, पैराडाइस, महाराजा जी, ओम शांति जेनेरल स्टोर, अरुण आइस क्रीम, कैप्चर मूवमेंट , न्यू यूनिक फैशन के होर्डिंग हटाया गया।कुछ होर्डिंग जैसे कैप्चर मूमेंट , यूनीक फैशन ,महाराजा , मा ऑप्टिकल , एस एन चाइनीज़ , उदय डिजिटल स्टूडियो , सिमरन मेकअप , एक्सइड ने भुगतान कर होर्डिंग को वैध कराया गया, जिससे करीब 30000 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई। साथ ही वहां ट्रेड लाइसेंस , एवं होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायदारों की जांच की गई। अभियान के दौरान प्रशिक्षु आई.ए. एस. सुलोचना मीणा, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, नगर प्रबंधक फरहत अनिसी, सहायक धर्मेन्द्र राय, रितिका के शेखर आदि उपस्थित थे।

## राजकुमार हो सकते हैं झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी, कहा कड़ी टक्कर देने को हूं तैयार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है।ऐसे में संभावित उम्मीदवारों को लेकर लगाए जाने वाले कयास भी चर्चा में है।संभावना जताई जा रही है कि झारखंड पार्टी से पूर्व जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा लोकसभा के प्रत्याशी हो सकते हैं।इस बाबत श्री कुशवाहा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने मूलवासियों को मोहरा बनाकर उन्हे ठगा है।उन्हे विश्वास है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जल जंगल जमीन से जुड़े लोग उन्हे जरूर समर्थन देंगे।जिस झारखंड के सपने संजोकर जयपाल सिंह ने झारखंड पार्टी बनाई थी उसे हीं सीढ़ी बनाकर आज लोग सत्ता की मलाई चाट रहे है।

# ग्राम सभा का विरोध कर रहे ग्रामीण दो घंटे तक अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को रखा अपने घेरे में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय के द्वारा आम सूचना संख्या 154/रा. के आलोक में प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोंदलपुरा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के भू अर्जन के निमित्त परियोजना प्रभावितों विस्थापितों के पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापना हेतु तैयार की गई पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापना योजना के मसौदा के संबंध में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के व्यक्तियों के सुझावों और मंतव्य को सुनने एवं अंतिम योजना में समावेश करने के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम और प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल को लगभग 2 घंटे अपने घेरे में रख कर हजारीबाग उपायुक्त को बुलाने की मांग करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने अदानी, एनटीपीसी और जेएसडब्ल्यू कोल खनन



कंपनी के विरोध में नारेबाजी किया। ग्रामीणों ने कहा के हमेशा एक ग्राम सभा को रुकवाते है फिर जिला प्रशासन के द्वारा दूसरे ग्रामसभा का तिथि निर्धारित कर दिया जाता है जो सरासर आम जनता के हित में नहीं है।

जिला प्रशासन को चाहिए के ग्रामीणों के द्वारा जो फैसला एक बार ले लिया गया उसके बाद दोबारा ग्राम सभा की तिथि न निकली जाए। काफी हो हल्ला के बीच अंत में लोक सुनवाई का आयोजन हुआ।

गोंदलपुरा पंचायत भवन में लोक सुनवाई आयोजित हुई जिसमें बड़कागांव अंचल अधिकारी बालेश्वर राम उपस्थित हुए एवं लोक सुनवाई का संचालन एवं संपादन कराया।

जनसुनवाई में जनता के द्वारा निर्णय लिया गया कि कंपनी को जमीन नहीं देंगे। साथ ही जंगल, वन भूमि नहीं देने तथा पुनर्वास स्थल में नहीं जाने का प्रस्ताव पास किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने खदान नहीं खोलने का प्रस्ताव पारित किया। लोगों ने कहा कि कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द कर भूमि अधिग्रहण 2013 के अधिनियम के विधियों का सम्मान करें। जनसुनवाई में स्थानीय प्रतिनिधि एवं प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित हुए लोगों को प्रस्ताव में ये बात आई के आज के बाद कोल कंपनी के कार्यो को रोक लगाई जाए। अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने लिखित रूप से कहा कि आज के बाद से कोई जनसुनवाई एवं ग्राम सभा नहीं होगी। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व मुखिया दीपक दास, श्रीकांत निराला, आशीष चक्रवर्ती, विनोद महतो, विकास महतो, चंदन कुमार, मनोज कुमार, उपेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, चरण कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने आधुनिक कृषि खेती व तकनीक पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कौशल वृद्धि के माध्यम से सामुदायिक विकास के लिए पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने ग्रामीणों के लिए ÷आधुनिक कृषि खेती और तकनीक÷ पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह परिवर्तनकारी पहल ÷आधुनिक कृषि खेती और तकनीकों÷ पर केंद्रित थी ।और हज़ारीबाग़ में होली क्रॉस कृषि विज्ञान ट्रस्ट में आयोजित की गई थी। यह आवश्यक कार्यक्रम 13 मार्च, 2024 को समाप्त होगा। नवीनतम कृषि पद्धतियों के साथ ग्रामीणों को सशक्त बनाने के उद्देश्य



से, कार्यक्रम ने टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों की आजीविका में सुधार के लिए एनटीपीसी के समर्पण को रेखांकित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों के समूह का स्वागत किया गया, जिसमें 31 महिला और 4 पुरुष किसान शामिल थे। जिन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों की अपनी समझ को व्यापक बनाने के लिए उत्सुकता से नामांकन कराया। संसाधन प्रबंधन, मशरूम की खेती (ऑयस्टर, मिल्की और बटन), मौसमी सब्जियों की खेती, ग्राफ्टिंग, पौध नर्सरी तैयार करना, कीट और रोग नियंत्रण, फल और सब्जी मूल्य संवर्धन सहित कृषि के विभिन्न पहलुओं में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम को सावधानी पूर्वक तैयार किया गया था। वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, और नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों का एकीकरण। यह कार्यक्रम एस.के. की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने, कृषि उत्पादकता में सुधार करने और अंततः उनकी आजीविका में सुधार करने के लिए उन्नत तकनीकी जानकारी से लैस करना है।

## विधायक ने 204 स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मौगड़हा उर्दू, बेसिक स्कूल पंचमाधव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बूढ़ी डीह, अपग्रेड मिडिल विद्यालय करसो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया, अपग्रेड मिडिल विद्यालय चतरो, अपग्रेड मध्य विद्यालय हरिला, अपग्रेड मध्य विद्यालय बेला, अपग्रेड मध्य विद्यालय गुड़ियों, अपग्रेड मध्य विद्यालय जीतपुर, अपग्रेड मध्य विद्यालय बेहराबाद, अपग्रेड मध्य विद्यालय डपोक, अपग्रेड मध्य विद्यालय शिवपुर, अपग्रेड मध्य विद्यालय दौरवा कुंडवा, कन्या मध्य विद्यालय बरही, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोलहुआकला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह के 204 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता, सुनील साहू एवं बीआरसी लिपिक अरुण शर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** के डी चिल्ड्रेन उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्राचार्या मीनू गुप्ता एवं उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा की अध्यक्षता में मातृ दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने मां के सम्मान में नृत्य नाटिका एवं स्तुति प्रस्तुत करके मां की मर्यादा से सभी को अवगत कराया।विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपनी-अपनी माता के चरण धोकर मां का आशीर्वाद भी प्राप्त किया गया। विद्यार्थियों की माताओ के लिए संगीतमई कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता होने वाली माता को विद्यालय प्राचार्या ने पुरस्कृत किया तथा मातृ दिवस पर आए हुए माताओं का अभिवादन करते हुए महिलाओं की उपलब्धियां को बताते हुए मातृ शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला।मंच संचालन सहायक शिक्षिका कल्याणी दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन उप प्रचार्या द्वारा किया गया।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सहायक शिक्षक श्री उपेंद्र पांडे, जयनाथ महतो, धनंजय मिश्रा, नीलम सिंह, कमला सिंह, अमिता प्रसाद, विजय सिन्हा, सुखदेव यादव, राहुल सोनी, दीक्षा श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, प्रियरंजन, राहुल सिन्हा, जूली सिंहा, संगम पांडे, पूनम सिन्हा, पूनम तिवारी, मीनाक्षी सिन्हा, राफिया खातून, आरोही, नैंसी, सुजाता, लीलावती, मंजू देवी, पूनम गुप्ता, श्वेता मिश्रा आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# विधायक अकेला यादव व डीडीसी ने संयुक्त रूप से किया अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल के लिए मंगलवार का दिन बेहद ही उपयोगी रहा। स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव व डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनी प्रसाद, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी आदि उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस 15 दिनो के अंदर कार्य करना प्रारंभ कर देगा। एसी, एम्बुलेंस और मुर्दा वाहन की कमियों को 30 दिनों के अंदर शीघ्र व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने विधायक श्री अकेला से एंबुलेंस उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। जिसे विधायक ने अपनी सहमति देते हुए चालक व देखरेख





की व्यवस्था सीएस को करने की बात कही। मौके पर आयोजित उद्घाटन सभा को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि बरही विधायक के अथक प्रयास से बरही के लिए एक आवश्यक कार्य संपन्न हुआ। उन्होने बताया कि विधायक ने जिला के हर एक बैठक में इसे चालू करवाने की बात रखी थी, जिला प्रशासन को भी इनके मांगो को प्राथमिकता देते हुए पोस्टमार्टम हाउस प्रारंभ करना पड़ा है। सभा में ही पोस्टमार्टम हाउस के डीएमएफटी मद से नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। विधायक श्री अकेला ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए जिला प्रशासन का अभार जताया। इसके साथ ही अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड स्टोरेज बैंक भी शीघ्र स्थापित करने की मांग किया। उन्होंने कहा कि अनुमंडलिय अस्पताल में हर संभव सुविधाए उपलब्ध करवाए जा चुके हैं, लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। ब्लड बैंक के बाबत सीएस ने बताया कि स्थल का चयन किया जा चुका है, शीघ्र ही चालू किया जायेगा। 15 दिनो के अंदर अल्ट्रासोनोग्राफी प्रारंभ करवाने की बात कही। साथ ही पोस्टमार्टम हाउस को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्थानीय चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने की बात कही। उन्होंने बताया कि 15 दिनो के अंदर यह पोस्टमार्टम हाउस सुचारू रूप से कार्यरत हो जायेगा। कार्यक्रम में डॉ नीलू कुमारी, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अंकुर विहार, डॉ इंद्रजीत कुमार, प्रधान लिपिक पंकज कुमार, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु कुमार सिन्हा, बिजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार, एएनएम, सहिया सहित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सुनील साहू, रिजवान अंसारी, बासुदेव गोप, दीपक गुप्ता आदि कई लोग मौजूद थे।

## बरही में खुला भुनेश्वर कुक एंड कैटरिंग इवेंट ऑर्गेनाइज





**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में पानी टंकी हजारीबाग रोड में भुवनेश्वर प्रसाद स्वर्णकार कुक एंड कैटरिंग इवेंट ऑर्गेनाइज का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन खुद संचालक भुनेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। बताया गया की बरही में यह दूसरा ब्रांच है। वहीं डायरेक्टर व संचालन कर्ता प्रमोद साव, बरही ब्रांच का संचालन कर्ता प्रियंका कुमारी और सहयोगी राज आर्यन उर्फ छोटी ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, धनबाद से निशु सिंह, बोकारो से अमित कुमार, इटखोरी से अभिमन्यु कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी संजय कुमार उर्फ बबलू साव, जीबलाल साव, डॉ दीपक शरण, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद केसरी उर्फ राजू सर, शोभा देवी, प्रियांशु कुमारी, सुनैना कुमारी, कुणाल कुमार राहुल कुमार साव, अनिल स्वर्णकार, धनेश्वर कुमार, प्रख्यात कुमार आदि उपस्थित थे।

## गुड़ियो गांव में हाथियों को देख पटवन मशीन फेंक भागा किसान



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के विजैया पंचायत के गुड़ियो गांव में सुबह सुबह अपने खेत पटाने जा रहा किसान हाथियों को देख पटवन मशीन फेंक कर उल्टे पांव वापस भागा। उसने मुखिया मकीना खातून और उनके पति मो मंसूर को इसकी जानकारी दी। मो मंसूर ने फोन पर वन क्षेत्र पदाधिकारी को गांव में हाथी आने और फसलों को बर्बाद करने की जानकारी दी। बताया कि किसानों के खेत में गेहूं लगे हैं और किसान हाथियों के कारण दहशत में हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने टीम भेजकर हाथियों को भगाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गूड़ियो जंगल में तीन बड़े हाथी देखे गए हैं। जबकि नौ हाथियों का झुंड है। भोजन की तलाश में छः हाथी इधर-उधर चले गए हैं। किसानों के खेतों में लगे ईख और गेहूं की फसल खाने के लिए हाथी गांवों में आ रहे हैं। मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया कि शाम तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंची थी।

## ग्राहक सेवा केंद्र सह प्रज्ञा केन्द्र का हुआ उद्घाटन





**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत झुमरा मुख्य चौक के रामदेव खरिका गली में मंगलवार को बैंक ऑफ़ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र सह प्रज्ञा केंद्र का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता,जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवं शाखा प्रबंधक आरती कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शाखा प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि लोन कार्य छोड़कर बैंक के सभी कार्य यहां किए जाएंगे वही संस्थापक जिनगा निवासी बबलू कुमार ने बताया कि बीओआई की शाखा खुलने से अब आम लोग जमा निकासी, नया खाता खोलना, फंड ट्रांसफर, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के साथ साथ जाति, आवासीय, आय, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, रेलवे टिकट, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड प्रिंट, पीएम किसान इत्यादि से संबंधित कार्य आसानी से यहां करा पाएंगे। मौके पर जगदीश महतो, प्रकाश कुमार, लोकेश कुमार, उमेश प्रसाद, दिलिप कुमार, संजय कुमार कामेश्वर नारायण कुशवाहा, ओम प्रकाश सोनी, सुनील कुमार, अयूब अंसारी, इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

## मुफ्त ओपीडी जांच हुआ आयोजित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत कोलम्ब मिशन हॉस्पिटल एवं मेदांता हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में दिन मंगलवार को बिजली ऑफिस समीप रविन्द्र पथ स्थित संत कोलम्ब मिशन हॉस्पिटल में मुफ्त ओपीडी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हृदय रोग, किडनी रोग एवं ईएनटी रोग का मरीजों का मुफ्त उपचार हुआ। जिसमें हृदय रोग, किडनी रोग एवं ईएनटी रोग का कुल 180 की संख्या में मरीजों का मुफ्त उपचार प्राप्त किया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार ने हृदय रोग से संबंधित मरीजों का मुफ्त उपचार कर अपना बहुमुल्य परामर्श दिया। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार सिंह ने किडनी रोग से संबंधित मरीजों का मुफ्त उपचार कर अपना बहुमुल्य परामर्श दिया। वहीं कान, गला एवं नाक रोग विशेषज्ञ डॉ कृष्णा किंकर दास ने कान, गला एवं नाक रोग से संबंधित मरीजों का मुफ्त उपचार कर अपना बहुमुल्य परामर्श दिया। मौके पर डॉ आर के अग्रवाल ने कहा कि मुफ्त ओपीडी के माध्यम से मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे गरीब, मजदूर एवं मध्य परिवार को स्वास्थ्य में काफी राहत मिलेगा। मौके पर डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शरीर में कुछ भी प्रकार का समास्या उत्पन्न होने पर हमेशा से विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच करवाकर अपना इलाज करना चाहिए। जिससे गंभीर बिमारियों एवं आर्थिक संकट से बचा जा सकता है।

## झारखंड मांग दिवस के अवसर पर अबुआ झारखंड पार्टी ने रैली निकाली

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुआ झारखंड पार्टी के तत्वाधान में मंगलवार को झारखंड मांग दिवस के अवसर पर फ्रेंकलिन धान कि अध्यक्षता पर प्रखंड मैदान से रैली निकाला गया. एवं कर्रा थाना चौक स्थित एक निजी आवास में अबुआ झारखंड पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन पड़हा राजा सोमा मुंड़ा एवं फ्रेंकलिन धान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. वही रैली के दौरान उपस्थित लोगों ने झारखंड आन्दोलनकारीयों को सरकारी सुविधा, पेंशन, सम्मान देने की मांग करते हुए, स मान नागरिक कानून को रद्द करने, सीएनटी एक्ट का उल्लघंन करते हुए आदिवासी जमीन जमीन खरीद बिक्री पर रोक लगाने कि नारा लगाते हुए नजर आये. इस मौके पर लौरेंस बाखला, सुलेमान धान, बेनेदिक धान, दीलीप होरो, जेवियर मुंडा, फागू उरांव, आशिष होरो, सुशांति धान, रोयलेन होरो, अमृत मुंडा, लोहर सिंह मुंडा, बाहा लिंडा के अलावे अन्य अंबुजा झारखंड पार्टी के लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ में अपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश : डॉ विमल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को रामगढ़ जिला के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार से मुलाकात कर जिले में घट रही अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, सड़कों पर मवेशियों के कारण यातायात में आ रही परेशानियों से छुटकारा दिलाने, हैल्मेट चैकिंग को सुभाष चौक के बजाय शहर के बहारी इलाकों पर करवाने जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल को उक्त समस्याओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के साथ पुर्व रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,मानद सचिव मानु चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इन्दर पाल सिंह सैनी, कार्यकारिणी सदस्य अमित साहु, उपसमिति के सदस्य राहुल पटानी एवं चन्द्रशेखर अग्रवाल (चिन्टु) उपस्थित थे।

## एक स्टेशन एक उत्पादक का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक स्टेशन एक उत्पादक कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बरकाकाना स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म में एक स्टेशन एक उत्पादक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओनलाइन शामिल होकर लगभग 85 हजार करोड़ से अधिक रेल परियोजना को शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टेशन प्रबंधक अमर कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गिरीडीह विधायक लंबोदर महतो शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरीय सुरक्षा पदाधिकारी धनबाद अभिनव सिद्धार्थ व सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपीएफ मनोज कुमार श्रीवास्तवौ उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। मौके पर बरकाकाना स्टेशन प्रबंधक पीके गांगुली, एक तिर्की, आरपीएफ पोस्ट बरकाकाना पुलिस अवर निरीक्षक स्मृति रेखा दत्ता, सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद, आरपीएफ पोस्ट बरकाकाना के आरक्षी निरीक्षक के के पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा भदानी नगर मंडल अध्यक्ष एवं भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी जिला रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के मनोनीत भदानी नगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी एवं भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा को हवेली रेस्टोरें के सभागार में भुरकुंडा मंडल के उपाध्यक्ष जगतार सिंह के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत एवं बधाई दिया गया इस कार्यक्रम का सभा संचालन मंडल के महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि श्री मोती नारायण सिंह ने किया कार्यक्रम में जिला के ओर से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद एवं भाजपा के एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे एवं दक्षिणी छोटा नागपुर पर मंडलीय सा प्रभारी ओ बी सी मोर्चा एवं सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो उपस्थित थे संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दोनों मंडलों में भारतीय जनता पार्टी के आने वाले लोकसभा चुनाव उम्मीदवार मनीष जायसवाल को भारी से भारी मतों से विजय बनाएंगे एवं कुमेल उरांव जी ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं मंडल से लेकर प्रदेश तक का राजनीति किया हूं और मैं अपने दोनों मंडल अध्यक्षों को अपने अनुभव हमेशा देता रहूंगा महेंद्र महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन चलने वाली एक प्रक्रिया है जो भाजपा में समय-समय पर परिवर्तन होता रहता है और छोटे कार्यकर्ता से लेकर मंडल अध्यक्ष से लेकर विधायक सांसद मंत्री बनते हैं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा मोर्चा पूर्व महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सरस्वती देवी युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष शर्मा कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह पंचम महतो भोला प्रसाद कुशवाहा महतो अशोक सोनी प्रिंस सिंह कपिल दांगी मनोज साहू सोशल मीडिया प्रभारी आनंद कुमार मंडल उपाध्यक्ष परमेश्वर चंद्र चौधरी मंडल मंत्री अनिल खरवार उपस्थित हुए।

## भाजपा ने घबराकर ईडी का रेड करा दिया



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि आज हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार के रूप में अंबा प्रसाद का घोषणा होना था और यह निश्चित था कि लोकसभा की जनता बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को सांसद मान चुकी थी । इससे हताश परेशान भाजपा ने घबराकर आज अहले सुबह अपने तोते केंद्रीय एजेंसी ईडी अर्थात प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद जी एवं उनके रिश्तेदारों के सभी आवासो पर रेड कर दिया जिससे कि उनकी छवि धूमिल हो जाए और इसका लाभ भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को मिले लेकिन पूरा लोकसभा क्षेत्र कि जनता जानती है कि अंबा प्रसाद और उनके परिवार संघर्षशील है और उसे इससे वह घबराने वाले नहीं है । भाजपा ने इस रेड को करवाकर यह साबित कर दिया है कि वो झारखंड की सबसे लोकप्रिय युवा विधायक अंबा प्रसाद से हजारीबाग में हार मान चुकी है ।और जीत के लिए इस तरीके का हथखंडे अपना रही है लेकिन जनता जाग चुकी है। जनता सब जानती है आज जिस तरीके से पूरे देश में लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है । जहां-जहां कांग्रेस या विपक्ष के जीतने वाले प्रत्याशी हैं पहले उन्हें खरीदने की कोशिश की जाती है और नहीं मानने पर उनके यहाँ ईडी और सीबीआई को भेज दिया जाता है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में पंचायत और हम विषय पर परिचर्चा का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को पंचायत और हम विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परिचर्चा में पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। परिचर्चा का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।विषय प्रवेश कराते हुए राहुल राजगढ़िया ने कहा कि इस परिचर्चा का मकसद बच्चों को पंचायती राज व्यवस्था का प्रायोगिक ज्ञान दिलाना है।सुंदरनगर के मुखिया व्यास पांडेय ने पंचायती राज की मौलिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गांव की सरकार है, जो विकास कार्यों को सही तरीके से धरातल पर उतार सकती है। सरकार की योजनाओं को उसके वास्तविक लाभुक तक पहुंचाने का दायित्व हमारे कंधे पर होता है। पंचायत सचिवालय आकर किसी भी योजना की सटीक जानकारी ली जा सकती है।चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार ने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांवों की प्रगति में ही देश की प्रगति है। सरकारी राशि का भी दुरुपयोग शुरू हो जाता है। यहां तक कि सामान्य जनता के प्रति उनका व्यवहार भी बदल जाता है। इसलिए अपने मताधिकार की ताकत से हमेशा अच्छा प्रतिनिधि चुनें।इस अवसर पर बच्चों ने पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े कई सवाल पूछे, जिसका अतिथियों ने जवाब दिया। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मंच संचालन साधना सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। मौके पर जानकी ठाकुर, मुख्तार सिंह, एच के सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डाक्टर द्वारा दी गई इंजेक्शन से युवक की बिगड़ी तबीयत, हुई मौत



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उरीमारी के भारत भारती विधालय के समीप रहने वाले तेजभान प्रसाद के एकलौते पुत्र पिंटू कुमार साव उम्र 40 वर्ष की तबीयत कुछ दिनो से खराब चल रही थी।इसी आलोक में पिंटू कुमार ने सयाल आठ नंबर के निजी क्लीनिक के डाक्टर एस के दास को संपर्क कर अपने घर पर बुलाया। सयाल आठ नंबर के समीप क्लीनिक चलाने वाले डॉ एसके दास के द्वारा मरीज पिंटू को इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज की तबीयत काफी बिगड़ गयी परिजन आनन-फानन में उसे भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया.घटना के बाद पिता ने बताया कि पिंटू की तबीयत तीन-चार दिन से खराब थी. उसे बुखार व खांसी था. मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे डॉ दास को फोन कर घर पर बुलाया गया था. डॉ दास ने जांच रिपोर्ट देखकर बताया कि पिंटू को टायफायड है. डॉ दास इंजेक्शन लगाने के बाद चले गये. उनके जाने के 15-20 मिनट बाद ही पिंटू बेचैनी की शिकायत करने लगा. उसके मुंह से झाग भी निकलने लगा. जब डॉ दास से संपर्क किया गया, तो उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी. जब परिजन पिंटू को अस्पताल लेकर पहुंचे, तभी वहां के डाक्टर ने जांच कर पिंटू को मृत घोषित कर दिया गया. तेजभान प्रसाद ने मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले डॉ दास पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाते हुए उन्हें बेटे की मौत का जिम्मेवार बताया है. इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था. शाम को पिंटू के शव का दामोदर नदी तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। हालांकि परिजनों ने मामले में कोई भी शिकायत पुलिस से नहीं की है. परिवार में पिंटू की पत्नी, छह साल की एक बेटी, पांच साल का बेटा है. वहीं इस मामले में डाक्टर एस के दास ने अपने उपर लगे आरोप को सिरे से खारिज कर दिया।

# 60 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद के वार्ड नंबर 7 अंतर्गत कटलिया बेड़ा से पोचरा तक 60 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास किया गया। पीसीसी पथ का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा का समुचित विकास ही उनका लक्ष्य है। कहा कि वह इसी को ध्यान में रखकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गली और मुहल्ले में पीसीसी पथ का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो। विधायक ने कहा कि वह विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर हैं और जहां भी जरूरत होती है मैं पहुंचकर लोगों की मदद करती रहती हूं। कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो और जरूरत मंद लोगों को योजनाओं का लाभ मिले इसी को ध्यान में रखकर मैं कार्य कर रही हूं। कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो और लोग खुशहाल हों यही उनका लक्ष्य है और इसी को ध्यान में रखकर वह कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन जनार्दन व रीना साह ने किया। मौके पर अनुपमा, मीरा, खुशबू, आशा, सिंधू मेहता, सीताराम , राकेश साव, छोटू करमाली, सुरेंद्र साव, राजेंद्र महतो, कुलदीप वर्मा, नीरज मंडल, सजय बनारसी, नंदू महतो, दयासागर प्रसाद , गिरधारी महतो, भुनो देवी, सीमा देवी आदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

64वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– आयोग द्वारा चिन्हित आन्दोलनकारी एवं पूर्व माननीय सांसद भुवनेष्वर मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष शपथ पत्र तथा आवेदन में दर्ज बयान के आधार पर। | |
| 62 | 1. आवेदन क्र0–2744 / 24<br>2. आवेदक–मितलाल महतो , पिता–स्व0 विशुन महतो<br>3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 63 | 1. आवेदन क्र0–2745 / 24<br>2. आवेदक–दुर्गा प्रसाद महतो , पिता–स्व0 भुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64 | 1. आवेदन क्र0–2746 / 24<br>2. आवेदक–गुणेश्वर प्रसाद , पिता–स्व0 गुलाबचन्द महतो<br>3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलाट पर चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 65 | 1. आवेदन क्र0–2747 / 24<br>2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद , पिता–छटु महतो<br>3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 66 | 1. आवेदन क्र0–2748 / 24<br>2. आवेदक–जागेष्वर प्रसाद , पिता–स्व0 टुकलाल महतो<br>3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 67 | 1. आवेदन क्र0–2749 / 24<br>2. आवेदक–संजय कुमार मेहता , पिता–हेमराज महतो<br>3. ग्राम–लुपूंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 68 | 1. आवेदन क्र0–2750 / 24<br>2. आवेदक–सेवा राम , पिता–स्व0 धनी राम<br>3. ग्राम–लुपूंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 69 | 1. आवेदन क्र0–2751 / 24<br>2. आवेदक–पुरमानी राम , पिता–स्व0 गांगो राम<br>3. ग्राम–लुपूंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 70 | 1. आवेदन क्र0–2752 / 24<br>2. आवेदक–वीरेंदर गोप , पिता–रघु गोप<br>3. ग्राम–लुपूंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 71 | 1. आवेदन क्र0–2753 / 24<br>2. आवेदक–मुन्नी देवी , पति–देवनारायण गोप<br>3. ग्राम–कंचनपुर , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुडी में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 72 | 1. आवेदन क्र0–2754 / 24<br>2. आवेदक–प्रीतम राणा , पिता–बढ़न राणा<br>3. ग्राम–गोविन्दपुर , पोस्ट–कंचनपुर , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में बायें तरफ जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 73 | 1. आवेदन क्र0–2755 / 24<br>2. आवेदक–माधवी देवी , पति–जयनारायण प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–लुपुंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 74 | 1. आवेदन क्र0–2756 / 24<br>2. आवेदक–घुटवा देवी , पति–स्व0 सोहन महतो<br>3. ग्राम–लुपुंग , पोस्ट–लुपूंग , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 75 | 1. आवेदन क्र0–2757 / 24<br>2. आवेदक–हिरामन प्रसाद मेहता , पिता–भीखो महतो<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के सामने कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76 | 1. आवेदन क्र0–2758 / 24<br>2. आवेदक–केदार प्रसाद मेहता , पिता–लोधर महतो<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77 | 1. आवेदन क्र0–2759 / 24<br>2. आवेदक–बंगाली मेहता , पिता–लोधर महतो<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78 | 1. आवेदन क्र0–2760 / 24<br>2. आवेदक–छतरी महतो , पिता–भीखन महतो<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जला निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79 | 1. आवेदन क्र0–2761 / 24<br>2. आवेदक–समसुद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 कबीर मियां<br>3. ग्राम–रहमत नगर, पेलावल , पोस्ट–पेलावल , थाना–पेलावल , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 80 | 1. आवेदन क्र0–2762 / 24<br>2. आवेदक–विनय कुमार , पिता–सुरेष चन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम–कन्डसार , पोस्ट–कन्डसार , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81 | 1. आवेदन क्र0–2763 / 24<br>2. आवेदक–मसो0 ललिता देवी , पति–सत्येद्र महतो<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 82 | 1. आवेदन क्र0–2764 / 24<br>2. आवेदक–मसो0 अमिना , पति–स्व0 मो0 कासिम मलिक<br>3. ग्राम–खुटरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 83 | 1. आवेदन क्र0–2765 / 24<br>2. आवेदक–मीरा देवी , पति–अषोक कुमार मेहता<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84 | 1. आवेदन क्र0–2766 / 24<br>2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–निरंजन कुमार<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85 | 1. आवेदन क्र0–2767 / 24<br>2. आवेदक–आषा देवी , पति–उमेष प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 86 | 1. आवेदन क्र0–2768 / 24<br>2. आवेदक–चिंता देवी , पति–गोविंद यादव<br>3. ग्राम–पबरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 87 | 1. आवेदन क्र0–2769 / 24<br>2. आवेदक–रेहाना खातुन , पति–स्व0 मो0 मुस्ताक हसन अंसारी<br>3. ग्राम–बोंगा , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 88 | 1. आवेदन क्र0–2770 / 24<br>2. आवेदक–कान्ती देवी , पति–हुलाष महतो<br>3. ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–करिअतपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 89 | 1. आवेदन क्र0–2771 / 24<br>2. आवेदक–प्रयाग प्रसाद मेहता , पिता–धर्मनाथ महतो<br>3. ग्राम–बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90 | 1. आवेदन क्र0–2772 / 24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद मेहता , पिता–अमृत महतो<br>3. ग्राम–बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ठुडी में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 91 | 1. आवेदन क्र0–2773 / 24<br>2. आवेदक–सुरेष मेहता , पिता–महरू महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , पोस्ट–दढ़ा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ माथा में कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 92 | 1. आवेदन क्र0–2774 / 24<br>2. आवेदक–सीताराम महतो , पिता–महादेव महतो<br>3. ग्राम–सिझुआ , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक के उपर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 93 | 1. आवेदन क्र0–2775 / 24<br>2. आवेदक–प्रदीप कुमार मेहता , पिता–दुखन महतो<br>3. ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94 | 1. आवेदन क्र0–2776 / 24<br>2. आवेदक–गोविन्द प्रसाद मेहता , पिता–वासुदेव महतो<br>3. ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95 | 1. आवेदन क्र0–2777 / 24<br>2. आवेदक–नेमधारी प्रसाद महतो , पिता–बोधी महतो<br>3. ग्राम–सुजी , पोस्ट–जीहू , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 96 | 1. आवेदन क्र0–2778 / 24<br>2. आवेदक–नागेष्वर प्रसाद मेहता , पिता–मधु महतो<br>3. ग्राम–तिलिर , पोस्ट–जीहू , थाना–ओ0पी0पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97 | 1. आवेदन क्र0–2779 / 24<br>2. आवेदक–जमुना महतो , पिता–छतो महतो<br>3. ग्राम–कुटिपिसी , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 98 | 1. आवेदन क्र0–2780 / 24<br>2. आवेदक–मो0 तनविर अख्तर , पिता–स्व0 मो0 सहिमउद्दीन<br>3. ग्राम–चौपराण , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 99 | 1. आवेदन क्र0–2781 / 24<br>2. आवेदक–अनवर हुसैन , पिता–अब्दुल रजाक<br>3. ग्राम–पसई , पोस्ट–रेवाली , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 100 | 1. आवेदन क्र0–1677 / 24<br>2. आवेदक–पुरन राम साहू , पिता–रामेष्वर साहू<br>3. ग्राम–पतरातू , पोस्ट–पतरातू , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 101 | 1. आवेदन क्र0–152 / 24<br>2. आवेदक–राजु मेहता , पिता–स्व0 नारायण मेहता<br>3. ग्राम–डोमचांच , पोस्ट–डोमचांच , थाना–डोमचांच , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर मे टुटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 102 | 1. आवेदन क्र0–153 / 24<br>2. आवेदक–बिकास कुमार सिन्हा , पिता–विनेष कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–दुधीमाटी , पोस्ट–कोडरमा , थाना–कोडरमा , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालेष्वर कुमार एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदन के आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 103 | 1. आवेदन क्र0–1918 / 24<br>2. आवेदक–मेनका देवी , पति–जगदीश प्रसाद दाँगी<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में गांठ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104 | 1. आवेदन क्र0–2144 / 24<br>2. आवेदक–तिलेष्वरी देवी , पति–सबुर महतो<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों पैर में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105 | 1. आवेदन क्र0–2145 / 24<br>2. आवेदक–संतोष कुमार राणा , पिता–स्व0 गणेश राणा<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106 | 1. आवेदन क्र0–2146 / 24<br>2. आवेदक–भागीनाथ महतो , पिता–स्व0 रूपु महतो<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107 | 1. आवेदन क्र0–2147 / 24<br>2. आवेदक–रामप्रसाद महतो , पिता–स्व0 बिरसहाय महतो<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में कटा हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 108 | 1. आवेदन क्र0–2148 / 24<br>2. आवेदक–कन्हाय कुमार , पिता–स्व0 लखन महतो<br>3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कलाई में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109 | 1. आवेदन क्र0–2149 / 24<br>2. आवेदक–ललीता देवी , पति–सोहर महतो<br>3. ग्राम–गंगादोहर , पोस्ट–गोसाईबलिया, थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110 | 1. आवेदन क्र0–2150 / 24<br>2. आवेदक–तापेष्वर महतो , पिता–स्व0 बालचंद महतो<br>3. ग्राम–कान्डतरी , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 111 | 1. आवेदन क्र0–2151 / 24<br>2. आवेदक–बालेष्वर प्रसाद दाँगी , पिता–स्व0 सुखी महतो<br>3. ग्राम–विश्रामपुर , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112 | 1. आवेदन क्र0–2152 / 24<br>2. आवेदक–फुलचंद राम , पिता–स्व0 धुपलाल राम<br>3. ग्राम–महुदी , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के सामने कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113 | 1. आवेदन क्र0–2153 / 24<br>2. आवेदक–खेमलाल राम , पिता–स्व0 महादेव राम<br>3. ग्राम–महुदी , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में लुरका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114 | 1. आवेदन क्र0–2154 / 24<br>2. आवेदक–रविकांत कुमार महतो , पिता–बंशी महतो<br>3. ग्राम–महुदी , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115 | 1. आवेदन क्र0–2155 / 24<br>2. आवेदक–बिनोद प्रसाद दाँगी , पिता–मुन्षी महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 116 | 1. आवेदन क्र0–2156 / 24<br>2. आवेदक–भोला प्रसाद , पिता–तुलसी महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ की अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117 | 1. आवेदन क्र0–2157 / 24<br>2. आवेदक–सुरेष महतो , पिता–धनेष्वर महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 118 | 1. आवेदन क्र0–2158 / 24<br>2. आवेदक–ओम प्रकाष कुमार , पिता–तालेष्वर महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119 | 1. आवेदन क्र0–2159 / 24<br>2. आवेदक–सुकर महतो , पिता–स्व0 सुखलाल महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 120 | 1. आवेदन क्र0–2160 / 24<br>2. आवेदक–केसर महतो , पिता–स्व0 जोधी महतो<br>3. ग्राम–मिर्जापुर , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121 | 1. आवेदन क्र0–2161 / 24<br>2. आवेदक–नन्दलाल महतो , पिता–स्व0 जोधी महतो<br>3. ग्राम–मिर्जापुर , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122 | 1. आवेदन क्र0–2162 / 24<br>2. आवेदक–हरिनाथ महतो , पिता–स्व0 मकु महतो<br>3. ग्राम–मिर्जापुर , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 123 | 1. आवेदन क्र0–2163 / 24<br>2. आवेदक–खिरोधर महतो , पिता–स्व0 झगडु महतो<br>3. ग्राम–मिर्जापुर , पोस्ट–साँढ , थाना–बड़कागांव , प्रखण्ड–बड़कागांव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.322247 Home(23-24):D

# परिवारिक विवाद को लेकर देवर ने भाभी की हत्या की



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के धनवार के डुमरडीहा रतबाद गांव में मंगलवार की अहले सुबह पारिवारिक विवाद में देवर ने अपनी भाभी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।बताया जाता है कि रतबाद निवासी सुद्दीन मियाँ के बड़े पुत्र समसिर अंसारी की पत्नी रेहाना खातून की रोजा शुरू होने पर सेहरी करने के लिए मंगलवार सुबह करीब चार बजे बर्तन लेकर निकली थी। इसी दौरन पूर्व से घात लगाए हुए बैठे देवर अंसुर अंसारी अपने कुछ सहयोगियों के साथ भाभी पर हमला करते हुए धारदार हथियार से गर्दन, चेहरा, पेट पर वार कर दिया। जिससे रेहाना की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतका तीन बच्चों की माँ है और घर में सास ससुर, गोतनी ओर छोटा बेटा था। जबकि एक देवर बाहर रहता है। घटना के बाबत मृतका के बेटे दिलसान ने बताया कि घटना को अंजाम देने के वक्त छोटे चाचा के साथ कुछ ओर लोग भी मौजूद थे।इधर घटना की सूचना पाकर घोड़थम्बा व धनवार पुलिस सदलबल के साथ मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटना को लेकर मृतका के ससुर को हिरासत में लेकर थाने ले गए। घटना स्थल से पुलिस ने घटना में उपयोग की गई तलवार बरामद भी कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पुलिस ने बंद गोदाम का ताला तोड़ किया भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** खांसी के इलाज के लिए उपयोग में लाई जाने वाली एक कंपनी की कफ सिरप बरामद हुई है। पुलिस की कार्रवाई में कफ सिरप की एक बड़ी खेप धनबाद में पकड़ी गई है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। इस सिरप का इस्तेमाल युवा वर्ग नशे के रूप में करते हैं और बिना डॉक्टर की पर्ची की यह मेडिकल दुकान में देने से रोक लगी हुई है।



धनबाद से कोयला, लोहा, बालू और सिर्फ पशु की ही तस्करी नहीं हो रही बल्कि यहां से ड्रग्स भी दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। इसका खुलासा गुजरात पुलिस ने धनबाद पुलिस के सहयोग से की है। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में भेलाटांड़ ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक बंद गोदाम में छापेमारी की गई। धनबाद पुलिस, गुजरात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर और मजिस्ट्रेट की निगरानी में यह छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान बंद गोदाम का ताला तोड़ा गया, जहां गोदाम के अंदर से भारी मात्रा में कफ सिरप मिली है। प्लास्टिक की बोरियों में सिरप की पैकिंग की गई थी, बरामद सिरप की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

गुजरात पुलिस की मानें तो गुजरात में ट्रक में लोड कफ सिरप की एक खेप बरामद हुई थी। ट्रक ड्राइवर से पूछताछ करने पर उसने कई राज खोले। जिसके बाद धनबाद में गुजरात पुलिस छापेमारी करने के लिए पहुंची। गुजरात पुलिस का कहना है कि ट्रक ड्राइवर की निशानदेही पर ही यहां छापेमारी की गई। ट्रक से बरामद सिरप का कोई भी कागजात नहीं दिखाए गए लेकिन ड्राइवर ने जो खुलासा किया है उसके आधार पर पुलिस छापेमारी कर रही है।

वही ड्रग इंस्पेक्टर रंजीत चौधरी का कहना है कि निजी कंपनी की कफ सिरप बिना डॉक्टर की पर्ची के देना मेडिकल दुकानों में मनाही है। इसका इस्तेमाल विशेष कर युवा वर्ग नशे के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। वहीं मजिस्ट्रेट ने कहा कि प्रशासन के आदेश पर इस बंद गोदाम में छापेमारी की गई। गोदाम बंद पाया गया, जिसका ताला तोड़कर यहां से भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद की गई है।

# सांसद अन्नपूर्णा देवी को भाजपाइयों ने गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



**तिसरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तिसरी प्रखंड में भाजपा सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता रोड में उतर कर कोडरमा सांसद सह राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी को आगामी लोकसभा चुनाव में कोडरमा से सीट मिलने पर तिसरी में गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया और साथ ही अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद बुलंद नारा लगाकर स्वागत किया गया इसके बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर के सेवाटांड़ घर के लिए निकले पड़े। इस दौरान चंदौरी मंडल अध्यक्ष रबिंद्र पंडित एवम भाजपा थाना सांसद प्रतिनिधी सुनील साव ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में दुबारा सीट मिलने से तिसरी प्रखंड के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने काफी खुश है । इसी खुशी में सांसद अन्नपूर्णा जी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इन्होंने कहा पीछे पांच साल कोडरमा सांसद का प्रभार संभलती हुई बीच में ही राज्य के शिक्षा मंत्री का पद मिला इस पद को भी बखूभी संभली। पांच सालो के दौरान तिसरी प्रखंड ही नही देवरी, गांवा, राजधनवार आदि क्षेत्रों में जाकर जाकर हर समस्या को समाधान की है। इस बार भी प्रचंड वोट से कोडरमा से जीत हासिल करेगी। इस मौके पर भाजपा नेता डबलू सिंह, सुनील यादव, नरेश ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फुटपाथ दुकानदारों ने निगम कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के फुटपाथ दुकानदारों ने मंगलवार को धनबाद जिला दुकानदार उपार्जन संघ के बैनर तले निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। दुकानदार उपार्जन संघ के संयोजक श्यामल मजुमदार की कथनानुसार नगर निगम फुटपाथ दुकानदारों पर जुल्म ढाह रही है। नगर निगम के द्वारा स्थानीय दुकानदारों का सामान मनमर्जी के अनुसार जप्त कर ली जाती है और नगर निगम बलपूर्वक फुटपाथ से दुकानदारों को हटा देती है। नगर निगम के इस कार्रवाई से फुटपाथ दुकानदारों में गुस्सा व्याप्त है। फुटपाथ दुकानदारो का संघ अब इस आंदोलन को झारखंड की राजधानी राँची ले जाने की तैयारी कर रही है। सरकार द्वारा जो योजना पारित की गई है उसका लाभ पीड़ित उत्पाद दुकानदारों को मिलना चाहिए।

# प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एसएसपी का किया अभिनंदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** लोकसभा चुनाव एवं रमजान के महीने के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन सोमवार देर रात कतरास पहुंचे। प्रेस क्लब कतरास के नवनिर्वाचित महासचिव विनय वर्मा, उपाध्यक्ष सोहन कुमार विश्वकर्मा, सह सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुमन सिंह, सदस्य मो राजा ने संयुक्त रूप से गुलदस्ता देकर एसएसपी का अभिनंदन किया।

वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने सभी प्रेस क्लब कतरास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# कैंसर को मात देने में जुटी एक महिला, असर्फी कैंसर संस्थान में इलाज से हालत में सुधार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पेट के कैंसर से जूझ रही एक 60 वर्षीया महिला इस जानलेवा रोग को मात देने में जुटी हैं। महिला का इलाज करने वाले असर्फी कैंसर संस्थान के मेडिकल ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि जांच में चौथे स्टेज का कैंसर निकला। महिला को कीमोथेरेपी दिया जा रहा है। इलाज करने पर हालत में काफी सुधार आया है। कीमोथेरेपी दिए जाने पर वह पहले से बेहतर अनुभव कर रही हैं। महिला के पुत्र ने बताया बीमारी की अवस्था में वह खाना-पीना और चलना-फिरना छोड़ दी थी। इलाज के बाद अब वह खाना-पीना कर रही है और चल-फिर भी रही है। हालत में सुधार होने पर महिला के पुत्र ने



असर्फी कैंसर संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा की असर्फी कैंसर संस्थान में इलाज की सुविधा रहने से इलाज कराने दूसरे शहर नहीं जाना पड़ा। बता दें कि धनबाद के रंगुनी स्थित असर्फी कैंसर संस्थान में नवीनतम शोध-आधारित उपचार विकल्प उपलब्ध है। 150 बेड के इस संस्थान में एक ही छत के नीचे नैदानिक और उपचार की सारी सुवधाएं उप्लब्ध हैं। संस्थान में अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन, महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच के लिए मैमोग्राफी मशीन, पीईटी सीटी स्कैन, कीमो वार्ड, मॉड्यूलर ओटी, पैथोलॉजी और नियमित डायग्नोस करने की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा असर्फी कैंसर संस्थान में रेडिएशन चिकित्सा के लिए अति उन्नत लीनियर एक्सेलेटर रेडियोथेरेपी द वेरियन ट्रू बीम उपलब्ध है, जो कैंसर के उपचार के लिए अति प्रभावी है।

# मुखिया विनोद नापित ने नवनिर्मित बिलबेरा आंगनबाड़ी भवन का किया उद्घाटन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडू पंचायत के मुखिया बिनोद नापित ने मंगलवार को पंचायत के चनचनी तथा बिलबेरा में आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। मुखिया श्री नापित ने कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास पहली प्राथमिकता है। वर्षों से मिट्टी खपरैल भवन में खतरों के बीच बच्चों की पढ़ाई हो रही थी। नये भवन में आंगनबाड़ी केंद्र शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी है।

# तृतीय पुण्यतिथि पर स्वर्गीय नवरत्न देवी को ओल्ड एज होम में दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में मंगलवार को सबलपुर सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड एज होम में कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया ने अपनी माता स्व. नवरत्न देवी के तृतीय पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके मित्र पत्रकार तथा परिवारजन उपस्थित थे। सभी ने स्वर्गीय नवरत्न देवी को नमन किया व श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। उन्हें भोजन आर एन चौरसिया ने खुद अपने हाथों स्नेहा पूर्वक परोसा। इस अवसर पर वृद्धा सेवा आश्रम के वृद्ध जनों ने उन्हें ढेर सारे आशीर्वाद दिए। मौके पर ओल्ड एज होम लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी और उनकी टीम ने भी स्वर्गीय नवरत्न देवी को ढेर सारा आशीष दिया। इस अवसर पर आर एन चौरसिया के परिवार से सदानंद चौरसिया, सविता चौरसिया, अभिषेक चौरसिया, आरव चौरसिया एवं मित्र राजेंद्र वर्मा, मोहम्मद अफरोज, राकेश वर्मा तथा गोपाल पांडेय के साथ आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, कुमार मधुरेंद्र सिंह, सीताराम अग्रवाल, शांति देवी, विमला देवी, नूरजहां बेगम, ओम बनर्जी, बाबूलाल सोरेन व अन्य ने भी स्व नवरत्न देवी को श्रद्धांजलि दी।

# महाप्रबंधक ने नवनिर्वाचित प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक जीसी साहा ने महाप्रबंधक कार्यालय में प्रेस क्लब कतरास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रेस क्लब कतरास के महासचिव विनय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर साव, उपाध्यक्ष सोहन कुमार विश्वकर्मा, सियाशरण मनोज, पिंटू शर्मा, सहसचिव दीपक गुप्ता, सुनील बर्मन, मनोज चौहान, कोषाध्यक्ष सुमन सिंह शामिल हैं। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी यूके सिंह, ऋय पदाधिकारी अमित कुमार, भोला तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पूर्वी टुंडी थाना का नवनिर्मित भवन का विधायक द्वारा उद्घाटन, जनता को किया गया समर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** पूर्वी टुंडी थाना का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो की संयुक्त उपस्थिति में किया गया साथ ही फरियाद लेकर थाना आने वाले लोगों के लिए नागरिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुढ़ढीकरण योजना के तहत बोरियो मोड़ शंकरडीह रोड़ से खरनी लटानी भाया मोहनपुर पथ का विशेष मरम्मती कार्य एवं खरमो से बेगनरियां पथ का



शिलान्यास किया गया। मौके पर डी एस पी हेडक्वार्टर 2 के संदीप कुमार गुप्ता, पूर्वी टुंडी पुलिस निरीक्षक साज़िद अंसारी, थाना प्रभारी मदन चौधरी, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, आनंद महतो, मदन महतो, रामचंद्र मुर्मू,अजीत मिश्रा, दिनेश रजक,वशीर अहमद, फूलचंद किस्कू, कामेश्वर सिंह चौधरी, गुरूचरण बास्की, तपन मंडल समेत सैकड़ो झामुमो नेता उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक की हालत नाजुक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत हिरोडीह थाना क्षेत्र स्थित रेंबा मोड़ में मंगलवार की सुबह तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियों की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान घरारी निवासी 29 वर्षीय राजेश मुर्मू के रूप में की गई। जबकि घायल पिंटू मुर्मू है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की पहल से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हाइयर सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक



बाइक चालक राजेश मुर्मू अपने ससुराल कुसमा से वापस घर घरारी लौट रहा था। इसी बीच सुबह करीब 7 बजे विपरीत दिशा से आ रही तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियों ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद हिरोडीह थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई। इधर घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ पहुंचे। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतक के 2 छोटे छोटे बच्चे हैं। साथ ही उसकी पत्नी गर्भवती है। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मदद की मांग की है।

# सत्याग्रह एक्सप्रेस अब सप्ताह में 2 के बजाए 3 दिन चलेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनन्द विहार टर्मिनस और बापूधाम मोतिहारी के मध्य सप्ताह में दो दिन चलायी जाने वाली गाड़ी सं. 14010/14009 आनन्द विहार-बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में दो दिन के स्थान पर सप्ताह में तीन दिन किया जायेगा ।

अब आनन्द विहार टर्मिनस से 13 मार्च, 2024 से खुलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को तथा बापूधाम मोतिहारी से 14 मार्च, 2023 से खुलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को सप्ताह में तीन दिन चलाई जायेगी । साथ ही इसके कोच संयोजन में भी तीन माह के लिए अस्थायी रूप से बदलाव करते हुए साधारण श्रेणी के एक कोच के स्थान पर प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का एक कोच जोड़ा जा रहा है । यह बदलाव आनंद विहार से 13.03.2024 से 17.06.2024 तक तथा बापूधाम मोतिहारी से 14.03.2024 से 18.06.2024 तक प्रभावी होगा ।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची ।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम– रेशमा खातून, उम्र–36 वर्ष,रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट,
पहनावा– पीला रंग का सलवार सुट एवं पैर में चप्पल ।

उपरोक्त लापाता रेशमा खातून , उम्र–36वर्ष, पिता–मो0 मुस्ताक आलम , सा0–किशुनपुरटोला, पो0 बूटी थाना– सदर जिला– राँची जो दिनांक–28.02.2024 को 02:00 बजे से लापाता है। जिसे संबंध में सदर थाना सन्हा सं0– 02/24 दिनांक–29.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है । उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापाता महिला कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। 9431102090
थाना प्रभारी सदर राँची । 9431706106

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची ।

PR 322225 Police(23-24)D

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में मंगलवार को गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह में नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह द्वारा ÷जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह कॉलेज प्रचार्या अनुज कुमार तथा अन्य अतिथियों के रूप में आर के महिला कॉलेज प्राचार्य मधु सन्याल, प्रो विनीता कुमारी, अरुणिमा सिंह, रश्मि कुमारी, सुनील कुमार सिंह, प्रो बलभद्र सिंह, सतीश कुमार यादव, जयशंकर अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में गिरिडीह कॉलेज के विभिन्न विभागों एवं युवा मंडल के 500 से अधिक




युवाओं ने अपनी प्रतिभागिता दी। वही गिरिडीह कॉलेज प्राचार्य द्वारा अनुज कुमार द्वारा युवाओं को भारत सरकार के ÷विकसित भारत @ 2047 ÷ के लक्ष्य से अवगत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी युवाओं को हाल के वर्षों में देश में विभिन्न क्षेत्रों में हुई सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति से भी अवगत कराया गया। वही आर के महिला कॉलेज प्राचार्य मधु श्री सन्याल द्वारा युवाओं से ऐसे कार्यक्रमों का लाभ उठाते हुए उन्हें अपने नेतृत्व क्षमता में विकास करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने प्रतिभागी युवाओं को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ÷जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम÷ के माध्यम से युवाओं को ऐसे विषयों से जो कि उनके सर्वांगीण विकास को प्रभावित करते हैं, अवगत करते हुए उनकी नेतृत्व क्षमता में विकास करना है। जिला युवा अधिकारी द्वारा युवाओं को भारत सरकार के युवाओं को समर्पित नए स्वायत्त संगठन ÷मेरा युवा भारत÷ से भी अवगत कराया गया।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी०एम०पी०–1 डोरण्डा परिसर, राँची–834002
Email- jepranchi@gmail.com"समग्र शिक्षा अभियान"

झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नियुक्ति से संबंधित आपत्ति देने हेतु आवश्यक सूचना

विभागीय आदेश संख्या 3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में कार्यालय ज्ञापांक 1270 दिनांक 18.09.2023 के द्वारा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर पूर्णतः अस्थायी एवं अल्प कालीन संविदा के अधार चयन हेतु **योग्य महिला अभ्यर्थियों** से दिनांक 20.09.2023 से 30.09.2023 तक कार्यालय के वेवसाईट www.dseranchi.com पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे । कार्यालय को हार्ड कॉपी में प्राप्त आवेदन पत्र की जॉचोपरान्त आवेदक द्वारा स्वयं भरे गए डेटा एवं उनके KGBV/JBAV में शिक्षण अनुभव में कुछ परिवर्तन आवश्यकतानुसार किया गया है, जिसकी विवरणी कार्यालय के वेवसाईट www.dseranchi.com पर उलब्ध है, जहाँ आवेदक अपने User ID & Password का उपयोग करते हुए अपने डेटा का अवलोकन कर सकते है एवं ऑनलाईन अपनी आपत्ति दिनांक **15 मार्च 2024** तक दर्ज करा सकते है । ऑनलाईन प्राप्त आपत्ति का निराकरण विभागीय नियमानुसार किया जाएगा ।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची

PR 322232 (Human Resource Developement) 23-24 (D)

## संक्षिप्त खबरें

### मकान में आग लगने से बकरी की मौत, कृषि उपकरण सहित खाद्यान सामग्री नष्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मेढ़ो ग्राम निवासी स्वर्गीय ऋतु सिंह के 60 वर्षीय पुत्र खिलेश्वर सिंह के खपरैल मकान में मंगलवार को अचानक आग लग गया। जिससे घर के अंदर बंधी हुई बकरी का जलने से मौत हो गया। इसके अलावे कृषि उपकरण सहित खाद्यान सामग्री जलने की बात पीड़ित के द्वारा बताई जा रही है। इस घटना में खिलेश्वर सिंह को लगभग 50 से 60 हजार का आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। वही ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि घटना के समय घर मे कोई सदस्य नही थे। जिसे घटना का स्पष्ट कारण पता नही चल पाया है। वहीं ग्रामीणों को घटना की जानकारी होते ही आग बुझाने की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। जिसे अन्य घरेलू सामान को जलने से बचाया गया।

नजीर आलम खान ने सीएए की अधिसूचना लागू करने से केंद्र सरकार का जताया आभार

# कहा, सीएए कानून के लागू होने से अल्पसंख्यको को भारतीय नागरिकता लेने में होगी आसानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** देश मे सिटिजनशीप एमेन्डमेंट एक्ट (सीएए) नागरिकता संशोधन अधिनियम कानुन लागू किये जाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्र सरकार के प्रति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान ने आभार प्रकट किया है। उन्होने मिडिया को दिये गये बयान मे कहा कि भारतीय नागरिकता कानुन सीएए 1955 मे बदलाव के लिए विधेयक 2016 मे संसद मे पेश किया गया था,10 दिसंबर 2019 अगले ही दिन राज्यसभा से पारित के पश्चात 12 दिसंबर 2019 को महामहिम राष्ट्पति ने इसे मंजूरी दिया और सीएए कानुन बना। 11 मार्च 2014 को केंद्र की सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। श्री खान ने कहा कि उक्त कानुन के लागू होने से भारत के 03 मुस्लिम पड़ोसी देश पकिस्तान, बांग्लादेश, और अफगानिस्तान से आये गैर मुस्लिम प्रवासी हिन्दू, ईसाई, शिख, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के लोगो के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम असान हो जायेंगे। उन्होने कहा कि सीएए कानुन किसी ब्यक्ति को खुद नागरिकता नहीं देता, इसके जरिये पात्र व्यक्ति आवेदन करने के योग्य बनता है। प्रदेश कोषाध्यक्ष खान ने कहा कि यह कानुन ऊन लोगो पर लागू होगा जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पकिस्तान,अफगानिस्तान,और बांग्लादेश से आये थे, इनमे प्रवासियों को यह साबित करना होगा कि वे इतने दिनो से भारत मे रह चुके हैं,उन्हे यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देश से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आये हैं,वे उन भाषाओं को बोलते हैं जो संविधान की 08 वीं अनुसूची मे शामिल हैं, उन्हे नागरिक कानुन 1955 की तीसरी अनुसूची की अनिवार्यता को भी पुरा करना होगा, इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। खान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजना कोविड वैक्सीनेशन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, या प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि कई एसे योजनाओं के लाभ से भारतीय मुसलमान के जीवन स्तर मे काफी बदलाव आया है जो 2014 से पहले एसा बदलाव कभी नहीं आया, विपक्षी पार्टियो ने मुसलमानों के वोट का केवल इस्तेमाल ही किया, उक्त सीएए कानुन से भारतीय मुसलमान पूरी तरह महफुज हैं।

## करियर चयन को लेकर छात्रों का असमंजस में होना आम बात : पीडीजे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आज एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा में विधिक जागरूकता शिविर के साथ करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुजरा आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के ऊपर नाट्य मंचन किया। नारी अस्मिता को लेकर काव्य पाठ, महिला सशक्तिकरण को लेकर भाषण का आयोजन किया गया। विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुरुआत एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय के प्राचार्या अमृता मिश्रा ने किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल जो विद्यालयों में चलाए जा रहे विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अवलोकन करने के उद्देश्य उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करना हम सब का दायित्व है लेकिन विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह पाठ्य पुस्तकों में पढ़ रहे सिद्धांतों का अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज के उन दुर्गुनों को दूर करें जिससे समाज अभी भी अछूता नहीं है। बाल विवाह, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम एवं चारों ओर फैली गंदगी को लेकर पीडीजे ने उपस्थित छात्राओं एवं लोगों को आगाह किया और कहा कि स्वच्छता एवं सफाई का हम सबको ध्यान रखना है। इस मौके पर कई छात्राओं ने पीडजे के रूप में कार्य संपादन में आ रही समस्याओं एवं चुनौतियां को लेकर अपने प्रश्न रखे। साथ ही साथ बच्चों ने कानून के क्षेत्र में करियर बनाने को लेकर पीडीजे से जानकारियां प्राप्त किया। पीडीजे ने बहुत ही सहज भाव से अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को बताया छात्र जीवन में असमंजस का होना, मायूसी आना, भावनाओं पर नियंत्रण न होना,करियर को लेकर उहापोह की स्थिति का होना आम बात है। यदि आप मनोयोग से पढ़ाई पर ध्यान दें तो धीरे-धीरे सारे धूंध छंटते चले जाते हैं और जहां आपको पहुंचना है, उस जगह पर आप पहुंच जाते हैं। पीडीजे ने छात्राओं को नशापन एवं अन्य कुरीतियों से दूर रहने का अहवान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जब आप महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में जाएंगे तो कई तरह के समस्याओं से जूझना पड़ेगा। वैसी स्थिति में विचलित होने से बचें और अपना ध्यान अपने करियर के ऊपर फोकस रखें। डालसा सचिव,राजेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान ने भारतीय लोकतंत्र को गढा है। सारे विधान संविधान से ही निर्गत हैं किंतु हमें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। राज्य स्तर पर एवं देश स्तर पर कई योजनाएं-परियोजनाएं सरकार द्वारा चलाई जाती है।

## उपायुक्त ने कृषि से सबंधित विभाग के पदाधिकारीयों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज कृषि व इससे संबद्ध विभागों की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा की गई जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में भौतिक व वित्तीय प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें बीज वितरण,कृषक पाठशाला अंतर्गत किये गये निर्माण कार्य, उनका भौतिक सत्यापन, कर्मियों का मानेदय भुगतान आदि पर चर्चा की गई। आकाशी ग्राम में एग्रीमार्ट गांव का मॉडल अंतर्गत जैविक खेती, लिफ्ट इरीगेशन, जीवामृत व वर्मी कंपोस्ट तैयान करना आदि पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में आच्छादन से संबंधित प्रमाण-पत्र राज्य को भेजे जाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। ई-केवाइसी के लंबित मामले में त्रुटि सुधार कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मत्स्य विभाग की समीक्षा में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा समेकित मत्स्य पालन योजना, फीड बेस्ड फिशरीज, मत्स्य विपणन, तालाब-जलाशय निर्माण, मत्स्य प्रसाद अनुसंधान प्रशिक्षण योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। भूमि संरक्षण की समीक्षा में विभाग द्वारा संचालित योजना में लाभुकों के चयन हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा डीप बोरिंग, पर्क्युलेशन टैंक, पंपसेट वितरण, मिनी टैक्टर का वितरण आदि योजनाओं में बाकी बच गये लक्ष्य में लाभुकों का चयन एक सप्ताह के अंदर कर सत्यापन का कार्य करा लिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में सहकारिता, पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान आदि विभागों के संचालित योजनाओं व वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम,जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय राम, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर में हुई संयुक्त ग्रामसभा की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठाईटांगर प्रखण्ड के प्रमुख चेम्बर्स में संयुक्त ग्राम सभा का बैठक बिरबल बड़ाइक के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा सह झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष समर्पण सूरीन, सामाजिक सलाहकार अनूप लकड़ा उपस्थित थे। समर्पण सूरीन ने कहा कि वर्तमान समय में ग्राम सभा का अवहेलना खुलेआम किया जा रहा है, ग्राम सभा से योजनाओं का चयन किया जाना है परन्तु यह काम वर्तमान में किसी एक दो व्यक्तियों के हाथों संचालित किया जा रहा है । बस नाम मात्रा का बैठक कर योजना बनाई जा रही है जिसको ग्राम सभा कताई स्वीकार नहीं करेंगे आगे कहा कि आज हमारे गांव के जंगल में वनोपज का अपर भण्डार है परन्तु हम नहीं जानते कि वनोपज का संग्रह, विपणन कैसे और कहां करें, इसके बारे में प्रत्येक ग्राम सभा को जानकारी और उनके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है साथ ही कहा कि जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों ने विरासत के रूप में दे कर गए हैं। जिसे हम सभी लोगों को सहेज कर रखना होगा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए बड़ी आंदोलन के बदौलत ही हमें सुरक्षित रूप से मिली है। इसलिए सजग रहने की जरूरत है जरूरत पड़ी तो आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। अनुप लकड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिला में वन अधिकार कानून 2006 के तहत लंबित सामुदायिक दावों का निष्पादन अभी तक नहीं करना विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही/ निष्क्रियता को दर्शाता है जबकि सरकार ने इन्हें त्वारित निष्पादन हेतु आदेश जारी किया था। संबंधित विभागीय पदाधिकारी का यह गतिविधियों से यह संदेह होता है कि सिमडेगा के विभिन्न ग्राम सभाओं को उनके हक और अधिकार से वंचित करना और वन अधिकार पट्टा से वंचित करने की मनसा है इनके इस रवैया को देखते हुए जिला ग्राम सभा मंच अब प्रत्येक प्रखंडों में प्रखण्ड स्तरीय ग्राम सभा मंच गठन कर ग्राम सभा को सशक्त करेगी। उक्त विषय पर चर्चा के उपरांत प्रखण्ड स्तरीय ग्राम सभा मंच ठेठाईटांगर का गठन निम्न प्रकार किया गया।

## अवैध बालू लोडेड दो ट्रैक्टर को सेन्हा पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बा टोली के समीप अहले सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर को प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के अंगरक्षक चालक एवं थाना के पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। जिस पर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। विदित हो कि डांडू मादा कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन का मामला संज्ञान में आते ही पुलिस द्वारा अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाया गया। जिसके तहत दो ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि सूचना सत्यापन के दौरान अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। जिसे खनन अधिनियम के तहत जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध विभागीय कारवाई किया जाएगा। लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध करोवारी धड़ल्ले से जारी है। जिस पर लगतार कारवाई के बाबजूद बालू माफिया हावी हैं जो जिला व प्रखंड प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के अन्तर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में जोनल स्कील मैनेजर मोहमद इमरान ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जानकारी देते हुए बताया की झारखण्ड सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से कौशल विकास योजना के अन्तर्गत रोजगार सृजन के लिये लड़कों को ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवपलमेंट, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, फितर फेब्रिकेशन सहित अन्य तकनीकी का लालगंज खेलगाँव राँची में प्रशिक्षण दिया जायेगा वही लड़कियों को ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनिंग, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवलपमेंट, स्विंग मशीन ऑपरेटर सहित अन्य कोर्स का टाटीसिलवे इंडस्ट्रीज एरिया में प्रशिक्षण कराया जायेगा। साथ ही बताया कि बालक बालिकाओं को 3 माह का निःशुल्क प्रशिक्षण कराने के उपरान्त राज्य में देश मे कही भी रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे लोग रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं से अनुरोध करते हुए कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के लिये प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे रजनी देवी, सीता देवी, लक्ष्मी उराँव, शालो कुमारी, निर्मला उराँव, उषा उराँव, पूनम तिर्की, राजमुनी उराँव, सालमेन खेस, अनवरी बेगम, मरियम देवी, महामनी उराँव सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

## बच्चों की अश्लील फिल्में देखने वालों पर होगी 24 घंटे पैनी नजर : चंद्रपति यदव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** घर के एकांत में भी बच्चों की अश्लील फिल्में डाउनलोड करने और देखने को आप निजता का मामला बता कर इस अपराध से बच नहीं सकते, क्योंकि जिला पुलिस और विभिन्न केंद्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां आप पर निगरानी रख रही हैं। बच्चों की अश्लील फिल्में देखने और अश्लील सामग्रियां डाउनलोड करने को अपराध नहीं ठहराने के मद्रास हाई कोर्ट के फैसले की समीक्षा के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से यह सख्त संदेश गया है कि बाल पोर्न देखने पर आप निजता का हवाला देकर नहीं बच सकते। शीर्ष अदालत का यह फैसला उन सभी लोगों के लिए चेतावनी है जो सोचते हैं कि अकेले में बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्रियां देखना अपराध नहीं है। बाल पोर्नोग्राफी पर मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को 'भद्दा और बेतुका' बताते हुए तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने यह आदेश गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की याचिका पर दिया जिसने, मद्रास हाई कोर्ट के हालिया फैसले को चुनौती दी थी। आदेश का स्वागत करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के गठबंधन सहयोगी गैरसरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान (LGSS) के सचिव श्री चंद्रपति यादव ने कहा यह एक महत्वपूर्ण दिन है जो यह दिखाता है कि कोई व्यक्ति कहीं अकेले में भी बाल पोर्न देख रहा है तो वह जिला,राज्य और केंद्र सहित पूरी दुनिया की तमाम एजेंसियों की नजर और निगरानी में है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जो तात्कालिकता और गंभीरता दिखाई है, वह बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई में एक अहम कदम है।

## शिक्षित महिलाएं पूरे देश में पुरुष की बराबरी कर कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है : सुगू देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को एकल नारी सशक्ति संगठन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला माह के अवसर पर प्रखंड स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम लोहरदगा समाहरणालय मैदान में मनाया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई एकल नारी सशक्ति संगठन की क्षेत्रिय संगठिता सुहागनी डुडु ने की। अन्तर्राष्ट्रीय महिला माह के अवसर पर प्रखंड स्तरीय संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 6 की वार्ड पर्षद सुगू देवी के कर कमलों द्वारा किया गया। हमारे भारत देश के पूरे राज्य भर में अहिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाएं व नारी के मान-सम्मान के लिए अपनी आवाज को बुलंद करने वाली, समाज में जागरूकता लाने वाली महान वीरांगना नारियों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके शुरुआत की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं अपनी पारम्परिक झारखण्डी नागपुरी संगीत व नृत्य करके पूरे हर्षो उल्लास के साथ मनायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वार्ड पर्षद सुगू देवी ने कहा कि एकल नारी शक्ति संगठन एकल महिलाओं के लिए एक मंच है विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्त, लापता पति और अविवाहित महिलाओं के लिए उनकी जागरूकता बढ़ाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना,अन्याय के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ना और अपने अधिकारों की मांग करना है। उन्होंने ने कहा कि महिलाओं में साहस,जागरूकता धीरे धीरे विकास कार्य विकसित होते जा रहा है आज महिलाएं शिक्षित होगी तभी पूरे देश भर में भ्रष्टाचार खत्म होगा।?आज शिक्षित महिलाएं पूरे देश में पुरुष की बराबरी कर कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। महिलाएं अपनी समस्याओं को सही ढंग से बताना सीख रही हैं। मौके पर एकल नारी सशक्ति संगठन की क्षेत्रिय संगठिता सुहागनी डुडु ने बताया कि महिला सशक्तिकरण यानी महिलाओं की आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना। भारत में महिलाएं शिक्षा, राजनीति, मीडिया, कला व संस्कृति, सेवा क्षेत्रों, विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में भागीदारी करती हैं।

## समाज से कुरीतियों को दूर कर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य : जगसेनी दास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु कदमटोली ग्राम में समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर गुमला के तत्वाधान में कदमटोली निवासी बिशु उरांव की पुत्री चन्द्रमुनी कुमारी को संस्था के पंचायत समन्वयक जगसेनी दास के माध्यम से इस बच्ची की शादी के बारे में जानकारी मिलने पर समृद्ध कन्या वेलफेयर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव द्वारा चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान किया गया। वही समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के अलौदी पंचायत समन्वयक ने कहा कि बेरोजगारी हमारे देश की एक गंभीर समस्या है। और बेरोजगारी के कारण ही आज युवा लोग भटक कर गलत कदम उठा रहे हैं। जिसे संस्था द्वारा रोकना एक उद्देश्य है। खास कर बालिकाओं को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और रोजगार के मध्य से आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। जिसे माता पिता बच्चियों का कम उम्र में शादी न करें और बाल विवाह तथा प्रेम विवाह जैसे कुरीतियों से बचे साथ ही कहा की डायन बिसाही जैसे कुरूतियों को भी समाज से भगाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। मौक पर संस्था के सचिव सुरेंद्र उराँव समन्वयक जगसेनी दास, बिशु उराँव, चन्द्रमुनी कुमारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय ने लावा पानी जलप्रपात के मनोरम दृश्य का उठाया आनंद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राओ को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लावा पानी जलप्रपात ले जाया गया। वहां छात्र-छात्राओं ने लावा पानी के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। छात्र-छात्राओं को वहां के इतिहास के बारे में बतलाया गया और ये भी बताया गया कि क्यों उसका नाम लावा पानी रखा गया है। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लावा पानी जलप्रपात की मुख्य विशेषता है कि यहां का पानी जब पत्थर पर गिरता है तो वह पूरा लावा के समान दिखता है। यह दृश्य देखने में बहुत ही मनोरम था। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 45 छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में डीआरएम अनिल कुमार मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

## कहा, वंदे भारत नई ट्रेन को लोहरदगा टोरी होकर 3 दिन चलने से इस क्षेत्र का होगा चौमुखी विकास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा के लोहरदगा रेलवे स्टेशन में कार्य हो रहे कामों की कार्य प्रगति देखने हेतु विशेष ट्रेन से लोहरदगा स्टेशन पहुंचे। जहां लोहरदगा भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह,माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन,बार एसोसिएशन के देवाशीष कार ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। तथा सर्वप्रथम रांची से वाराणसी वंदे भारत नई ट्रेन को लोहरदगा टोरी होकर 3 दिन चलने से लोहरदगा गुमला सिमडेगा तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। तथा लोहरदगा में विकास की संभावनाएं बढ़ने की बात बताई। साथ ही दिल्ली गरीब रथ, आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्स, जम्मू तवी एक्स,रांची अजमेर शरीफ गरीब नवाज एक्स, बरकाकाना पटना पलामू को वाया लोहरदगा टोरी 2 दिन चलाने, हावड़ा अहमदाबाद एक्स का टोरी में स्टॉपेज, टोरी में रेलवे फाटक में ब्रिज, लोहरदगा में बॉक्साइट डंपिंग यार्ड हटने वाली है इस स्थान पर रेलवे यार्ड बने ताकि हटिया का भार कम हो तथा वहां से छूटने वाली ट्रेन लोहरदगा से छूटे, रांची से टोरी वाया लोहरदगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण की मांग की गई। साथ ही साथ लोहरदगा स्टेशन में एक और फुट ओवर ब्रिज, दो लिफ्ट, प्लेटफार्म नंबर एक और दो में हो रहे धीमी गति कार्य पर गति लाने, रिटायरिंग रूम, कैंटीन, भीआईपी रूम आदि विषयों पर भी बात की। जिस पर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने पुरी गंभीरता से सारी बातों को सुना और कहा कि लोहरदगा का भविष्य बहुत अच्छा है, उत्तर भारत जाने हेतु समय की बचत होती है, वंदे भारत ट्रेन हेतु आपकी बात को रेल मंत्रालय भारत सरकार के पास अवश्य पहुंचा दिया जाएगा और जल्द ही आपको शुभ समाचार भी सुनने को मिलेगा। साथ ही साथ अन्य ट्रेनों को भी चलाने की दिशा में कार्य निश्चित रूप से होगा तथा लोहरदगा में हो रहे कार्यों में भी गति लाई जाएगी।

ऐतिहासिक रामरेखा धाम के विकास के लिए हुई राशि स्वीकृत

## भाजपा कार्यकर्ताओं सहित तमाम राम भक्तों ने प्रधानमंत्री नरेंद मोदी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जताया आभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जनजातिय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा जी के पहल एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से पर्यटन विभाग भारत सरकार द्वारा प्रसिद्ध ऐतिहासिक रामरेखा धाम के लिए 25 करोड रुपए की प्रथम फेज में राशि स्वीकृत हुई है, जिसका शिलान्यास माननीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा शीघ्र किया जाएगा। ऐतिहासिक रामरेखा धाम के विकास के लिए राशि स्वीकृत होने पर धाम से जुड़े हुए साधु संत पदाधिकारी राम भक्त एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है। खुसी जाहिर करने वालों में रामरेखा धाम के कार्यकारी अध्यक्ष अमरनाथ बामलिया सचिव ओमप्रकाश साहू दुर्गविजय सिंहदेव भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा धाम से जुड़े कौशल राज सिंह देव विनय लाल तपेश्वर प्रसाद पवन मित्तल कृष्ण शर्मा लक्ष्मीकांत प्रसाद रणधीर प्रसाद सुरेंद्र प्रसाद ईश्वर साहू राधेश्याम प्रसाद एवं भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा सोनी पैंकरा संजय ठाकुर दीपक पुरी अनूप प्रसाद भोला साहू उपेंद्र श्रीवास्तव सतीश पांडे मनोज साय प्रणव कुमार संजय शर्मा रवि गुप्ता तुलसी साहू राकेश रविकांत कृष्ण ठाकुर श्रीलाल साहू रामविलास बड़ाईक नरेंद्र बड़ाईक नवीन सिंह डॉ महेंद्र भगत मुकेश श्रीवास्तव दीप नारायण दास कृष्णा बड़ाईक सावित्री देवी अजय सिंह महेश साहू बसंत मांझी हीरा राम पिंकी प्रसाद नंदिनी दास हंसा देवी कमला प्रसाद शकुंतला देवी सत्यनारायण प्रसाद नीरज बड़ाईक गोपाल केशरी कृष्णकांत सिंह मानकीलाल मनिंदर बिंझिया देवकीनंदन साय घनश्याम सिंह सुरजन बड़ाईक तपेश्वर साहू मोतीलाल ओहदार विजय महतो प्रदीप जायसवाल सुरजन प्रधान अशोक इंदवार कामेश्वर सिंह ओमिन सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## जलडेगा थाना परिसर में होली पर्व एवं रमजान को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा थाना परिसर में होली पर्व एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, बैठक में सीओ मधुश्री मिश्रा ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजिक कार्यकर्ताओं को होली का पर्व पर बधाई देते हुए शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जबरजस्ती रंग का छिड़काव न करें तथा रमजान महीने को लेकर मुस्लिम भाईयों को बधाई देते हुए शांति पुर्ण तरीके से इबादत करने एवं त्यौहार मनाने को कहा गया, इस दौरान थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान शराब का सेवन से बचें तथा किसी प्रकार की घटना पर तत्काल थाना को सुचित करें।

## चलते चलते एक नजर

### आदिवासी, मूलवासी और खतियान नीति की विरोधी है हेमंत सरकार पार्ट-2 : प्रतुल शाहदेव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी, मूलवासी, एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है। प्रतुल ने कहा कि यदि झामुमो पिछड़ों के आरक्षण के लिए गंभीर थी तो उसने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों के आरक्षण के क्यों करवा लिया? वह तो नगर निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए करने जा रही थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के फटकार के बाद ये रुका। प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने सवा चार वर्षों के बाद भी पिछड़ों की आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए ट्रिपल टेस्ट की शुरुआत तक नहीं की। यही इनकी असलियत को दर्शाता है। प्रतुल ने कहा कि ये सरकार सवा चार वर्षों से शासन कर रही है लेकिन 1932 उनके लिए एक चुनावी झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं रहा है। प्रतुल ने कहा कि 1932 के खतियान को यह सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी कर सकते थे लेकिन इन्होंने विधानसभा भेज कर लटकाने का काम किया। हाल में ली गई जूनियर इंजीनियर की परीक्षाओं में 70 प्रतिशत झारखंड से बाहर के उम्मीदवारों की इसी हेमंत सोरेन पार्ट-2 सरकार के कार्यकाल में नियुक्ति हुई। यही इनका स्थानीयता प्रेम को एक्सपोज करता है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा दर्जनों बार अपना स्टैंड क्लियर कर चुकी है कि वह हजारों वर्षों से अपनी मूल परंपरा को जीवित रखने वाले आदिवासियों को हक देने के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का साथ देगी लेकिन जिस सरकार को आर्च बिशप ने क्रिसमस गिफ्ट बताया था, उनसे यहां के अपनी परंपरा को हजारों वर्षों से जीवित रखने वाले आदिवासियों के हित में कुछ अपेक्षा नहीं हो सकती। प्रतुल ने कहा कि आज तो झामुमो का कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। कांग्रेस के एक प्रमुख नेता बाबा कार्तिक उरांव जी ने तो लोक सभा में प्राइवेट मेंबर्स बिल (अनुसूचित जाति जनजाति आदेश संशोधन विधेयक 1967) लाकर धर्म बदलने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को आरक्षण से बाहर करने का प्रस्ताव किया था। इस मुद्दे पर संसद की संयुक्त समिति के सकारात्मक टिप्पणी के बावजूद इस विधेयक का विरोध करने के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने व्हिप तक जारी किया था। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का एससी समुदाय विरोधी नजरिया इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पिछले दो वर्षों से इस सरकार के कैबिनेट में एक भी एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला मंत्री मौजूद नहीं है।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के 80 जिला स्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में मंगलवार से नौवीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। सीबीएससी से मान्यता प्राप्त इन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में पहली बार सीबीएससी के मानकों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा ली जा रही है। परीक्षाएं 22 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा परिणामों का प्रकाशन और रिपोर्ट कार्ड का वितरण 30 मार्च तक कर दिया जाएगा। इसके बाद एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जाएगा।

# 480 करोड़ मूल्य के ड्रग्स के साथ 6 पाक नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी

**पोरबंदर :** पोरबंदर से करीब 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में एक नौका से 480 करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा गया है। गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस), कोस्टगार्ड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की संयुक्त कार्रवाई में नौका में सवार 6 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा गया है। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 480 करोड़ रुपये बताई गई है। एटीएस के पुलिस अधीक्षक सुनील जोशी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पोरबंदर के



समीप अरब सागर में ड्रग्स पाकिस्तान से हाजी मुस्तुफा ने भेजा था। यह जत्था पोरबंदर से दिल्ली या पंजाब भेजा जाना था। ड्रग्स समुद्र मार्ग से पोरबंदर या जखौ बंदरगाह पर उतारा जाना था। इसके बाद इसे सड़क मार्ग से भेजा जाता। बोट से ड्रग्स के 60 पैकेट मिले हैं। इसकी कीमत करीब 480 करोड़ रुपये बताई गई। एटीएस के अनुसार यह ड्रग्स अफगानिस्तान में तैयार होता है। इसके बाद इसे पाकिस्तान के रास्ते गुजरात के समुद्र मार्ग से भारत लाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार कोस्ट गार्ड को गुप्त सूचना मिली थी कि समुद्र के रास्ते देश में ड्रग्स लाया जा रहा है। इसके आधार पर कोस्टगार्ड ने अरब सागर में चक्रव्यूह तैयार कर संदिग्ध नौका पर निगरानी शुरू की। इसके अलावा कोस्ट गार्ड ने डोर्नियर एयरक्राफ्ट ने संदिग्ध क्षेत्र में बोटों का स्कैन करना शुरू किया। कोस्टगार्ड के प्रयासों से संदिग्ध बोट की पहचान कर कार्रवाई शुरू की गई। इसके बाद बोट को कब्जे में लेकर सभी सवारों को हिरासत में ले लिया गया।

## मुख्यमंत्री से रश्मि ग्रुप के अध्यक्ष एसके पटवारी ने की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में रश्मि ग्रुप, कोलकाता के अध्यक्ष एसके पटवारी ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री को उन्होंने रश्मि ग्रुप, कोलकाता द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया तथा राज्य में स्टील तथा कोल माइंस के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा जताई।

## संत मरियम के बच्चों को सुधा झा ने दी टेंशन से दूर रहने का मंत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम छात्रावास परिसर में मंगलवार को झारखंड, बिहार व पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ महिला प्रभारी सुधा झा ने बच्चों के तनाव मुक्त शिक्षा ग्रहण करने व बेहतर परीक्षा फल लाने के लिए कई टिप्स टेक्निक बताएं, वहीं योग करने के कई लाभ भी उन्होंने बच्चों को बताया। सुधा झा ने अपनी सुरीली आवाज से बच्चों के समक्ष भजन भी प्रस्तुत किया जिससे बच्चे काफी आनंदित नजर आए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने वरिष्ठ महिला प्रभारी सुधा झा को आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब भी अलग-अलग प्रांत के नए चेहरे इस विद्यालय के बच्चों से रूबरू होते हैं तो बच्चे काफी उत्तेजित नजर आते हैं और वह उनकी बातें को गंभीरता से सुनने का प्रयास करते हैं और साथ ही वह बताए हुए चीजों को अपने जीवन में अपनाकर निरंतर प्रयास से वह अपने आप को बेहतर बना पाते हैं, और विद्यालय का हमेशा यही प्रयास भी रहता है कि बच्चे विद्यालय में सिर्फ शिक्षा ही ग्रहण ना करें बल्कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व संस्कृति को भी ग्रहण करें। ताकि बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण आने के साथ-साथ जीवन के भी हर इम्तिहान में भी उत्तीर्ण आ सके। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, योग प्रशिक्षक राजीव शरण जी, पत्रकारगण, संगीत शिक्षक श्याम सर समस्त शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

## नन्दलाल प्रसाद बने लायंस क्लब गढ़वा विशाल के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के नये सत्र के अध्यक्ष के रुप में नंदलाल प्रसाद का चयन किया गया है। साथ ही सचिव के रुप में गिरिश कुमार चयनित किए गए हैं। नये सत्र के पदाधिकारियों का कार्यकाल एक जुलाई से प्रारंभ होगा। उक्त जानकारी सोमवार को लायन शौकत खान ने दी। उन्होने बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर एक अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में रखीं गई। गत बैठक में चुनाव नोमिनेशन कमिटी का गठन किया गया था। आज की बैठक में नोमिनेशन कमिटी द्वारा नये सत्र 2024-25 के लिए नये पदाधिकारियों का चयन कर सूचि




समर्पित की गयी। सूचि के अनुसार अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद, प्रथम उपाध्यक्ष सुशील केसरी, द्वितीय उपाध्यक्ष दीपक विश्वास, सचिव गिरिश कुमार, उप सचिव डॉ अरसद अंसारी, कोषाध्यक्ष डॉ यून बरनवाल, उप कोषाध्यक्ष वेंकटेश्वर नारायण, पीआरओ शौकत ख़ान, लिडर चेयरपर्सन डॉ आरएनएस दिवाकर, मेम्बरशिप चेयरपर्सन रघुवीर प्रसाद कश्यप, क्लब कोर्डिनेटर देवानंद शर्मा, क्लब एडमिनिसटर एमजेएफ डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, क्लब विस्तार, क्लब सर्विस चेयरपर्सन सफदर अली खान, टेल ट्विस्टर डॉ एसके विश्वकर्मा, लायन टेमर डॉ मुनन्जिर अहसान, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में डॉ मोहम्मद यासीन अंसारी, सतिश प्रसाद गुप्ता, अर्जुन विश्वकर्मा, ओमप्रकाश कांस्यकार, डॉ कमलेश कुमार चुनें गये।

## देश के सात राज्यों के आठ शहरों में झारखंड के मजदूरों की मदद करेगा प्रवासन सहायता केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के कुशल मजदूरों को अपने राज्य से बाहर काम करने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। राज्य सरकार ने ऐसे प्रवासी युवक युवतियों के लिए देश के सात राज्यों में स्थित आठ शहरों में प्रवासन सहायता केंद्र खोला है। रांची के रेडिसन ब्लू होटल में मंगलवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता और श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा इसकी शुरुआत की। श्रम विभाग के द्वारा खोले गए प्रवासन सहायता केंद्र में झारखंड से रोजगार के लिए दूसरे राज्य जाने वाले कुशल श्रमिकों को एक महीने तक मुफ्त में रहने के अलावा भोजन मिलेगा। इस प्रवासन सहायता केंद्र में स्थानीय स्तर पर होने वाली परेशानी और समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि लेह लद्दाख जैसे क्षेत्र में भी जल्द सरकार प्रवासन सहायता केंद्र खोलने जा रही है। इन जगहों पर



बड़ी संख्या में झारखंड के मजदूर काम की तलाश में जाते हैं। इन केंद्रों से मजदूरों का काफी सहायता मिल सकेगी। इस प्रवासन केंद्र के जरिए सरकार को झारखंड के श्रमिकों की विस्तृत जानकारी भी मिलेगी और उन्हें परदेश में सहायता भी मिलेगी। एक प्रवासन सहायता केंद्र में करीब 100 बेड उपलब्ध होंगे, जहां अपने माता-पिता के साथ जाने वाले श्रमिकों को ठहरने की सुविधा होगी। मौके पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा ने कहा कि झारखंड सरकार ने प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए एक और नया कदम उठाया है। इसके तहत जब काम को लेकर कोई भी विभिन्न जगहों में प्रवास करता है तो वहां किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए इन केंद्रों को खोला गया है, जिसमें एक माह तक रहने और खाने की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। ये केंद्र काउंसलिंग सेंटर की तरह भी काम करेगा। इसके साथ झारखंड के लोगों के लिए लोकल गर्डियन की भांति रहेगा। श्रम विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि झारखंड से जो लोग बाहर रोजगार के लिए जाते हैं उनके लिए एक सपोर्ट सेंटर डेवलप किया गया है। माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की कोशिश दूर प्रदेश में घर जैसा माहौल देने की है। वहां कॉमन रूम से लेकर एलईडी रूम तक की सुविधा है। पुरुष और महिला को अकोमोडेट करने का प्रयास भी किया गया है। झारखंड सरकार ने एक साथ देश के सात राज्यों के जिन आठ शहरों में प्रवासन सहायता केंद्र खोले गए हैं, उनमें नई दिल्ली, नीमराना (राजस्थान), अहमदाबाद (गुजरात), पुणे (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), बंगलुरू (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), तिरुप्पुर (तमिलनाडु) शामिल हैं। इन प्रवासन सहायता केंद्र का संचालन स्थानीय एनजीओ के माध्यम से राज्य सरकार करेगी।

### जमीन घोटाला मामले के आरोपित दिलीप घोष की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची :** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री मामले में आरोपित कोलकाता के कारोबारी जगतबंधु टी इस्टेट के निदेशक दिलीप घोष की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन को अदालत ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने 27 फरवरी को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने मंगलवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। आरोपित ने मामले में पुलिस पेपर मिलने के बाद डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। दिलीप घोष जेल जाने के बाद वर्तमान में हाईकोर्ट से 28 नवम्बर 2023 से जमानत पर है। दिलीप घोष ने 12 जनवरी को याचिका दाखिल की है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल, भानु प्रताप प्रसाद भी आरोपित है।

## तीन श्रमिकों की मलबे में दबकर मौत

एजेंसी

**महोबा :** पत्थर उद्योग नगरी कबरई में पहाड़ का एक हिस्सा भरभरा कर गिरने से खदान में काम कर रहे तीन श्रमिकों की दबकर मौत हो गई जबकि आधा दर्जन श्रमिक मलबे में दब गए। हादसा के बाद पहाड़ों में काम कर रहे श्रमिकों में हड़कंप मच गया। श्रमिकों ने हंगामा काटा । पुलिस की मौजूदगी में रेस्क्यू का काम शुरू हो गया। और एक के बाद एक तीन शवों को निकाला गया जबकि मलबे में दबे आधा दर्जन श्रमिकों को निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। मंगलवार को पहरा स्थित पहाड़ में श्रमिक सफाई कर रहे थे तभी एकाएक पहाड़ का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया। सफाई में लगा एलएनटी चालक 25 वर्षीय धीरु



सिंह पुत्र रामविशाल एनएनटी सहित मलबे में दब गया जिसे आनन-फानन में मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके साथ मलबे से निकाले गए 38 वर्षीय राम मिलन पुत्र सीताराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एक साथ तीन मौतों से गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हंगामा काटकर सुरक्षा नियमों को ताक में रखकर खनन का काम कराने के आरोप लगाए है। रेस्क्यू में प्रेमचंद्र कुशवाहा पुत्र रामरतन निवासी ज्योराहा जुझार नगर मप्र, राम फल पुत्र चुन्नू अहिरवार निवासी पहरा के शव निकाले गए जबकि कुलदीप पुत्र संतराम निवासी नहदौरा के मलबा में दबे होने की आशंका के चलते प्रशासन के द्वारा रेस्क्यू किया जा रहा है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।

## केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने अरुणाचल प्रदेश की आठ योजनाओं को दी स्वीकृति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-913 पर 265.49 किमी के आठ पैकेजों के निर्माण के लिए 6621.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसे फ्रंटियर हाईवे के रूप में नामित किया गया है, जो इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड का उपयोग करके इंटरमीडिएट लेन कॉन्फ़िगरेशन में परिवर्तित हो रहा है। यह व्यापक परियोजना कुल 265.49 किमी की लंबी है।केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने मंगलवार को यह जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-913 पर 265.49 किमी के आठ पैकेजों के निर्माण के लिए 6621.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति किए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत पैकेज एक, तीन और पांच में हुरी-तालिहा खंड शामिल हैं, पैकेज दो में बाइले-मिगिंग अनुभाग को समाहित किया गया हैं, पैकेज दो और चार में खरसांग-मियाओ-गांधीग्राम-विजयनगर खंड और पैकेज एक बोमडिला-नाफ्रा-लाडा खंड पर केंद्रित है।उन्होंने कहा कि इन राजमार्गों के विकास से सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में बढ़ोतरी होगी। फ्रंटियर राजमार्ग के निर्माण से सीमावर्ती क्षेत्रों में पलायन रुकेगा और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर रिवर्स माइग्रेशन की सुविधा मिलने की आशा है।इसके अतिरिक्त, यह खंड महत्वपूर्ण नदी घाटियों को जोड़ने वाले आवश्यक सड़क बुनियादी ढांचे की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे राज्य के भीतर कई हाइड्रोपॉवर परियोजनाओं के विकास को सक्षम किया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रमुख ग्रीनफील्ड सड़क ऊपरी अरुणाचल के कम आबादी वाले क्षेत्रों को जोड़ने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो इसे पर्यटन के लिए अनुकूल बनाती है और भविष्य में बढ़ती पर्यटन गतिविधियों के कारण यातायात में पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद करती है।

### भारत अनाथों का देश नहीं है कि जो कोई भी आए और यहां बस जाए राज्यपाल

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने केंद्र सरकार द्वारा देश में लागू सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) पर कहा कि भारत अनाथों का देश नहीं है कि जो कोई भी आए और यहां बस जाए। उन्होंने कहा कि जब कोई भी कानून आता है तो सवाल तो उठते हैं लेकिन इन सबसे अलग हमें इसके पीछे का मकसद को भी समझना होगा। राज्यपाल मंगलवार को रांची बनारस वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन समारोह पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि सीएए को लागू करने का मकसद देश में गैरकानूनी माइग्रेशन को रोकना है। भारत पहले से ही 140 करोड़ की आबादी वाला देश है। इसलिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं वह यहां पर अवैध रूप से रहने वाले लोगों के लिए ही उठाया जा रहा है। झारखंड के संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि डेमोग्राफिक चेंज को देखते हुए ही इसे लागू किया गया है।

## किसान आंदोलन के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** किसान आंदोलन के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को किसान आंदोलन के मामले पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट जाने को कहा है. अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को पता होना चाहिए कि हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है. जब हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश भी जारी कर दिए तो आप सुप्रीम कोर्ट में समानांतर कार्रवाई क्यों चाहते हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह जैसे ही इस मामले में दखल देगा तो हाईकोर्ट अपने हाथ खड़े कर लेगा तो इससे किसका उद्देश्य पूरा होगा.सर्वोच्च अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता चंडीगढ़ से कुछ दूरी पर है इसीलिए वह हाईकोर्ट जाकर अपनी बात रख सकते हैं. अदालत की इस टिप्पणी के बाद



याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली. सुप्रीम कोर्ट में दायर अर्जी में पूर्व विधायक डॉ नंदकिशोर गर्ग ने कहा कि किसान कोर्ट के पहले के आदेश के मुताबिक अपनी मांगें मनवाने के लिए सार्वजनिक स्थान और हाईवे को जाम करना छोड़ दें. याचिकाकर्ता ने कहा कि कोर्ट सरकार और प्रशासन से कहे कि दिल्ली हरियाणा बॉर्डर, पंजाब, राजस्थान, यूपी में आंदोलनकारियों को सड़क से हटाया जाए, क्योंकि उनके ऐसे प्रदर्शन से आम जनता को दिक्कत हो रही है, इसीलिए उनको सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से रोका जाए. याचिकाकर्ता के वकील शशांक देव सुधि ने कहा कि अदालत सरकार को निर्देश दे कि वो कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव उपाय करे.याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा कि किसान हाइवे पर ट्रैक्टर चलाने पर लगी रोक का सख्ती से पालन करें, क्योंकि ट्रैक्टर सिर्फ खेती और कृषि कार्य के लिए है ना कि प्रदर्शन के लिए. साथ ही कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि वह सरकारों को आदेश दे कि वो भविष्य में इस तरह सार्वजनिक स्थानों पर धरना- प्रदर्शन रोकने के लिए विस्तृत नियम और गाइडलाइन तैयार करे.